वाराणसी, मंगलवार 4 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 5, वर्ष 14, अंक 27, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : कांग्रेस पवक्ता ने रोहित को बताया मोटा, कप्तानी पर भी उठाये सवाल

अंदर : राजनीति में बुद्धिमान नहीं 'वफादार ' होना जरूरी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

विधायकों के फोन नहीं उठा रहे अफसर

उत्तर प्रदेश शासन ने ऐसे अधिकारियों पर दिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

निर्देश

कॉल आने पर प्राथमिकता के आधार पर अनुपलब्ध होने का मैसेज भेजें और यथाशीघ्र कॉल बैक करें

लखनऊ । मुख्य सचिव के सख्त निर्देश के बावजूद जिलों में अफसर विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्हें कॉल बैक भी नहीं करते हैं। शासन द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए ऐसा आचरण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह द्वारा सभी अपर मुख्य सचिव, डीजीपी, मंडलायुक्त एवं डीएम को जारी शासनादेश में कहा गया है कि सांसदों एवं विधायकों के प्रति शिष्टाचार, प्रोटोकॉल एवं सौजन्य प्रदर्शन को लेकर विगत वर्षों में कई शासनादेश जारी किए जा चुके हैं। जिनके अनुपालन के लिए मुख्य सचिव द्वारा बीते दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्देशित भी किया गया था। इसके बावजूद शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में विभिन्न अधिकारियों द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के फोन नहीं उठाए जा रहे हैं और ना ही कॉल बैक की जाती है। सदस्यों द्वारा यह मामला सदन एवं संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकों में उठाए जाने से शासन के सामने असहज स्थिति उत्पन्न होती है, जो खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सदस्यों के फोन नंबर को अधिकारी अपने फोन पर सेव

कर लें। कॉल आने पर उसे रिसीव करेंगे। बैठक में होने पर वह कॉल आने पर प्राथमिकता के आधार पर अनुपलब्ध होने का मैसेज भेजेंगे और यथाशीघ्र कॉल बैक करेंगे। सदस्यों द्वारा बताए प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर अवगत कराएंगे। इसमें शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवही की जाएगी। उन्होंने इन निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा है।

भगदड़ की घटना को ज्यादा उजागर नहीं किया

योगी ने बताया

मौनी अमावस्या पर अफरा-तफरी से स्थिति और खराब हो सकती थी

लखनऊ। महाकुंभ 2025 के समापन के पांच दिन बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में 29 जनवरी को हुई भगदड़ के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित कार्रवाई की, जिससे पीड़ितों को चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हुई और व्यापक स्तर पर अफरा-तफरी फैलने से रोका गया। आईआईएम के अधिकारियों और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, हमने इस घटना को अत्यधिक उजागर नहीं होने दिया, क्योंकि उस समय प्रयागराज और कुंभ मेला क्षेत्र में आठ करोड़ श्रद्धालु और संत मौजूद थे, तथा अफरा-तफरी से स्थिति और खराब हो सकती थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के अलावा, 13 अखाड़ों के संतों को भी उस सुबह अमृत स्नान करना था। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों में अक्सर दो बड़ी चुनौतियां सामने आती हैं- संतों के बीच स्नान का क्रम तय करना, जिससे ऐतिहासिक रूप से विवाद होते रहे हैं, और यह सुनिश्चित करना कि अनुष्ठान सुबह चार बजे निर्धारित समय पर सुचारू रूप से हो। भगदड़ की इस घटना के बावजूद, सभी अखाड़ों स्नान के लिए तैयार थे, लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम को स्थगित करने के लिए हस्तक्षेप किया।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से उनसे स्थिति को संभालने के लिए अनुष्ठान को स्थगित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने भीड़ पर कड़ी निगरानी रखी, दोपहर तक संगम क्षेत्र को खाली करा लिया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि स्नान दोपहर 2.30 बजे तक फिर से शुरू हो जाए। मुख्यमंत्री ने प्रभावी संकट प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ह्रकठिन परिस्थितियों में कई लोग घबरा जाते हैं और हार मान लेते हैं, लेकिन हमें धैर्य और नियंत्रण के साथ दृढ़ निर्णय लेने की शक्ति विकसित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आयोजन के दौरान भक्तों, संतों और प्रशासनिक अधिकारियों सहित तमाम लोगों के बीच समन्वय पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत शुरू की।

एफआईआर का आदेश रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंचीं बुच

सुनवाई आज

नई दिल्ली। पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और पांच अन्य ने कथित शेयर बाजार घोखाधड़ी के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए बंबई हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बॉम्बे हाईकोर्ट पूर्व सेबी प्रमुख व अन्य की ओर से दाखिल याचिकाओं पर 4 मार्च को सुनवाई करेगा। एसीबी तब तक विशेष अदालत के आदेश पर कार्रवाई नहीं करने को कहा गया है। इससे पहले, मुंबई की एक विशेष अदालत ने एसीबी को शेयर बाजार में कथित घोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि

वह जांच की निगरानी करेगा। मामले में 30 दिनों के भीतर स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है।

यूपी में भी महिलाओं को पैसे वाली स्कीम

अखिलेश की घोषणा

इन राज्यों में भी महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2027 में 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना'लाने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस योजना के जरिए हर बालिका, युवती और नारी को सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही अखिलेश ने महिलाओं और लड़कियों को मोबाइल, प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप देने की भी बात कही है। अखिलेश यादव ने एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया। जिसमें स्त्री सम्मान समृद्धि योजना की जानकारी है। इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में सीधे आर्थिक सहायता भेजी जाएगी। इसके अलावा, महिलाओं और युवतियों को मोबाइल दिए जाएंगे, जबकि प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपनी शिक्षा और करियर में आगे बढ़ सकें।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा

देने के लिए देश की कई राज्य सरकारें विभिन्न लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं के तहत महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाया जाता है, जिससे वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें। मध्य प्रदेश में 2023 में लाडली बहन योजना शुरू की गई थी। जिसके तहत हर महीने महिलाओं को 1200 की आर्थिक सहायता दी जाती है। मध्य प्रदेश के तर्ज पर ही महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 1500 रुपये और छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने महिलाओं को 1 हजार रुपये मिलते हैं। इसके अलावा झारखंड में मईयां सम्मान योजना चलती है। जिसके तहत महिलाओं को 3 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है।दिल्ली की नई भाजपा सरकार ने भी महिला समृद्धि योजना की घोषणा की थी। भाजपा ने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने की घोषणा की थी। इसका रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू होगी। यूपी सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाती है। जिसके तहत बालिकाओं के जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक आर्थिक मदद प्रदान की जाती है, जिससे वे अपने भविष्य को संवार सकें।

झगड़े के बाद गला घोंटकर ली जान

खुली परत

हिमानी नरवाल हत्याकांड केस में एडीजी का खुलासा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या को लेकर हरियाणा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली और हत्या के आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। वहीं अब केस को पुलिस ने खुलासा किया है कि हिमानी नरवाल और आरोपी सचिन के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था और यह इतना ज्यादा बढ़ गया था, कि आरोपी ने गला घोंटकर हत्या कर दी। केस को लेकर एडीजी रोहतक कृष्ण कुमार राव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरी क्राइम स्टोरी बताई है। दरअसल, रोहतक रेंज के एडीजीपी कृष्ण कुमार राव ने कहा कि झज्जर में मोबाइल की दुकान चलाने वाले आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने वह भी बताया है कि हिमानी विजयन नगर में अकेली रहती थीं। दोनों के बीच मूलाकात सोशल मीडिया पर हुई थी और वह उसके घर भी आता जाता रहता था। एडीजी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 27 फरवरी को आरोपी सचिन, हिमानी के घर आया था, किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ और उसने मोबाइल चार्जर केबल के जरिए हिमानी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पहले हिमानी की हत्या की और फिर वह हिमानी के सारे गहने, फोन लैपटॉप झज्जर में अपनी दुकान पर ले गया था इसके बाद आरोपी ने हिमानी के शव को घर में रखे सूटकेस में भरकर सांपला बस स्टैंड के पास झाड़ियों में फेंक दिया।

ट्रक ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर, चार लोगों की मौत

यूपी में भीषण हादसा

सात अन्य घायल, ऑटो के परखचे उड़े

रायबरेली। रायबरेली में भीषण हादसा हो गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बरस गांव के पास सोमवार को ट्रक (डंपर) और ऑटोरिक्शा के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य सात गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में पहुंचाया। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि लालगंज से सवारियां लेकर ऑटोरिक्शा चालक रायबरेली की ओर

जा रहा था, लेकिन बरस गांव के पास ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटोरिक्शा के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े और ऑटोरिक्शा में फंसे लोगों को बाहर निकाला, लेकिन चार लोगों को घटनास्थल पर ही मौत गई। पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसकी जानकारी होने पर उप जिलाधिकारी डलमऊ राजिताराम गुप्ता अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली है। मृतकों में लालगंज के महेशखेड़ा निवासी ऑटोरिक्शा चालक रजनीश शर्मा और खीरों थाना क्षेत्र के एकौनी निवासी निगम (20) शामिल हैं। जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। सिन्हा ने बताया कि इस हादसे में ऑटोरिक्शा में सवार सात अन्य लोग घायल हो गये। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से उन्हें बाद में जिला अस्पताल भेजा गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया गया है। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है।

ममता ने चुनाव आयोग पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्य में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठाए हैं। इससे पहले इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस-शिवसेना यूबीटी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर लिस्ट को लेकर संदेह जताया था। इस मामले में अब वोटर लिस्ट को लेकर नई बहस छिड़ गई है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्राइलिव)
सोने, चांदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(उंदरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने पिछले सप्ताह एक ही मतदाता पहचान पत्र ईपीआईसी संख्या वाले कई मतदाताओं को चिन्हित किया था। बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी फर्जी मतदाताओं का उपयोग करके अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ साठ-गांठ कर चुकी है। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में माना कि कुछ मतदाताओं के पास वास्तव में एक जैसे एपिक नंबर हैं, लेकिन वे अलग-अलग राज्यों से हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एपिक नंबर में दोहराव का मतलब डुप्लिकेट/नकली मतदाता नहीं है।

आकाश आनंद को मायावती ने पार्टी से निकाला

कठोर कदम

बोलीं- पश्चाताप नहीं किया उलटे अहंकार दिखाया

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से ही बाहर कर दिया है। उन्होंने उन्हें नेशनल कॉर्डिनेटर समेत सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था और कहा था कि अब उनके जीते-जी कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। यही नहीं अब उन पर कड़ा ऐक्शन लेते हुए बसपा से निकाल दिया है। मायावती ने एक्स पर लगातार तीन पोस्ट लिखकर आकाश आनंद को खूब सुनाया भी है और कहा कि वह अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में आकर बहक गए। मायावती ने लिखा, 'बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी।'

इसके आगे मायावती लिखती हैं, 'लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है। वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर

स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी रवैया है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं'।मायावती ने लिखा कि परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनंद को उनके ससुर की तरह पार्टी से निष्कासित किया जाता है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद का निष्कासन पार्टी के हित में है।

मायावती का आकाश आनंद को लेकर रुख चौंकाने वाला रहा है। पहले भी आकाश आनंद को उन्होंने 2024 के आम चुनाव के दौरान जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया था। फिर उनकी वापसी कराई गई, लेकिन अब एक बार और ऐक्शन ले लिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि भले ही आकाश आनंद को मायावती ने बाहर कर दिया है, लेकिन उनके पिता यानी अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कॉर्डिनेटर बना दिया गया है। उनके अलावा रामजी गौतम को भी राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। रविवार को ही बसपा की ऑल इंडिया मीटिंग हुई थी, जिसमें आकाश आनंद पर ऐक्शन वाला फैसला हुआ था। इस पर आकाश आनंद ने जवाब दिया था, लेकिन माफी जैसी कोई बात नहीं की थी। माना जा रहा है कि इसी बात से गुस्साई मायावती ने अब भतीजे को बसपा से ही निकाल दिया है। उन्हें शायद उम्मीद थी कि आकाश आनंद खेद व्यक्त करेंगे और फिर उन्हें वापस ले लिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी से ही बाहर कर दिया गया।

काशी समेत 5 शहरों को यूनेस्को की मान्यता दिलाएगी योगी सरकार

बन रही योजना

अमूर्त विरासत व रचनात्मक शहरों के तौर पर मान्यता दिलाने के लिए होगा टीम का गठन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और इसे वैश्विक पटल पर मान्यता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के 5 शहरों व बुंदेलखंड की लोककला के संरक्षण की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कन्नौज के इत्र, ब्रज की होली, वाराणसी की गंगा आरती, फिरोजाबाद की कांच कला, आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा बुंदेलखंड की लोककला व लोक साहित्य को मान्यता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत तथा रचनात्मक शहरों की सूची में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में विशिष्ट टीम का गठन किया जाएगा जिसके जरिए इस प्रक्रिया की पूर्ति की जाएगी। इसके पहले कुम्भ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर पहली बार उल्लेखित किया गया था। ऐसे में, अब 5 शहरों व बुंदेलखंड क्षेत्र की लोककलाओं को भी इस केटेगरी में उल्लेखित कराने के प्रयास योगी सरकार द्वारा शुरू कर दिए गए हैं।

'यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क'में महक उठेगा कन्नौज का इत्र

सीएम योगी के विजन के अनुसार, कन्नौज के इत्र को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क में उल्लेखित कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा कन्नौज को सिटी ऑफ क्राफ्ट केटेगरी में इत्र के लिए पंजीकृत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इत्र के निर्माण की पारंपरिक रूदेग-भाषकार विधि और इसके ऐतिहासिक महत्व पर गहन शोध की डॉक्यूमेंटेशन रिपोर्ट को इस कार्य की पूर्ति के लिए निर्मित कर यूनेस्को टीम को सौंपा जाएगा। कन्नौज को हमारत को इत्र राजधानीके रूप में वैश्विक प्रतिष्ठा, इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के मानचित्रण तथा अंद्रितीय प्रक्रियाओं, सांस्कृतिक विरासत व टिकाऊ प्रथाओं पर प्रकाश डालने वाले डोजियर का निर्माण किया जाएगा। इसे विभिन्न मीडिया फॉर्मेट्स के हिसाब से बनाया जाएगा, जिससे इसके उचित अवमूल्यन का अवसर यूनेस्को की टीम को मिल सकेगा।

वाराणसी की गंगा आरती व बुंदेलखंड की लोककलाओं को भी मिलेगी मान्यता

योगी सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि वाराणसी की गंगा आरती को भी यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता मिले। गंगा आरती के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और अनुष्ठान संबंधी महत्व पर गहन शोध भी होगा। सांस्कृतिक पर्यटन पर इस प्रथा के प्रभाव को दशार्ने वाले दृश्य और पाठ्य सामग्री समाहित डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया को पूर्ण किए जाने पर फोकस है। इसी प्रकार ब्रज की प्रसिद्ध होली (जिसमें लट्ठमार होली को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा), आजमगढ़ के निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को भी मान्यता दिलाने के लिए विस्तृत डॉजियर का निर्माण किया जाएगा। वहीं बुंदेलखंड के आल्हा गायन, राई नृत्य समेत स्थानीय लोक कला-लोक साहित्य एवं संस्कृति को परिलक्षित करते विस्तृत डोजियर का निर्माण बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के तौर पर मान्यता दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

कब समझोगे कविता का मर्म, अभिव्यक्ति की आजादी का धर्म

पिलाई झाड़

गुजरात पुलिस को सुप्रीम कोर्ट ने लताड़ा-कहा, पुलिस को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया पर उनके द्वारा पोस्ट की गई एक कविता पर गुजरात पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी।

गुजरात पुलिस ने उस कविता को कथित तौर पर भड़काऊ गीत माना था। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने इस दौरान गुजरात पुलिस को फटकार लगाई और मौखिक रूप से टिप्पणी की कि रंगे खून के प्यासे बात सुनोह कविता वास्तव में अहिंसा का संदेश दे रही थी। पीठ ने कहा कि कविता न तो भड़काऊ है और न ही राष्ट्र विरोधी है, इसलिए पुलिस को एफआईआर दर्ज करने से पहले संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी और कविता के मर्म को समझना चाहिए था। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि

संविधान लागू होने के 75 साल बाद तो 'कम से कम'पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझना चाहिए। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को संरक्षित करने के महत्व को रेखांकित किया। जस्टिस ओका ने कहा, ''जब वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात आती है, तो इसे संरक्षित करना होगा।

न्यायाधीश ने आगे कहा, ''प्राथमिकी दर्ज करने से पहले पुलिस को कुछ संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी। उन्हें (संविधान के अनुच्छेद को) पढ़ना और समझना चाहिए था। संविधान लागू होने के 75 साल बाद, अब तो कम से कम पुलिस को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समझना होगा।''जस्टिस ओका ने कहा कि ''आखिरकार तो यह एक कविता थी और वास्तव में यह अहिंसा को बढ़ावा देने वाली थी। जस्टिस ओका ने कहा, ''इसके अनुवाद में कुछ समस्या प्रतीत होती है। यह किसी धर्म के विरुद्ध नहीं है। यह कविता अप्रत्यक्ष रूप से कहती है कि भले ही कोई हिंसा में लिप्त हो लेकिन हम हिंसा में लिप्त नहीं होंगे। कविता यही संदेश देती है। यह किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध नहीं है।

बता दें कि गुजरात के जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत के लिए प्रतापगढ़ी के खिलाफ तीन जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गुजरात पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 'सड़क छाप'किस की कविता थी और इसे फैज अहमद फैज जैसे प्रसिद्ध शायर और लेखक से नहीं जोड़ा जा सकता।

एफआईआर में क्या आरोप

प्रतापगढ़ी द्वारा 'एक्स'पर अपलोड की गई 46 सेकंड के वीडियो क्लिप में, जब वह चल रहे थे, तो उन पर फूलों की पखुड़ियां बरसाई जा रही थीं। इस दौरान पृष्ठभूमि में एक गाना बज रहा था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि इस गाने के बोल भड़काऊ, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले हैं। प्राथमिकी को रद्द करने और दरकिनार करने की अपनी याचिका में उन्होंने दावा किया कि कविता में 'प्रेम और अहिंसा का संदेश है। प्रतापगढ़ी ने कहा कि उन्हें परेशान करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतापगढ़ी ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस का सदस्य होने के कारण उन्हें फंसाया गया।

सिब्बल बोले- हाईकोर्ट ने कानून की अनदेखी की

सिब्बल ने पूर्व में कहा था कि उच्च न्यायालय का आदेश कानून की दृष्टि से गलत है क्योंकि हाई कोर्ट के जज ने कानून की नजरअंदाज किया है। शीर्ष अदालत ने 21 जनवरी को कथित रूप से संबंधित गीत का सम्पादित वीडियो पोस्ट करने के लिए प्रतापगढ़ी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और गुजरात सरकार तथा शिकायतकर्ता किशनभाई दीपकभाई नंदा को उनकी अपील पर नोटिस जारी किया था। कांग्रेस नेता ने गुजरात उच्च न्यायालय के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया गया था कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतापगढ़ी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले आरोप, दावे) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

दो माह के नवजात को छोड़कर भागी मां

कैसी विडम्बना

आरपीएफ कैंट की टीम ने सकुशल उक्त बच्ची को चाइल्ड लाइन को सौंपा

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। कलियुगी मां की एक और छवि सोमवार को कैंट स्टेशन(वाराणसी जंक्शन)पर देखने को मिला। लगभग दो माह की नवजात बच्ची को छोड़ उक्त मां भाग गयी। पुराने पुल पर एक कंबल में लिपटी बच्ची की सूचना पर मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम ने बच्ची को सकुशल चाइल्ड लाइन को सौंपा।

कैंट आरपीएफ प्रभारी संदीप यादव को मोबाइल पर सूचना मिली कि स्टेशन पुराने पुल पर एक कंबल में एक बच्ची दिख रही है जो रो रही है। सूचना के आधार पर उन्होंने आरपीएफ उप निरीक्षक राधा तोमर व सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार को मौके पर भेजा। दोनों ने देखा तो पुराने पुल पर प्लेटफार्म नंबर एक व दो के मध्य वह बच्ची लावारिस पड़ी थी।

आसपास लोगों से पूछताछ की गई तो किसी ने कोई जानकारी नहीं दी। स्टेशन पर प्रसारण भी कराया गया इसके साथ ही टीम द्वारा कंट्रोल रूम से देखा गया तो उक्त बच्ची को लगभग 12:47 बजे एक महिला पुल पर लिफ्टार प्लेटफार्म दो-तीन पर उतर कर चली गई, जिसके आधार पर प्लेटफार्म दो-तीन पर स्टेशन परिसर में उक्त महिला को ढूंढा गया लेकिन महिला कहीं भी नजर नहीं आई बाद उक्त बच्ची को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर कार्यवाही पूर्ण करने के बाद रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यकर्ता पारुल राय को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। इस बात की चर्चा स्टेशन पर दिनभर होती रही।

ननिहाल जाने को निकले किशोर ने रची अपहरण की कहानी

जनसंदेश न्यूज

मिर्जामुराद। स्थानीय चौराहे के पास एक बाइक पर बैठकर सोमवार को चार बजे के आसपास औराई (भदोही) के तरफ जा रहे किशोर ने चौराहे के पास बाइक रुकने पर कूदकर भागने लगा और बोला कि मेरा बाइक सवार अपहरण करके लेकर भाग रहे थे किशोर के चिल्लाने पर ग्रामीणों बाइक सवार को दौड़ाये तो डर से बाइक सवार भाग निकले।

ग्रामीणों द्वारा मिजार्मुराद पुलिस को सूचना दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को थाने ले आई।किशोर ने पुलिस को अपना नाम मनीष कुमार बताया और पिता का नाम विजय प्रकाश बताया पता भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के नटवा गांव निवासी बताया।पुलिस किशोर से घटना के बारे में पूछने लगी तो किशोर टाल मटोल करते हुए बताया में अपने मामा के यहां रहता हूं।जिसपर थाने के एसआई रामचन्द्र यादव किशोर को लेकर मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी किशोर के मामा धर्मेन्द्र कुमार के यहां पहुंचे तो वहां किशोर का खोजबीन हो रहा था। किशोर के छोटे मामा करन कुमार ने बताया कि मनीष वहीं रहकर पढ़ाई लिखाई करता है। आज इसके माता-पिता आए हुए थे ये घर जाने का जिद कर रहा था वो लेकर नही गए तो किशोर घर में से सौ रुपया लेकर अपना आधार कार्ड लेकर बिना बताए घर जाने के लिए निकल गया। किशोर ने बताया कि मैं रूपापुर पहुंचा वहां से एक बाइक हाथ देकर रोकने के बाद घर जा रहा था जब मुझे डर लगा तो मैं इस वजह से चिल्लाने लगा। पुलिस ने समझा बुझाकर किशोर को उसके मामा करन को सुपुर्द कर दी।

संक्षेप

दलित बस्ती में आग ने मचाया तांडव

दानगंज। चोलापुर थाना अंतर्गत भदवा गांव में अराजक तत्वों द्वारा दलित बस्ती से कुछ दूरी पर सर्पेंत में आग लगा दिया गया था हवा का गति तेज होने की वजह से आग बस्ती में जा घुसा देखते ही देखते आग 10 से 12 घरों को अपने घपेट में ले लिया मौके पर पहुंचे पूर्वांचल नाम के पत्रकार राहुल चौबे ने तुरंत लोगों से अपील किया कि घर या झोपड़ी के अंदर बच्चे या किसी तरह के पशु हो तो उनको पहले बाहर निकाले उसके बाद राहुल चौबे ने बीजेपी के मीठिया प्रभारी श्री निकेतन मिश्रा को फोन किया अवगत कराया गया और लाइन पिछले एक घंटा से कटी हुई थी जो की आग बुझाने के लिए पानी का पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पा रहा था उसको चालू करने के लिए श्री निकेतन मिश्रा ने तुरंत नजदीकी पावर हाउस के लोगों से संपर्क करके लाइट चालू कराया गया राहुल चौबे ने दानगंज चौकी और थाने पर भी सूचना देकर फोर्स को बुलाया मौके पर दानगंज चौकी के फोर्स भी पहुच गई थी।

रोहनिया थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र

रोहनिया। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल आईपीएस द्वारा रोहनिया थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। रोहनिया थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला ने महाकुंभ के पावन अवसर पर पलट प्रवाह के दौरान भीड़ को नियंत्रण कर मार्ग दिखाने, यात्रियों की सहायता करने एवं पुलिस की मदद करने में अहम भूमिका निभायी थी।जिनकी क्षेत्र वासियों तथा जनता जनार्दन द्वारा कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। जिसको लेकर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल आईपीएस द्वारा एसएचओ रोहनिया विवेक कुमार शुक्ला को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शाइन सिटी की ठगी का एक और मामला

वाराणसी। प्रॉपर्टी में निवेश करवाने के नाम पर शाइन सिटी के ठगी का एक और मामला न्यायालय में पहुचा।आरोप है कि साइन सिटी इन्फ्रा तासी प्रोजेक्ट के माध्यम से 2013 में प्लाट दिलाने के नाम पर कंपनी ने पीड़ित से छह लाख रुपये से ऊपर जमा करा लेने के बाद उसे कुछ नही दिया। निवेशक से लाखों रुपये लेकर उन्हें ठगा और फिर अपना कार्यालय बंद कर फरार हो गई।पीड़ित निवेशक जनदीश पुर , मुंगेर बिहार निवासी मदन प्रसाद यादव ने इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। शिकायतकर्ता के अनुसार,साइन सिटी करेली, प्रयागराज निवासी रसीद नसीम, आसिफ नसीम ने स्थानीय सूर्यौदय काम्प्लेक्स जेपीमेहता कालेज के पास स्थित कम्पनी के बांच में गया जहां लालगंज, आजमगढ़ निवासी रितेश कुमार सिंह,सासाराम, रोहतास निवासी सुधाकर सिंह, फतेहपुर हरियाणा निवासी ध्रुवांत चौहान से मुलाकात हुई। कम्पनी के कर्मियों ने कम्पनी के प्रोजेक्ट में प्लाट दिलाने का वादा किया और एग्रीमेंट के बाद बैंक के माध्यम से 8 अगस्त 2018 में कुल 6 लाख 20 हजार का भुगतान लिया। साल भर टालते रहे और थकहार कर जब वह मौके पर प्लाट पर जा कर जांच किया तो बताया गया कि वहां कम्पनी द्वारा बताए गए प्लेट का अस्तित्व ही नही था। जब वह स्थानीय कार्यालय पहुँचा तो वहां ताला बन्द था। कैन्ट में शिकायत पर कोई कनवाई नही होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कुल पांच के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में कैन्ट पुलिस ने मामला दर्ज किया।

सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

वाराणसी। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 19 पर डाफी स्थित होटल सत्कार के सामने हाइवे पर खड़ी हाईवा में पीछे से ट्रेलर चालक नींद आने के कारण घुस गया। दुर्घटना होते ही तेज आवाज से शहरे से मुजरने वाले और बगल में रहने वाले पहुच गए। चालक अपनी केबिन में फंसकर तड़फ रहा था। सूचना पर पहुंचे पीआरवी के जवानों ने अन्य ट्रक चालकों की मदद से केबिन को कटवाकर ट्रेलर चालक को बाहर निकलवाया,लेकिन तब तक चालक ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने चालक के पास से मिले मोबाइल से उसके परिजनों से संपर्क किया है। ट्रेलर चालक राज सिंह 40 वर्षीय कवरु बूंदी राजस्थान का रहने वाला था। तारकोल लादकर बिहार जा रहा था। घटना के हाइवे के किनारे खड़ी हाईवा को छोड़कर चालक फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद परिजन बूंदी राजस्थान से चल दिए है।

शोहदे को तीन साल की सजा

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अनुभव द्विवेदी की अदालत ने 17 वर्षीय छात्रा को स्कूल आते जाते छेड़खानी करने के मडुआडीह थाने के मामले में अभियुक्त राजू चौहान को दोषी पाते हुए तीन वर्ष की कैद और 5 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह के मुताबिक पीड़िता ने खुद 25 अप्रैल 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी अभियुक्त द्वारा छेड़खानी से तंग आकर उसने स्कूल जाना छोड़ दिया तब उसके माँ के मोबाइल पर फोन कर धमकी देता था और बात करवाने का दबाव बनाता था अभियुक्त भी पीड़िता के पड़ोस में रहता था।

शराब के साथ पकड़ाया

वाराणसी। जीआरपी कैंट ने शराब के साथ एक युवक को सोमवार को जांच के दौरान पकड़ा। जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे राहुल राज, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज अभिषेक यादव, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्मो में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक हेमन्त सिंह के निर्देशन में सोमवार को टीम ने प्लेटफार्म नम्बर एक से काशी साइड से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके पास बैग से 48 पाउच आफिसर्स च्वाईस विस्की बरामद हुई। युवक की पहचान गोलू कुमार (20)पुत्र श्रीराम देवशाह नि समस्तीपुर रोसरा समस्तीपुर के रूप में की गयी।

पड़ोसी ने किया जानलेवा हमला, मुकदमा

बड़ागांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के खरावन गांव में एक दंपति पर उनके पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने का मामले में सोमवार को पीड़िता इद्दू देवी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया। शिकायत के अनुसार, बुल्लूर ने बांस के डंडे से जान से मारने की नीयत से उनके पति के सिर पर प्रहार किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और उन्हें 10 टांके लगाने पड़े। इसके बाद, 2 मार्च की सुबह 10 बजे बुल्लूर फिर से उनके घर आया और गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि वे बेहद गरीब हैं और इस घटना के बाद उनका परिवार भय के माहौल में जी रहा है।

छात्रा ने ट्रेन से कटकर दी जान

बड़ागांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहरुक गांव में बीती रात एक दसवीं कक्षा की छात्रा ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान जान्हवी के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी मनोज कुमार की बड़ी बेटी थी। परिजनों के अनुसार, जान्हवी हाल ही में अपनी दसवीं की परीक्षा दे रही थी, लेकिन उसका एक पेपर खराब हो गया था। इसको लेकर घरवालों ने उसे डांट लगा दी थी। डांट के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान थी। बीती रात वह घर से निकली और ट्रेन की पटरी पर जाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बेटिकट यात्रियों के खिलाफ सघन अभियान

वाराणसी। कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर सोमवार को बेटिकट यात्रियों व प्लेटफार्म पर घूम रहे अवांछनीय तत्वों के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 284 लोगों से जुर्माना 159850 रुपया वसूला गया। मुख्य टिकट निरीक्षक (इंचार्ज) जनार्दन सिंह ने बताया कि लखनऊ मंडल कार्यालय के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी के निर्देशन में सोमवार को सुबह आठ से शाम को चार बजे तक प्लेटफार्म पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसमें बेटिक यात्रियों के साथ उन्हें भी पकड़ा गया जो प्लेटफार्म पर अवैध रूप से घूम रहे थे, बताया कि ऐसे अभियान समय-समय पर चलाया जाता है। सहायक वाणिज्य प्रबंधक (तृतीय) किर्नित कटियार जी के निर्देशन में मुख्य टिकट निरीक्षक (इंचार्ज) जनार्दन सिंह के साथ कुल 24 चेकिंग स्टाफ लगाये गये थे। चेकिंग में मुख्य टिकट निरीक्षक संजय कुमार सिंह, अरविंद सिंह प्रथम, अनिल कुमार, महेश यादव और टिकट परीक्षक अनिल पाल, संतोष कुमार, राजेश तिवारी, राजकुंत सोनकर, प्रशांत राय, रवि रंजन सिंह, आकाश सिंह, संतोष कुमार, पंकज कुमार, अनिल कुमार, मोहन यादव और टिकट परीक्षक अनिल पाल, संतोष कुमार, राजेश तिवारी, राजकुंत सोनकर, प्रशांत राय, रवि रंजन सिंह, आकाश सिंह, संतोष कुमार, पुजा गुप्ता और पूजा चौबे के साथ आरपीएफ सब इंस्पेक्टर विकास और कांस्टेबल नसीम उपस्थित रहे।

लूट के मामले में कोर्ट ने किया दंडित

वाराणसी। लूट के निवत से ऑफिस में घुसकर व्यवसाई की हत्या करने और 3.20 लाख रुपए लूटने के मामले में अदालत ने एक अभियुक्त को दंडित किया है। विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) संख्या श्रीवास्तव की अदालत ने मुकदमे के विचारण के बाद सैयदपुर, गाजीपुर निवासी अभियुक्त ईशान उर्फ इंशु चौबे को दोषी पाने पर आजीवन कारावास एवं 1.60 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत में अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश श्रीवास्तव एवं वादी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दीनानाथ सिंह व सुधिष्ठिर शुक्ला ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार रामकटोरा, चेतगंज निवासी वादी मुकदमा राजेश कुमार गुप्ता पुत्र स्व० लल्ली प्रसाद गुप्ता ने चेतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 25 मई 2015 को सायं 8.30 बजे वादी के निवास पर ही वादी का सीमेन्ट एवं अन्य व्यापार का ऑफिस है। जिस पर वादी का बड़ा भाई अरविन्द कुमार गुप्ता बैठे थे। उसी समय दो लोग ऑफिस में आ गये और वादी के बड़े भाई पर हथौड़े से वार करने लगे। जिससे वादी के भाई को काफी चोट आई। उपरोक्त दोनों लोग हथौड़े से वादी के भाई को मारने के बाद ऑफिस में रखा 3.20 लाख रुपए कैश भी लूट ले गये। उन दोनों को ऑफिस में आते समय वादी का भतीजा देखा था। भाई के कराहने की आवाज सुनकर वादी एवं अन्य भाई जो आफिस के ही उपर की मंज़िल में रहते हैं, दौड़कर नीचे आये तो देखा कि अरविन्द गुप्ता लहूलुहान आफिस के कुर्सी पर पड़े हैं। आनन-फानन में हमलोग अपने भाई अरविन्द को सिंह मेडिकल ले गये, जहाँ डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में घर आकर आफिस में लगे सीसीटीवी कैमरा को देखा तो वादी के भतीजे आदित्य ने बताया कि उसने इन्हीं दोनों को आफिस आते देखा था। अदालत में अभियोजन की ओर से कुल 6 गवाह पेश किए गए। अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अभियुक्त को सजा सुना दी।

प्रताड़ना के मामले में ससुराल पक्ष को राहत

वाराणसी। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में सास-ससुर को कोर्ट से राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अजय कुमार की अदालत ने चोलापुर निवासी आरोपित ससुर अखिलेश दीक्षित व सास पुनम दीक्षित को 50-50 हजार रुपये की दो जमानतें एवं बन्धपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व चन्द्रबली पटेल ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार सिंधौरा निवासिनी ने सिंधौरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका विवाह 7 अगस्त 2020 को चोलापुर निवासी शुभम दीक्षित के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह अपने ससुराल आई तो गांव में उसके पिता के नाम की जमीन को ससुराल वालों के नाम पर करने की मांग को लेकर आये दिन पति व अन्य लोग मारने-पीटने लगे। उसके विरोध करने पर पति शुभम, ससुर अखिलेश, सास पूनम, देवर शिवम व चचिया ससुर अजय दीक्षित उसे बुरी तरह मारने-पीटने लगे व घर में बोतल में रखे पेट्रोल दिखाकर जलाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस मामले में सिंधौरा पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज अदरोपत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया।

आरपीएफ ने संयमित रूप से स्थिति को नियंत्रित किया

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं अतिक्रमण को ध्यान में रखते हुए परिसर की चहारदीवारी की मरम्मत एवं अवैध रूप से खोले गए मार्ग को बंद करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान उत्तरी ककरमत्ता के कुछ स्थानीय निवासियों विशेष रूप से अतिक्रमणकारी उनके परिवारजन एवं सहयोगियों द्वारा बाधा पहुंचाने का प्रयास किया गया। इन असामाजिक तत्वों ने न केवल मरम्मत कार्य को रोकने की कोशिश की बल्कि सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने हेतु तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) स्थानीय पुलिस बल एवं बरेका इंजीनियरिंग विभाग के कर्मियों पर पथराव किया और अभद्रता भी की।

बरेका परिसर की सुरक्षा दीवार को अवैध रूप से तोड़कर व्यक्तिगत लाभ के लिए एक अनधिकृत मार्ग बनाया गया था, जिससे सुरक्षा और अनुशासन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया था। इस अवैध मार्ग को बंद करने के लिए जब मरम्मत कार्य शुरू किया गया, तो कुछ असामाजिक तत्वों ने महिलाओं को आगे कर पथराव किया और घरों की छतों से भी पत्थर फेंके, जिससे रेलवे सुरक्षा बल के कई जवान घायल हो गए।

प्रशासन की संयमित कार्रवाई

आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस ने अत्यंत संयमित और पेशेवर रवैया अपनाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने धैर्य बनाए रखा और किसी भी प्रकार का लाठीचार्ज नहीं किया और बरेका प्रशासन लाठीचार्ज किए जाने का खंडन करता हैं। पुलिस एवं आरपीएफ बल ने सभी छतों को खाली कराया और माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखने का प्रयास किया।

बरेका प्रशासन की अपील

बरेका प्रशासन सभी नागरिकों से अपील करता है, कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों का समर्थन न करें। बरेका रेल परिसर की सुरक्षा और संरचना से समझौता करना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। बरेका रेल प्रशासन जनता की सुविधा के लिए हमेशा तत्पर है, लेकिन किसी भी अवैध गतिविधि या सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बरेका सुरक्षा, स्वच्छता और सुव्यवस्थित परिवहन के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

बरेका जीएम ने आरपीएफ फैंटम बाइक को दिखायी हरी झंडी

सुरक्षा की दृष्टि

बरेका में सुरक्षा व्यवस्था को पाक पीबंद करने हेतु भृगुपूर्व सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को तीन अत्याधुनिक बुलेट मोटरसाइकिल प्रदान की गईं। प्रशासन भवन प्रांगण में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर इन बुलेट मोटरसाइकिलों को रेलवे सुरक्षा बल फैंटम दस्ते में शामिल किया।

इस पहल का उद्देश्य बरेका परिसर में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, सुरक्षा निगरानी प्रणाली को मजबूत करना एवं गश्त को अधिक प्रभावी बनाना है। बरेका परिसर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए इसे तीन प्रमुख सुरक्षा जोनों में विभाजित किया गया है। इन जोनों में निरंतर पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के जवान बुलेट मोटरसाइकिलों का उपयोग करेंगे। इससे किसी भी संदिग्धस्पद गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी और सुरक्षा बल की सक्रियता एवं प्रभावशीलता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री नरेश पाल

सिंह ने कहा, रबरेका की सुरक्षा सर्वोपरि है। इन बुलेट मोटरसाइकिलों के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल की गश्त अधिक प्रभावी होगी, जिससे किसी भी अवांछित गतिविधि पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह कदम सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाई देगा।" महा निरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेल सुरक्षा बल, मो.गुरुल होदा बरेका ने कहा कि यह पहल बरेका की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। अब रेलवे सुरक्षा बल रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत त्वरित और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। बरेका में सुरक्षा व्यवस्था को चौकस एवं प्रभावी बनाने हेतु फैंटम दस्ते की नई रणनीति लागू की गई है। बुलेट मोटरसाइकिलों से गश्तीशील एवं मोबाइल पेट्रोलिंग को बढ़ावा मिलेगा। परिसर में आपराधिक गतिविधियों व अवांछनीय तत्वों की निगरानी के लिए सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ किया गया है। बरेका नागरिक सुविधाओं, खेल सुविधाओं एवं स्वच्छता व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, प्रधान वित्त सलाहकार, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी परिषद के संयुक्त सचिव एवं सदस्यगण, रेलवे सुरक्षा बल के जवान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ज्ञानवापी में उर्स कराने के मामले की सुनवाई 20 को

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अवधेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को ज्ञानवापी में उर्स करने और मजार पर चादर चढ़ाने के मामले में कुछ हिंदू पक्ष के पक्षकार बनाने के खिलाफ में लंबित निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई है। न्यायिक कार्य से विरत होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अब इस मामले में 20 मार्च की सुनवाई होगी।

बता दे कि निचली कोर्ट ने फरवरी में सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत ने ज्ञानवापी में उर्स करने अहश्य मजार पर चादर चढ़ाने की अनुमति देने संबंधी मुख्तार अहमद के वाद में तृतीय पक्षकार हिन्दुओ को बनाने का आवेदन स्वीकार कर लिया था। इस आदेश के खिलाफ मुख्तार ने सत्र न्यायालय में निगरानी अर्जी दाखिल की थी। निगरानी अर्जी पर बहस करते हुए नंद लाल पटेल ने कहा कि लोअर कोर्ट ने सरसरी तरीके से इस मामले आदेश दिया है। जिसे पक्षकार बनाने अनुमति दी उनकी इस मामले में कोई कानूनी अधिकार नही बनता है नही कोई इनलोगो के संबंध में कागजात ही दी गई। जबकि निगरानी कर्ता ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर स्थित तीन दृश्य मजार और अदृश्य मजार चादर चढ़ाने, फातिहा पढ़ने और वार्षिक उर्स का आयोजन पूर्व में करता आ रहा है। जो ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित है।

ज्ञानवापी मूल वाद में पक्षकार बनने की सुनवाई छह मार्च को

वाराणसी। सिविल जज सीनियर डिवीजन (फास्ट ट्रैक कोर्ट) युगल शंभू की अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी के 1991 के मूल वाद में पूर्व के वादी स्व. हरिहर पांडेय की तीन बेटियों की ओर से पक्षकार बनाने संबंधित अर्जी पर सुनवाई टल गई। इस मामले में अब छह मार्च को सुनवाई होनी है। न्यायिक कार्य से विरत होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। बेटियों की ओर से पक्षकार की अर्जी पर सुनवाई शुरू करने की गुहार लगई है। वादमित्र की ओर से पिछले तिथि पर कुछ सबूत दाखिल की गई थी ।

जनसंदेश टाइम्स

वर्गीकृत

सूचना

मेरा शास्त्री वर्ष 2010 अनुक्रमांक 163221 का माइग्रेशन प्रमाण पत्र खो गया है। शशिकला चौधरी पुत्री रामेश्वर प्रसाद चौधरी, कबर कबरी, बीरदास संत कबीर नगर।

मेरे सर्विस रिकॉर्ड बुक में मेरे पंजी का नाम उमिला अंकित हो गया है, जो गलत है। सही नाम शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में प्रविष्ट है जो सही है। मुरारी सिंह यादव पुत्र सुखराम सिंह यादव ग्राम-मुरायर, पोस्ट-माछुए, जिला-गाजीपुर।

आवश्यकता

आवश्यकता है - महादेव महेन्द्र लॉ कालेज फेसड़ा (सैय्यदराजा) चन्दौली, में स्वविस्पोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विधि संकाय अंतर्गत एल एल बी (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम में प्राचार्य/ प्रवक्ताओं की। योग्यता पूर्वांसी/ विधि परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों/ फोटो के साथ 21 दिन में महाविद्यालय पते पर भेजें। प्रबंधक- 9839482790

आवश्यकता है

जनमाधक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से सम्बद्ध हीरानन्द महाविद्यालय, नरायणपुर, रसूलपुर, रसड़ा-बलिया में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में गृहविज्ञान-4, राजनीतिशास्त्र-2 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी/उ0प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी आधार कार्ड के साथ अपना फोटो लगा आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष/ पंजीकरण डाक द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक
मो0-9454270101, 7392049541

एफआईआर दर्ज होने पर वकीलों में आक्रोश

पिंडरा। उत्तर प्रदेश बार कॉउंसिल के आह्वान पर गत दिनों बारबंकी में अधिवक्ता विधेयक 1961 के संशोधन के विरोध में धरना प्रदर्शन करने पर वकीलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर पिंडरा के वकील आक्रोशित दिखे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सोमवार को सुबह पिंडरा तहसीलदार बार एसोसिएशन के बैनर तले लाइब्रेरी भवन में अधिवक्ताओं की बैठक हुई।जिसमें 25 फरवरी को बार कॉउंसिल के आह्वान पर धरना देने पर पुलिस द्वारा बारबंकी में एफआईआर दर्ज करने पर आक्रोश जताया और इसके विरोध में पत्रक देने का निर्णय लिया। उसके बाद अधिवक्ता जुलूस के रूप में एसडीएम पिंडरा कार्यालय पहुंचे और वकीलों के विरुद्ध हुए एफआईआर पर आक्रोश जताते हुए पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत होने के बाबत पत्रक दिया। पिंडरा बार के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल, महामंत्री सुधीर कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, श्रीनाथ गौड़,कमला प्रसाद मिश्रा, जवाहरलाल वर्मा, उदयनाथ भारती , प्रेमशंकर सिंह, राजेश सिंह, श्याम शंकर सिंह, जटाशंकर मिश्रा, दीपक सैनी, छोटेलाल, सतीश पांडेय, सुभाष सिंह, आशीष दुबे व अजय गुप्ता समेत अनेक अधिवक्ता रहे।

नीलांचल की हल्दी और मथुरा के गुलाल से होगा गौरा का गौना

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही वैसे वैसे गौरा के गौना की तैयारियां जोर पकड़ती जा रही हैं। काशी में महाशिवरात्रि पर शिव-पार्वती विवाह के बाद रंगभरी एकादशी पर विश्वनाथ मंदिर के टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास (गौरा सदनिका) से महादेव संग गौरा के गौना की हल्दी और पालकी यात्रा का कार्य भी जोर पकड़ रहा है।

टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर गौरा के विग्रह के समक्ष हल्दी तेल के लोकाचार के लिए हल्दी इस बार खास तौर पर 52 शक्ति पीठों में एक अघोरियों और तांत्रिकों का गढ़ माने जाने वाले असम के गुवहाटी स्थित माता कामाख्या के मंदिर से भेजी जा रही है। असम से भेजी गई हल्दी काशीवासी गौरा को चढ़ाएंगे। वहीं बाबा के लिए श्रीराम भूमि अयोध्या और श्रीकृष्ण की भूमि मथुरा से गुलाल भेजा जायेगा। अयोध्या के प्रकांड

रामायणी पं. वैद्यनाथ पांडेय के पुत्र पं. राघवेंद्र पांडेय ने फूलों से तैयार की गई खास प्रकार की अबीर भेजी है। मथुरा के जेल में बंदियों द्वारा बाबा के लिए खास हर्बल अबीर भेजी गई है। चार दिनों तक चलने वाले गौरा के गौना उत्सव के प्रथम दिन सात मार्च को टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास में संध्याबेला में गौरा को हल्दी लगाई जाएगी। महाशिवरात्री के पर्व बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ की प्रतिमा के समक्ष परंपरानुसार तिलकोत्सव के बाद हल्दी लगायी गयी थी। हल्दी की रस्म के लिए गवनहियों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पर जमा होगी। एक तरफ मंगल गीतों का गान के बीच गौरा को कामख्या शक्तिपीठ से आयी हल्दी लगाई जाएगी। यह रस्म विश्वनाथ मंदिर के दिवंगत महंत डॉ. कुलपति तिवारी की पत्नी मोहिनी देवी के सानिध्य में वंश परंपरानुसार उनके पुत्र पं. वाचस्पति तिवारी निभायेंगे। महंत आवास में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान होगा। ढोलक की थाप और मं

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0)
88350/inc.GST

चांदी (99.50)
97450/- प्रति किलो

चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

वाराणसी

आज लोगों में वितरित होगा संगम का पवित्र जल

वाराणसी। महाकुम्भ मेला-2025 प्रयागराज की सकुशल समापन उपरान्त मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के निर्देशानुसार द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाएं, उ.प्र. लखनऊ द्वारा काशी में संगम प्रयागराज का पवित्र अमृत जल पहुंचकर के अधिकाधिक श्रद्धालुओं को संगम का पवित्र अमृत जल वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अग्निशमन विभाग द्वारा प्रथम खेप में 12 हजार लीटर अमृत जल फायर टेण्डर (वाटर वाऊजर) के माध्यम से काशी में लाया गया। इस अमृत जल को वितरण करने हेतु पुलिस लाइन्स, में पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा मंगलवार को पूर्वाह्न 11.30 शुभारम्भ किया जायेगा।

बहुत जल्द शुरू होंगे शहर के दो रेलवे ओवरब्रिज

कज्जाकपुरा और कादीपुर आरओबी के काम में लायी गयी तेजी

वाराणसी। शहर के दो रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) से आवागमन जल्द शुरू करने की कवायद में सेतु निगम जुट गया है। इसमें से एक आरओबी कज्जाकपुरा और दूसरा आरओबी कादीपुर में बन रहा है।

कज्जाकपुरा आरओबी का काम रेलवे की तरफ से पूरा करने के लिए तेजी लायी गयी है। उम्मीद की जा रही है कि बहुत जल्द ही इस आरओबी से आवागमन शुरू हो जाएगा।

सेतु निगम के अधिकारियों की मानें तो कच्चे माल की उपलब्धता के साथ ही कज्जाकपुरा आरओबी, कादीपुर आरओबी और मोहनसराय सिक्सलेन का निर्माण कार्य में तेजी लायी गयी है। कज्जाकपुरा

होगा आवागमन सुगम

रेलवे का काम खत्म होते ही कज्जाकपुरा ओवरब्रिज हो जाएगा शुरू

आरओबी और मोहनसराय सिक्सलेन का निर्माण मार्च तक पूरा लिया जाएगा। जून तक कादीपुर आरओबी भी कम्प्लीट होने की उम्मीद है। कज्जाकपुरा आरओबी में अब रेलवे के हिस्से का काम बचा है। फिलहाल इस भाग में फाउंडेशन बनाकर दो पिलर डालने का काम चल रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद बो-स्टिंग गर्डर रखा जाएगा। 1.356 किमी (1356 मीटर) लंबे टू-लेन कज्जाकपुरा आरओबी के बनने से यहां जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। इसमें कुल 55 पिलर बनने हैं। कज्जाकपुरा आरओबी का निर्माण सितम्बर 2019 में शुरू हुआ था। जून 2022 में इसे पूरा करने का लक्ष्य था।

सेतु निगम के अफसरों की मानें तो बिजली के तारों, पाइप लाइन की शिफ्टिंग, डिजाइन में आंशिक बदलाव, रेलवे से एनओसी मिलने जैसे कारणों से समय से परियोजना पूरी नहीं हो पाई। इस बीच निर्माण पूरा करने की मियाद पांच बार बढ़ाई गई। साढ़े पांच वर्ष बीतने के बाद भी यह तैयार नहीं हो सका है। पिछले वर्ष सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष अफसरों ने जनवरी तक एक लेन पर आवागमन शुरू कराने का दावा किया था। कज्जाकपुरा आरओबी का निर्माण 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। सेतु निगम के अनुसार मई तक काम पूरा हो जाएगा।

सेतु निगम के अफसरों की मानें तो कादीपुर क्रॉसिंग पर आरओबी का कार्य लगभग 80 प्रतिशत हो चुका है। मार्च तक इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अब यह जून तक बढ़ गया है। आरओबी के निर्माण पर 51.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। कादीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर दिन भर में कई बार रेलवे फाटक बंद होने से लोगों को परेशानी होती है। अक्सर यहां जाम लग जाता है। चौबेपुर से मुनारी, चोलापुर, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, चंदौली के लोग इसी रास्ते से आवाजाही करते हैं। पूर्वांचल के कई जनपदों के लोग बाबतपुर एयरपोर्ट आवाजाही इसी मार्ग से करते हैं। इसके लिए चौबेपुर की तरफ 11 पिलर, पश्चिम बाबतपुर की ओर छह पिलर बनने हैं। करीब 80 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। एप्रोच मार्ग का निर्माण चल रहा है। कार्यदायी संस्था के अनुसार अगस्त 2025 तक आरओबी बन जाएगी।

सेतु निगम के अफसरों की मानें तो मोहनसराय से बौलिया सिक्सलेन प्रोजेक्ट प्रयागराज से वाराणसी को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। करीब 90 फीसदी तक काम पूरा हो गया है। शेष 10 फीसद कार्य को मार्च में पूरा करने का लक्ष्य है। 10 किमी तक सिक्स और तीन किमी फोरलेन कैट से मोहनसराय की दूरी 13 किमी है। इस मार्ग पर अतिक्रमण मेन वजह है। ट्रांसफॉर्मर, पोल की वजह से भी काम में देरी हुई है। महेशपुर से बौलिया तक एक किमी। रोड खराब है।

विद्युतकर्मियों के प्रबल विरोध ने दिखाया रंग, नहीं खोली जा सकी तकनीकी बिड

ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के खिलाफ शक्ति भवन पर जोरदार प्रदर्शन

वाराणसी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार को जहां लखनऊ के शक्ति भवन को विद्युतकर्मियों ने घेर लिया तो वहीं स्थानीय भिखारीपुर स्थित हनुमानजी मंदिर पर विशाल विरोध प्रदर्शन हुआ। बिजली कर्मियों के जोरदार विरोध प्रदर्शन के चलते निजीकरण की खातिर ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की तकनीकी बिड नहीं खोली जा सकी।

एकजुटता

भिखारीपुर हनुमान मंदिर पर सभा कर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की

हनुमानजी मंदिर पर हुई सभा में वक्ताओं ने बिजली के निजीकरण के पीछे भारी भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त कराने की कृपा करें। वक्ताओं ने कहा कि शक्ति भवन पर हुये जबरदस्त विरोध प्रदर्शन से तकनीकी बिड नहीं खोली जा सकी और वे अब तकनीकी बिड खोले जाने की अगली तारीख 10 मार्च निर्धारित की गयी है। संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि जब तक निजीकरण की चाल रही प्रक्रिया पूरी तरह निरस्त नहीं की जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया में कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट का प्राविधान आरएफपी डॉक्यूमेंट में पहले रखा गया था। जनवरी के महीने में इसे अचानक हटा दिया गया। इससे ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में भी भ्रष्टाचार की आशंका बलवती हो जाती है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्राविधान को हटाकर किये जा रहे निजीकरण में भारी घोटाला होने वाला है। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों की 42 जनपदों की परिसम्पत्तियों का आज तक कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है। साथ ही इन दोनों निगमों के रेवेन्यू पोर्टेशियल का आंकलन भी नहीं किया गया है। इस दौरान नरेंद्र वर्मा, मायाशंकर तिवारी, संदीप कुमार, रामकुमार झा, सौरभ श्रीवास्तव, रंजीत पटेल, एसके सिंह, रमाशंकर पाल, वेद प्रकाश राय, अंकुर पांडेय, जमुना पाल, राजेश पटेल, उदयभान दुबे समेत सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

महज 250 रुपये से शुरू कर सकते हैं एसआईपी

वाराणसी। युवाओं में म्यूचुअल फंड में निवेश का रुझान इन दिनों तेजी से बढ़ा है। खासकर मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले युवा म्यूचुअल फंड में निवेश करना मुफीद मानते हैं। स्थानीय टर्मिनल संचालकों और शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि एसआईपी के माध्यम से किया जाने निवेश सबसे सुरक्षित और टिकाऊ होता है। इसमें आप महज 250 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। कहने का आशय यह कि छोटे निवेशक भी एसआईपी के जरिए भविष्य के लिए धन संरक्षित कर सकते हैं।

स्थानीय टर्मिनल संचालकों का कहना है कि छोटे निवेशकों को अधिक से अधिक म्यूचुअल फंड से जोड़ने के लिए भारतीय म्यूचुअल फंड संघ ने तीन योजनाएं लांच की है। इसमें छोटी एसआईपी, तरुण योजना और मित्रा योजना शामिल है। इसके जरिए निवेश करना और भी आसान होगा। छोटी एसआईपी से आप कम पैसे से भी निवेश शुरू कर सकते हैं। तरुण योजना युवाओं के लिए है। जबकि मित्रा योजना से आप विशेषज्ञों की मदद से निवेश कर सकते हैं। ये सभी योजनाएं निवेशकों के लिए फायदेमंद हैं। टर्मिनल संचालकों की मानें तो छोटी एसआईपी के जरिए आप महज 250 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं। यह उन लोगों के लिए अच्छी पहल है, जो पहली बार निवेश कर रहे हैं या जिनके पास ज्यादा पैसे नहीं हैं। तरुण योजना स्कूलों में बच्चों को पैसों के बचत के बारे में सिखाएगी। इससे बच्चों को छोटी उम्र से ही निवेश की समझ आ जाएगी। मित्रा योजना एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिससे लोग अपने पुराने या भूले हुए म्यूचुअल फंड निवेश को ढूंढ सकते हैं। यहां तक कि उनके परिवार वाले भी उनकी मृत्यु के बाद यह काम कर सकते हैं। इससे लोगों को अपने पैसे वापस मिलने में आसानी होगी।

बचत की पाठशाला

एम्फी ने छोटे निवेशकों के लिए लांच की तीन नयी योजना, स्कूली बच्चों को पैसों की बचत के बारे में बताएगी तरुण योजना

पुराने व भूले म्यूचुअल फंड को ढूंढने में सहायता करेगा 'मित्रा'

शेयर बाजार के जानकारों की मानें तो भारतीय म्यूचुअल फंड संघ ने जो तीन नई पहल की हैं, इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को निवेश से जोड़ना, निवेश के बारे में जागरूकता फैलाना और खोए हुए निवेश को आसानी से ढूंढने में मदद करना है। एम्फी और सेबी मिलकर म्यूचुअल फंड निवेश को सभी के लिए आसान बनाना चाहते हैं। कहा जा रहा है कि ये नई पहल इसी दिशा में एक कदम हैं। इनसे समाज के हर वर्ग के लोग निवेश से जुड़ सकेंगे। वजह, लोग अब ज्यादा म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं और लंबे समय के लिए निवेश करना पसंद कर रहे हैं। लेकिन अभी भी बहुत से लोग निवेश नहीं करते हैं। इसकी कई वजहें हैं। मसलन, निवेश के बारे में जानकारी न होना, निवेश के तरीके समझ न आना या फिर निवेश शुरू करने के लिए जरूरी सुविधाएं न होना। एम्फी इन समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहा है। वह लोगों को निवेश के बारे में शिक्षित कर रहा है और सेबी के साथ मिलकर काम कर रहा है और नए-नए तरीके ढूंढ रहा है, जिससे आम लोग भी आसानी से निवेश कर सकें।

डग्गामार वाहनों से ढोए जा रहे स्कूलों के बच्चे

रोहनिया। ग्रामीण क्षेत्र के राजातालाब, रोहनिया सहित शहर के तमाम थाना क्षेत्रों में इन दिनों कान्वेंट, पब्लिक स्कूल, निजी इंटर कालेज सहित अन्य विद्यालयों में डग्गामार वाहनों का प्रयोग बच्चों को लाने और लेजाने के लिए धड़ल्ले से किया जा रहा है। प्राइवेट वाहन बच्चों की जान की परवाह किए बगैर खटारा वाहनों से स्कूली बच्चों को ढो रहे हैं। गंभीर सवाल यह है कि परिवहन विभाग स्कूल के अन्य वाहनों की जांच करता है, मगर इन प्राइवेट वाहनों की जांच नहीं होती। संबंधित विभाग भी इन वाहनों पर आंखें बंद किए है। वहीं अभिभावक भी जल्दी घर व स्कूल पहुंचने के साथ कम किराए के चक्कर में अपने बच्चों की जान जोखिम में डालने से परहेज नहीं कर रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहर की सड़कों पर स्कूली बच्चों को ढोने वाले वाहनों को भरमार है। इसमें ऑटो रिक्शा, मैजिक, टवेरा, मारुति वैन सबसे खतरनाक साधन हैं। घर से स्कूल तक

लापरवाही

स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दिया जा रहा ध्यान अभिभावक भी बेखबर

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने कहा, जल्द शुरू किया जाएगा अभियान

बेधड़क, बेखौफ होकर ये वाहन आते-जाते दिख जाते हैं। वाहनों में बच्चे धमाचौकड़ी करते रहते हैं। कई बार ये बच्चे वाहन से गिर भी जाते हैं। पीछे की सीटें फुल तो आगे भी ड्राईवर सीट पर बच्चे बैठे नजर आते हैं। बच्चों को लाने व ले जाने के लिए वाहन जरूरी तो है, पर सुविधा होनी भी जरूरी है। मानकों को दरकिनार कर बच्चों को ठूंस ठूंस कर प्राइवेट वाहनों से ढोया जाना कहीं न कहीं से उनकी जान खतरे में डालने जैसा है। स्कूल प्रबंधन को निर्देश होने के बाद भी डग्गामार वाहनों से बच्चों को ढोया जा

रहा है। प्रबंधन मूकदर्शक बना हुआ है। कई स्कूलों में तो डग्गामार वाहनों में कर्मचारी ही बच्चों को बैठाते हैं, जबकि कुछ स्कूलों के प्रबंधन ने आरोप से बचने को बाहर से बच्चों को बैठाने की छूट दे रखी है। ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में चल रहे इन वाहनों में न सिर्फ क्षमता से अधिक बच्चे बैठाए जा रहे हैं। बल्कि उनमें सावधानियां भी नहीं बरती जा रही हैं। अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस बाबत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्याम लाल का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर जो वाहन स्कूली बच्चों को ढो रहे हैं। उनके खिलाफ विभाग लगातार अभियान चलाता है। आगे भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देकर ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

क्यूआर कोड नहीं लगने पर भड़के महापौर

वाराणसी। महापौर सोमवार को सड़क पर उतरें और नगर निगम के अधिकारियों संग सिगरा वार्ड में पहुंचे। जहां वार्डो में लोगो के भवनों पर लगे क्यू आर कोड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने घर-घर कूड़ा उठान की जानकारी प्राप्त की और लोगों के घरो पर चप्पा किए गए कोड स्लिप को देखा। इस दौरान स्थिति संतोषजनक नही पायी जाने और सिगरा वार्ड के अधिकतर भवनों में अभी भी क्यू.आर. कोड नही लगाए जाने पर जहां नाराजगी जाहिर की। इसी प्रकार अपर नगर आयुक्त सविता यादव भी लावलश्कर के साथ पाण्डेयपुर क्षेत्र में पहुंची। जहां वार्ड में कूड़ा उठान और मकानों पर क्यू आर कोड के चप्पा किए जाने की स्थिति की देखा और व्यवस्था को जाना। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.सुरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा कालभैरव वार्ड में और अन्य सभी अधिकारियों ने अपने तैनाती क्षेत्रों के वार्डों में निरीक्षण किया। सभी

नाराजगी

आदेश का पालन न होने पर अफसरों को डपटा

महापौर संग सभी अधिकारी उतरे थे सड़क पर

अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट में क्यू.आर. कोड को घरों में लगने एवं कूड़ा उठान की स्थिति संतोषजनक नही पायी गई। जिसको लेकर महापौर ने इस दौरान निरीक्षण में लगे अधिकारियों के संग समीक्षा बैठक की और घर-घर उठाये गये कूड़ा उठान की कमांड सेन्टर के डैश बोर्ड से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से तैनाती क्षेत्रों में प्रतिदिन प्रात: 5:30 बजे उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति की सेल्फी भेजने और निरीक्षण के एक दिन पूर्व ही संबंधित अधिकारी द्वारा उस वार्ड के पार्षद को भ्रमण की जानकारी देने का निर्देश दिया। महापौर ने गुरुवार को निरीक्षण में वार्डो में

तैनात सफाई कर्मियों की उपस्थिति शत प्रतिशत नही रहने पर इसमें सुधार किया जाने का नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में अपर नगर आयुक्त सविता यादव, संगम लाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, संयुक्त नगर आयुक्त जितेन्द्र कुमार आनंद, कर निर्धारण अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, जन सम्पर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे। मा0 महापौर के द्वारा नगर के सभी भवन स्वामियों से अपील की गयी है कि नगर निगम द्वारा दिये गये क्यू0आर0 कोड में 29 प्रकार की सुविधायें प्रदान की गयी है, जिसमें प्रमुख रूप से घर-घर से कूड़ा उठान की निगरानी की जानी है, इसलिये कोड को अपने भवन में सुरक्षित स्थान पर क्यू0आर0 कोड को चस्पा कर दी जाने वाली सुविधा का लाभ उठायें।

त्योहार करीब आते ही खाद्य पदार्थों मेवा-मखाना के कीमतों में उछाल

वाराणसी। बढ़ती महंगाई से हर शख्स परेशान और बेहाल है। कम पूंजी वालों का तो कोई पुरसाहाल नहीं है। उनके लिए तो परिवार का खर्च चलाना भी दूभर हो गया है। ऐसे में त्योहार करीब आते ही खाद्य पदार्थों के बीच मेवा-मखाना के कीमतों में उछाल ने आमजन के लिए नयी परेशानी खड़ी कर दी है। एक तो रमजान और दूजे होली का आगमन। खाद्य पदार्थों के साथ ही मेवा-मखाना के दाम बढ़ने से ग्राहकों के पॉकेट पर चोट लगनी शुरू हो गयी है। कारोबारियों की माने तो खाद्य पदार्थों, मेवा-मखाना और मसालों के दाम में 15 से 20 प्रतिशत की तेजी आयी है। ग्राहकों का कहना है कि त्योहारी सीजन में दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर असर पड़ना तय है। वजह, त्योहार है तो परम्परा का निर्वाह तो करना ही करना है।

कारोबारियों का कहना है कि फसल

बाजार का हाल

एक तो रमजान और दूजे होली का आगमन, ग्राहकों के पॉकेट पर चोट

बोले ग्राहक-त्योहारी सीजन में दाम बढ़ने से बजट पर असर पड़ेगा

कमजोर होने और पैदावार पर असर पड़ने से कीमतों में उछाल का कारण माना जा रहा है। साथ ही महाकुंभ के चलते माल का आवागमन प्रभावित होना भी बताया जा रहा है। इसके चलते मखाना, छोटी व बड़ी इलायची के साथ बादाम गिरि के दाम में उछाल आया है। कारोबारियों का कहना है कि मखाना बिहार से मंगाया जाता है। इस बार कमजोर फसल होने की वजह से मखाने का दामों में लगातार वृद्धि हो रही है। जनवरी में मखाना की कीमत 12 सौ रुपये किलो था, जो बढ़कर 15 सौ रुपये किलो हो गया है। वहीं बादाम गिरि का दाम भी बढ़कर सात सौ रुपये से बढ़कर नौ सौ रुपये प्रति किलो हो गया है। छोटी और बड़ी इलायची के दामों में भी 15 से 20 प्रतिशत का उछाल आया है। साथ ही अखरोट, चिरौंजी के दाम में 10 से 15 प्रतिशत की तेजी का आलम है। खासकर होली और ईद का प्रमुख पर्व नजदीक है। ऐसे में दाम बढ़ने से आम पब्लिक परेशान है। कारोबारियों की माने तो मखाना बिहार से तो छोटी और बड़ी इलायची आसाम, बंगाल, नेपाल से मंगाया जाता है। इसके अलावा किशकिश की आवक महाराष्ट्र से होती है। बादाम, अखरोट तो जम्मू से मंगाया जाता है। ग्राहकों का कहना है कि सभी वस्तुओं के दामों में आग लगी हुए है। दाल, सब्जी हो या फिर त्योहारी आइटम, सभी के दाम बढ़ रहे है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार को कारगर कदम उठाने चाहिए।

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के ऑनलाइन नीलामी में बिके 49 प्लॉट

मिली सफलता

शेष पांच प्लाटों की वीडीए जल्द करेगा नीलामी

वाराणसी। वीडीए के आयोजित ट्रांसपोर्ट नगर योजना के आनलाइन आक्शन में कुल 54 प्लाटों में से 49 प्लाट जहां सफलतापूर्वक बिके,वही शेष 5 प्लाटों की नीलामी के लिए विभाग ने जल्द लाइव नीलामी किए जाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में नीलामी किए जाने की व्यवस्था तय की गई। इसके लिए वीडीए द्वारा 08 से 28 फरवरी तक आनलाइन आक्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के लिए प्लाटों की नीलामी की गई। इस दौरान यू.25 प्लाट, जिसका उपयोग आफिस, बैंक या गेस्ट हाउस के लिए निर्धारित किया गया था। इस प्लाट का रिजर्व मूल्य 1,67,40,000 था, लेकिन यह 2,20,13,100 में बिकने में सफल रहा, जो नीलामी की एक प्रमुख सफलता रही। बैठक में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश दुबे और आईटी एक्सपर्ट दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

नागरिकों ने पीडब्ल्यूडी के खिलाफ किया प्रदर्शन

आंदोलन

जगह-जगह गड्ढे खोदकर छोड़े जाने से लोग हो रहे चोटिल

रामनगर। टेंगरा मोड़ से पड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। सड़क चौड़ीकरण के बाद किनारे जगह-जगह नाली के लिए गड्ढा खोदकर छोड़े जाने से लोग बेहाल है। सोमवार को नागरिकों ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्युडी सड़क किनारे नाली सीवर के लिए जो गड्ढे खोद रहा है। उसे 24 घंटे काम लगवाकर दो दिनों में पूरा कर सकता है। लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते दो-दो सप्ताह तक गड्ढे खोदकर छोड़ देने से लोग रात्रि में उसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की निंद्रा टूट नहीं रही है। लोगों ने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले भी एक महिला गिरकर गंभीर रुप से घायल हुई। जिसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजना पड़ा। इन दिनों विभाग बटेश्वर हनुमान मंदिर के पास और गुरुद्वारा गली की जाने वाले रास्ते को खोदकर छोड़ दिया है। जहां हजारों लोगों का रोज आवागमन होता है। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। लोगों ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 48 घंटे के अंदर काम नहीं लगा तो वे सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में नगर पालिका के पूर्व डिप्टी चेयरमैन आलोक कुमार, सुजीत सिंह, मदन शर्मा, अनिल केशरी, गिरजा देवी, राजू केशरी, विकास श्रीवास्तव, गुड्डू केशरी आदि शामिल रहे।

स्पंदन की आभा से फिर दमकी महामना की बगिया

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अंतर संकाय युवा महोत्सव 'स्पंदन' की आभा से महामना की बगिया एक बार फिर दमक उठी है। पांच वर्ष के अंतराल बाद आयोजित युवा महोत्सव की शुरूआत सोमवार को विभिन्न संस्थानों, संकायों और संबद्ध महाविद्यालयों की 23 टीमों द्वारा एम्फीथियेटर ग्राउंड में शोभायात्रा निकाल कर की गई। महोत्सव के औपचारिक उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बीएचयू की पुरातन छात्रा और प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डा. सोमा घोष मौजूद रहीं।

डा. घोष ने उद्घाटन समारोह की शुरूआत 'कितनी मिलती है तेरी तस्वीर खुदा से, तुझे सोचूं भी तो इबादत हो जाती है' बंदिश से की। अपने संबोधन में सोमा घोष ने एक शिक्षाविद्, समाज सुधारक तथा स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के योगदान को याद किया। कुलसचिव प्रो. अरूण कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा, स्पंदन के संयोजक प्रो. बोसी कापड़ी, तथा आयोजन समिति के सदस्य प्रो. आरती निर्मल एवं प्रो. ललित मोहन अग्रवाल भी मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

पांच वर्ष बाद एक बार फिर बीएचयू कैंपस में युवा महोत्सव की धूम

विद्यार्थियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, विविध प्रतियोगिताओं के आयोजन

मुख्य अतिथि डा. सोमा घोष ने किया युवा महोत्सव का उद्घाटन

महोत्सव के पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए, जिनमें वाद विवाद, अंग्रेजी, हिंदी तथा संस्कृत भाषण, कविता, फोटोग्राफी तथा निबंध लेखन गतिविधियां शामिल रहीं। सुबह 9:30 बजे से 'महामना के सपनेः नैतिकता से परिपूर्ण युवाओं के लिए दृष्टिकोण' विषय पर हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में भाषण का आयोजन किया गया। डा. कर्ण सिंह हॉल, शारीरिक शिक्षा विभाग में अंग्रेजी भाषा के 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. हिमांशु मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गीतांजली सिंह और आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर अजीत मिश्रा शामिल रहे। वहीं, हिंदी भाषा में प्रतियोगिता का आयोजन मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में किया गया, जिसमें कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा संस्कृत भाषा में भाषण का आयोजन संकाय लाउंज, विधि संकाय में किया गया, जिसमें कुल 10 प्रतिभागी शामिल थे।

शारिरिक शिक्षा विभाग, कला संकाय के डॉ. कर्ण सिंह हॉल के कमरा संख्या-36 में अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत भाषा में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सामाजिक मूल्यः नैतिकता व नवाचार में संतुलन' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 43 प्रतिभागियों ने शिरकत की। दृश्य कला संकाय के प्रदर्शनी हॉल में लाइफ या लाइट एंड शेड विषय पर ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न संकायों, संस्थानों और महाविद्यालयों के कुल 23 प्रतिभागियों ने अपने कैमरे के लेंस से विषय को जीवंत किया। केएन डडुपा प्रेक्षागृह में 'वैश्विकरण स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के लाभदायक हैं या नहीं?' विषय पर कुल 21 प्रतिभागियों ने हिंदी विषय में वाद-विवाद किया।

बचपन की मासूमियत अभी भी याद है

'बड़े हुए पर बचपना अभी भी ना गया', दिन की आखिरी प्रतियोगिता हिंदी कविता में एक प्रतिभागी ने इन पंक्तियों के माध्यम से बचपन की विशिष्टता को बयां किया। शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने बचपन, यात्रा, प्रकृति, नदियां और स्मृति पर अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त किया।

उच्च शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान का निर्माण व उसका प्रसार करना

संबोधन

मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से संकाय संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन

वाराणसी। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम के चौथे दिन सोमवार को प्रथम सत्र में बीएचयू के प्रो. टीबी सिंह ने शोध परिकल्पना परीक्षण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य ज्ञान का निर्माण एवं उसका प्रसार करना होता है तथा शोध ज्ञान के निर्माण की प्रक्रिया है। जिस देश में शोध की गुणवत्ता बेहतर होती है वह देश विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में सक्षम होते हैं। परिकल्पना परीक्षण शोध का एक महत्त्वपूर्ण चरण होता है। परिकल्पना किसी भी शोध की दिशा को निर्धारित करती है। परिकल्पना के सत्यापन द्वारा ही सिद्धांतों का निर्माण होता है।

द्वितीय सत्र में शिक्षाशास्त्र विभाग, लखनऊ विवि के प्रो. मोरध्वज वर्मा ने उच्च शिक्षा में प्रकाशन एवं नैतिकता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञान का विस्फोट अत्यंत तीव्र गति से हो रहा है तथा डिजिटल युग में ज्ञान की नकल करना आम हो चुका है, जिससे शोध नैतिकता की चुनौती उत्पन्न हो रही है जिसका समाधान अति आवश्यक है। कृत्रिम बुद्धि के कारण यह समस्या और भी जटिल होती जा रही है। साहित्य चोरी एक गंभीर समस्या है, जिस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने शोध नैतिकता के के विविध आयामों पर विस्तार से समझाया। स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र राम, संचालन विनय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. दिनेश शुक्ल ने किया।

महिलाओं का स्वास्थ्य आयुर्वेद के साथ

वर्कशॉप

आर्य महिला पीजी कालेज में 'चिरायुः महिला स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर कार्यशाला

वाराणसी। आर्य महिला पीजी महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के 'ब्लू स्टॉकिंग लिटरेरी क्लब' और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को 'चिरायुः महिला स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में वैद्य रिया द्विवेदी ने महिलाओं के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य और सुंदरता के पैमानों पर अपने विचारों को साझा किया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या प्रो. रचना दुबे, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भानुमति मिश्रा, आईक्यूएसी के कोआर्डिनेटर प्रो. विश्वनाथ मिश्रा, डा. कुमारी प्रीति, डा. अमित कुमार शुक्ला और वैद्य रिया द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। डा. भानुमति मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। वैद्य रिया ने महिलाओं के स्वास्थ्य और आयुर्वेद में उनके उपचार के साधनों पर अपना व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आयुर्वेद में उपस्थित त्वचा की देखभाल के साधनों के बारे में बताया। आंतरिक और बाह्य स्वास्थ्य के उपचार और शरीर में वात, पित्त और कफ की भूमिका के बारे में बताया। मानसिक स्वास्थ्य और डिप्रेशन से बाहर आने के आसान तरीके बताए। व्याख्यान के बाद उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया।

एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा अब 24 मार्च को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विधि विभाग में एलएलएम चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2023-24 के छात्रों की सात मार्च को आयोजित मौखिक परीक्षा अब 24 मार्च को होगी। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लघुशोध प्रबंध के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा कि स्थिति में उनकी मौखिकी परीक्षा संभव नहीं हो पायेगी।

समाजशास्त्र विभाग में शोध सलाहकार समिति की बैठक 19 को

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में विभागीय शोध सलाहकार समिति की बैठक 19 मार्च को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता सिंह ने कहा कि बैठक दोपहर एक बजे समाजशास्त्र विभाग में होगी, जिसमें शोध पर्यवेक्षक एवं उनके शोधार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

सात दिवसीय गांधी शिल्प मेले का शुभारम्भ

वाराणसी। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं ग्रामीण विकास संस्थान, गोरखपुर द्वारा आयोजित गांधी शिल्प बाजार (जिला) का उद्घाटनअर्बन हॉट मकबूल आलम रोड चौकाघाट में सोमवार को किया गया।

शिल्प गुरु महेश कुमार सुमन द्वारा समारोहपूर्वक किया गया। सुमन द्वारा फीता काटने के बाद दीप प्रज्जवलित किया गया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कटआउट पर माल्यार्पण भी किया गया। मौके पर सेवा केंद्र हस्तशिल्प वाराणसी के हस्तशिल्प सम्बर्द्धन अधिकारी विनय कुमार सिंह, सीटीओ शेर सिंह, लिफिक राजेश कुमार पाल व अजीत गौतम आदि का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

वरिष्ठ सहायक निदेशक एस.के. सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन सोमवार सफलतापूर्वक आरम्भ हुआ। 9 मार्च तक निःशुल्क प्रवेश वाले इस गांधी शिल्प बाजार में सम्पूर्ण भारत के विभिन्न प्रांतों से

हस्तशिल्पी अपने उत्कृष्ट उत्पादों के साथ सम्मिलित हुए। शिल्प बाजार में मुख्यरूप से हरिद्वार से टोडा एम्ब्रायडेरी के साथ संध्या कुमारी, ऋषिकेश से आप्लिक खटवा वर्क के साथ शैतान सिंह, मधुबनी से नामदा क्राफ्ट के साथ विश्नेश कुमार झा, आगरा से ज्वेलरी क्राफ्ट के साथ श्रीमती रमलाली, भोपाल से फूलकारी शिल्प के साथ प्रेरणा शर्मा, बंगाल से मैट के साथ श्रीमती पारुल सामंत, पटना से अपलिक सिल्क के साथ रज़िया शाहीन, छत्तीसगढ़ से फॉक पेंटिंग के साथ तीजजोपावले, असम से केन व बम्बू क्राफ्ट के साथ कोहिकोल इरलाम, गोरखपुर से टेराकोटा के साथ आरती भारती व विंध्याचल, गौतम बुद्ध नगर से इबरायदरी क्रॉचेट के साथ मानिकी मल्ल और आगरा से अपलिक खटवा क्राफ्ट के साथ सीमा देवी आदि ने अपने अपने स्टालों पर प्रदर्शन और बिक्री की। आयोजक संस्था ग्रामीण विकास संस्थान के मंत्री सुनील कुमार साहनी, दानिश, राजकुमार, रजई निराला आदि ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संक्षेप

रविदास घाट पर स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट जी एफ तथा सी द्वारा संयुक्त रूप से सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस सोमवार को रविदास घाट पर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ताल से हुआ। कार्यक्रम कुमार ज्ञा ने किया। पहले सत्र में स्वयंसेवकों ने रविदास घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की। इसके अंतर्गत घाट पर फैले प्लास्टिक और कचरे आदि को साफ किया। इस मौके पर स्वयंसेवकों के बीच गंगा निर्मलीकरण पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। स्वयंसेवकों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग (बीएचयू) के डा. विनय कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से हमारे इतिहास में पर्यावरण से संबंधित ज्ञान की परंपरा प्राप्त होती है। इस संदर्भ में उन्होंने ऋग्वेद और सिन्धु-सरस्वती सभ्यता का उदाहरण देते हुए पर्यावरण से संबंधित देवताओं की बात कही। उन्होंने गंगा के निर्मलीकरण पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

डॉ. संतोष बने सवर्ण विकास मंच के प्रदेश प्रवक्ता

वाराणसी। शिक्षाविद डॉ. संतोष कुमार सिंह को सवर्ण विकास मंच का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनको नया दायित्व मिलने पर शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। उनका कहना है कि संस्था का प्रमुख उद्देश्य देश में पांच लाख रुपये के एजुकेशन कार्ड को लागू करवाना है। इसके लिए संघर्ष किया जाएगा।

एनएसएस शिविर में चली स्वच्छ, भारत श्रेष्ठ भारत की मुहिम

वाराणसी। डीएवी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा चल रहे सप्ताहव्यापी शिविर में लोमवार को स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत मिशन पर आयोजन हुए। कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रियंका बहल एवं डा. ऋचा गुप्ता के नेतृत्व में दुगार्कुण्ड स्थित धर्मसंघ परिसर में चल रहे शिविर में यूनिट ई एवं एच के स्वयंसेवकों ने धर्मसंघ से रैली निकाल जनजागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने दुगार्कुण्ड स्थित मलिन बस्ती में जाकर उन्हें सफाई के लिए जागरूक किया। साथ ही उनकी आर्थिक, शैक्षणिक एवं महिला अधिकारों के प्रति उन्हें अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई बी के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश कुमार के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय, कचनपुर ग्राम में एनएसएस शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। हम स्वच्छता को ही सेवा मानकर कार्य करते है। विशिष्ट वक्ता सेवानिवृत्त आईईएस आरपी मिश्रा ने भी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अध्यक्षता प्रो. सत्यगोपाल जी ने की।

पांच आईएएस, 14 व्यवसाई पहुंचे पुराने हॉस्टल

वाराणसी। बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में पहली बार पूर्व छात्र समागम का आयोजन किया गया। इसमें 1992-95 सत्र के 44 पूर्व छात्र अपने पुराने आचार्य नरेंद्र देव हॉस्टल पहुंचे। साथ ही एआई के युग में भी गुरु शिष्य परंपरा को कभी न भूलने की सीख दी।

इस दौरान प्रभारी कुलपति प्रो. संजय कुमार ने मुलाकात कर बोले 30 साल में बीएचयू की उपलब्धियां गिनाईं। पूर्व छात्रों ने भी बीएचयू के छात्रों को मल्टी नेशनल कंपनियों, मंत्रालय और बैंक में जॉब और इंटर्नशिप की उम्मीद जताई। इसके बाद सेंट्रल डिस्कवरी सेंटर में पूर्व संकाय प्रमुख प्रो. अरविंद जोशी ने पूर्व छात्रों को पुरस्कृत किया। इनमें पांच आईएएस, पांच सीनियर एडवोकेट समेत 14 कॉरपोरेट, बिजनेस मैन और अधिकारी रहे।

रीडीसी बिल्डिंग सामाजिक विज्ञान संकाय में प्लेसमेंट सेल और लीडर एंड लाइफ स्किल्स की प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. मनीषा मेहरोत्रा ने छात्र और छात्राओं का संवाद भी कराया। पुरा छात्रों ने बीएचयू-कनेक्ट पोर्टल से जुड़ने की बात कही। साथ ही ये भी कहा कि इससे पूरी दुनिया में सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई करने वालों को भी जॉब और इंटर्नशिप के ऑफर मिलेंगे।

डर को बाहर निकालें, जीत जरूर मिलेगी

पूर्व छात्रों ने कहा कि 30 साल पहले इस तरह का प्लेसमेंट नहीं होता था। विचित्र मणि ने कहा कि छात्र अपने अंदर के डर को बाहर निकालो। इससे एकेडमिक सफलताएं भी आपके कदम चूमेंगी। रजनीश सिंह ने कहा कि आजकल छात्र एआई और चैट जीपीटी पर जोर देते हैं, लेकिन ये कभी भी शिक्षकों की जगह नहीं ले सकते हैं। बीएचयू की गुरु-शिष्य परंपरा को अनवरत बनाए रखिए। दिल्ली के बृजेश ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को आत्म अवलोकन करना जरूरी है।

30 साल पहले सिर्फ सिविल सर्विसेज ही था कॅरिअर

बैंक ऑफ बड़ौदा के एजीएम ने कहा कि अब नौकरी में दिक्कत नहीं आएगी। झारखंड में आईएएस मनीष रंजन ने कहा कि 30 साल पहले सिर्फ सिविल सर्विसेज में कॅरिअर बनाने का सपना होता था। अब कई प्रकार के अवसर हैं। नलिन ने कहा कि दुनियाभर में बीएचयू के छात्र मिलेंगे। अनुराग प्रताप ने कहा कि आज पुराने दोस्तों से मिला और गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रशिक्षण का प्रयोग कक्षा में हो तभी सार्थकता : बीईओ

पिंडरा। समग्र शिक्षा जिला परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार से बीआरसी मंगारी पर किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि बीईओ विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण की सार्थकता तभी सही साबित होगी, जब उसका उपयोग समावेशी बच्चों यानी विशिष्ट बालकों के शिक्षण और उनके संवर्धन के लिए करें। प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों के शिक्षण, शिक्षा में सूचना व संप्रेषण तकनीकी, निदानात्मक व बुनियादी संख्या ज्ञान समेत अनेक विषयों पर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। नोडल टीचरों को प्रशिक्षक राजबली, सतीश सिंह, गायत्री देवी, राजकुमार सिंह व वीरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण दिया।



क्वींस कॉलेज में पहली बार बालिकाओं को मिलेगा दाखिला

तैयारी

कक्षा छह से 11 तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए कराई जाएगी प्रवेश परीक्षा

वाराणसी। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लहुराबीर स्थित पीएम श्री क्वींस इंटर कॉलेज में आठ मार्च से लड़कियों को भी दाखिला दिया जाएगा। कक्षा छह से 11वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। इसमें सबसे अधिक अंक लाने वालों छात्रा की पूरे सत्र की फीस माफ होगी। इसके अलावा जो भी छात्रा बोर्ड परीक्षा में टॉप करेगी, उसे भी विद्यालय के प्रधानाचार्य नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी करेंगे।

किसी राजकीय विद्यालय में पहली बार इस तरह का प्रयोग किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में पहली बार बालिकाओं को प्रवेश आठ मार्च से दिया जाएगा। कक्षा छह से कक्षा 11 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। अभी तक विद्यालय में सिर्फ बालक ही प्रवेश लेते रहे हैं। पहली बार ये प्रयोग किया जा रहा है। विद्यालय में अभी फिलहाल 2600 बालक पंजीकृत हैं। बालिकाओं का प्रवेश शुरू होने के बाद ये संख्या और बढ़ जाएगी। विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर कक्षाएं दो शिफ्ट में चलाई जाएंगी।

18 महिला शिक्षकों को मिलेगी सुविधा

विद्यालय में 40 से अधिक शिक्षक हैं। इनमें करीब 18 महिला शिक्षक हैं। इनका लाभ विद्यालय में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को मिलेगा। राजकीय क्वींस कालेज की स्थापना अंग्रेजी शासनकाल में हुई थी। पहले यह संस्कृत क्वींस कॉलेज के नाम से जाना जाता था। क्वींस इंटर कॉलेज 1840 में स्थापित हुआ था। यह सिर्फ बालकों के लिए संचालित था। अब यहां बालिकाओं को भी शिक्षा दी जाएगी।

स्वयं प्लेटफॉर्म से शिक्षा प्रणाली में डिजिटल क्रांति

बोले कुलपति

काशी विद्यापीठ व संबद्ध महाविद्यालयों में 'स्वयं-एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों का एकीकरण एवं क्रियान्वयन' विषयक कार्यशाला

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सोमवार को 'विवि एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों में स्वयं-एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों का एकीकरण एवं क्रियान्वयन' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। विवि के अकादमिक सेल एवं कुचसचिव कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों को स्वयं-एनपीटीईएल प्लेटफॉर्म से जोड़ना और डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षण पद्धतियों में नवाचार लाना था।

अध्यक्षता करते हुए काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकता एवं संभावनाओं चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वयं-एनपीटीईएल जैसे प्लेटफॉर्म भारतीय शिक्षा प्रणाली में डिजिटल क्रांति लाने का कार्य कर रहे हैं और यह शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त माध्यम बन सकता है। आज विद्यार्थी दुनिया के किसी भी कोने से स्वयं प्लेटफार्म के माध्यम से देश के जाने माने शिक्षाविदों से पढ़ सकता है और उनके द्वारा तैयार गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री व वीडियो लेक्चर का लाभ लेकर अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल को बढ़ा सकता है। साथ ही विद्यार्थी को अपने पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के और अधिक विकल्प मिल गए है। स्वयं प्लेटफार्म के माध्यम से एनईपी-2020 के ऑनलाइन शिक्षा और हाइब्रिड कक्षाओं के संचालन के लक्ष्य को प्राप्त करने में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को बड़ा लाभ मिलेगा।

मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर की परियोजना वैज्ञानिक एवं लोकल चैप्टर समन्वयक डा. अंगना सेनगुप्ता ने स्वयं-एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के एकीकरण, उनके लाभ, पंजीकरण प्रक्रिया एवं शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा के इस क्रांतिकारी परिवर्तन को अपनाकर इसे अपने शिक्षण में समाहित करना चाहिए। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने स्वयं-एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए।

इस मौके पर विवि प्रशासन ने घोषणा की कि काशी विद्यापीठ एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों में स्वयं-एनपीटीईएल पाठ्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों से जोड़ने के लिए कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वागत करते हुए एआईएसएचए के नोडल अधिकारी प्रो. निरंजन सहाय ने कार्यशाला की विषयवस्तु एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन निदेशक-अकादमिक एवं नोडल अधिकारी-स्वयं डा. संदीप गिरी एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव दीप्ति मिश्रा ने किया। मौके पर विवि के संकायाध्यक्षगण, विभागाध्यक्ष, अध्यापक, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, नोडल अधिकारी, शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

अहिल्याबाई ने आचार्यों की तपोभूमि को भी किया संरक्षित

वाराणसी। माता अहिल्याबाई होल्कर ने विपरीत परिस्थितियों में भी महिला सशक्तीकरण पर काम किया और भारतीय संस्कृति की रक्षा की। अहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक और समाज सेविका थीं, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने मंदिरों का निर्माण करवाया, घाट बनवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया और मार्गों का निर्माण करवाया।

उन्होंने भूखों के लिए अन्नक्षेत्र खोले और प्यासों के लिए प्याऊ स्थापित किए। यह विचार संपूर्णानंद संस्कृत विवि के पाणिनी भवन सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) के पूर्व महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व तथा मयार्दापुरुषोत्तम भगवान रामचन्द्र जी एवं भरत मिलाप का मंचन तथा विभिन्न विषयों पर भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की मंत्री पूजा दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

बोलीं पूजा दीक्षित

अहिल्याबाई होल्कर की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान : कुलपति

उन्होंने नारी उत्थान के दृष्टिगत कहा कि आज यहां नाटकों के मंचन में क्रमशः माता अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दशार्या गया, जिसमें महिला सशक्तीकरण तथा मयार्दापुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र एवं भरत मिलाप का मंचन हमारी संस्कृति का साक्षात दर्शन है इससे समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अहिल्याबाई होल्कर ने अपने कृतित्व से नारी शक्ति का विकास किया और खोयी हुई नारी शक्ति को जागृत किया। उन्होंने ऋषि तुल्य आचार्यों की तपोभूमि को भी संरक्षित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि आज महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। हमारे वेदों-पुराणों में भी मां की पूजा का विधान है। अहिल्याबाई होल्कर की उपलब्धियां उल्लेखनीय और प्रभावशाली हैं। उन्होंने इंदौर को एक समृद्ध और सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन शहर में परिवर्तित किया। उन्होंने मालवा क्षेत्र में किलों और सड़कों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई हिंदू मंदिरों के संरक्षक के रूप में काम किया। उनकी विरासत को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

रमजान आया तो बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

रमजान के मद्देनजर सब्जी दुकान पर खरीदारी करते लोग

बलिया। पाक माह-ए-रमजान माह शुरू हो गया है। सोमवार को मुस्लिम समुदाय ने दूसरा रोजा रखा। इस दौरान शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रमजान का असर देखने को मिला। रोजेदार खरीदारी के लिये बाजारों में पहुंच गये और जमकर खरीदारी की। इससे बाजारों में रौनक बढ़ गयी। शहर के विशुनीपुर, गुदरी बाजार, चौक आदि जगहों पर इफ्तार, सहरी की खरीदारी के लिए चहल-पहल रही। रोजेदारों ने सुबह सहरी के बाद पूरे दिन इबादत में समय बिताया। मगरिब की अजान जैसे हुई, रोजेदारों ने इफ्तार किया।

उल्लास

सभी मस्जिदों में पढ़ायी जा रही तरावीह की नमाज

इसके बाद मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गयी और तरावीह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

रमजान का महत्व केवल रोजा रखने तक सीमित नहीं है। यह आत्मसंयम और अपने आपको पाक रखने का भी महीना है। धार्मिक गुरुओं ने बताया कि इस दौरान झूठ, फरेब, बेईमानी, नाप-तोल में हेरा-फेरी, कमीशनखोरी और अन्य गलत कार्यों से बचना चाहिए। क्योंकि यह रोजे की पाकीजगी को नुकसान पहुंचाते हैं। रोजा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह बुराइयों से बचने और इंसानियत की राह पर चलने का महीना है। रमजान के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग अपने कमाई का एक हिस्सा जकात व फितरा के रूप में निकालते हैं, जिससे गरीबों की मदद की जा सके।

मासूम अरहान ने रखा रोजा खुदा की इबादत में मशगूल

अरहान खां

बलिया। रमजान के पाक महीने की शुरुआत के साथ ही रोजेदारों का इबादत और रोजे का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार शहर से सटे बहेरी निवासी वसीम अहमद के पुत्र अरहान खां ने पहला रोजा रखा। उसके बाद सोमवार को भी दूसरा रोजा रखकर खुदा की इबादत में मशगूल है। पांच वर्षीय अरहान की मां नौशब्बा परवीन का कहना है कि अरहान पहले दिन से ही रोजा रखने की जिद कर रहा था। सेहरी के समय जैसे ही मस्जिद से एलान हुआ, वह खुद उठ कर तैयार हो गया और परिवार के साथ सेहरी खाया। पूरे दिन उसने न कुछ खाया और न ही पानी पीया। अरहान के रोजा रखने की खुशी में परिवार ने इफ्तार के लिए विशेष इंतजाम किया। घर में फल, शरबत, खजूर और विभिन्न पकवानों से इफ्तार सजाया गया। जैसे ही अजान की आवाज गूंजी, पूरे परिवार ने अरहान के साथ रोजा खोला।

सेहरी व इफ्तार के लिए जमकर हो रही खरीदारी

बलिया। बाजार पूरी तरह से रमजान की तैयारियों में रंग चुका है। फल, खजूर, ड्राई फ्रूट्स दुकानदारों ने अपने स्टाल पर सजा रखा है, जबकि तेला पर फलों की दुकान पहले की अपेक्षा कुछ अधिक ही दिखने लगी है। सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दूसरा रोजा रखा, जो पूरे महीने अल्लाह की रहमत की दुआ करेगा। एक ओर जहां फलों की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं दूसरी ओर मैदा, दूध, खोवे, घी, रिफाइंड, चीनी, नारियल के बुरादा से तैयार की गयी रोटी की बिक्री भी जोरों पर है। बाजारों में बकरखानी 50 से लेकर 100 रुपये तक में बिक रहे थे।

टोपी की खरीद हुई तेज

बलिया। रमजान को लेकर टोपी की डिमांड बहुत बढ़ गयी है। क्योंकि रमजान माह में मुसलमानों के लिए टोपी का बहुत महत्व है। बाजार में अलग-अलग तरह की टोपियां उपलब्ध हैं। इनकी कीमत क्वालिटी के हिसाब से 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। टोपी में सबसे ज्यादा डिमांड नग वाला टोपी का हो रहा है। शहर के विशुनीपुर चौराहे पर टोपी की कई दुकानें सज गयी है, जहां पर लोग अपने-अपने हिसाब से टोपी की खरीदारी कर मस्जिदों में प्रवेश किया।

रमजान में बढ़ी खजूर की मांग

बलिया। 30 दिनों तक रखे जाने वाले रोजों में खजूर एक खास फल माना जाता है। रमजान में सबसे ज्यादा बिकने वाले सामानों में खजूर सबसे ऊपर आती है। सऊदी अरब की खजूर पूरी दुनिया में एक्सपोर्ट की जाती है। वहीं, खजूर बलिया में भी बिक्री के लिए आता है। ब्रांडेड कंपनी की खजूर लोगों को खुब भा रही है। जबकि जनरल खजूर भी बाजार में बिक रही है। बाजार के फल एवं ड्राई फ्रूट की दुकान पर अलग-अलग वेरायटी के पाकेट बंद खजूर बिक्री के लिए सजा हुआ है. जिसकी कीमत 250 से लेकर से लेकर 1200 रुपये प्रति किलो तक है।

मरीजों को बाहर की दवाइयां लिख रहे चिकित्सक

कोई डर नहीं

खास कंपनियों की महंगी दवा खरीदने को किया जा रहा विवश

बैरिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा एवं संयुक्त राज्यकीय चिकित्सालय सोनबरसा में निहित स्वार्थ वश चिकित्साधिकारी मरीज को बाहर की दवाईयां लिख रहे हैं, जबकि 70 प्रतिशत से ज्यादा दवाईयां अस्पताल में उपलब्ध है। बाहर की दवा लिखे जाने पर रोगी चिकित्सकों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इनका कहना है कि बाहर की दवाईयों के कारण गरीबों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। मरीजों को अस्पताल से दवा देने की बजाय खास कंपनियों की महंगी दवा खरीदने को विवश किया जा रहा है। बैरिया बाजार के कतिपय मेडिकल स्टोर के मालिकों ने बताया कि अधिकांश चिकित्साधिकारी कुछ खास कंपनी की दवाएं लिखकर अपना स्वार्थ पूर्ति कर रहे हैं। मरीज भाड़ में जायें। उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। मेडिकल स्टोर के संचालकों ने यह भी बताया कि कि अगर गलती से मरीज किसी दूसरी कंपनी की दवा खरीद कर ले आया तो डाक्टर उसे गलत बताकर वापस करा देते हैं। वही दवा खरीदने को मजबूर करते हैं, जो उनके चेहते कंपनी की होती है। धतुरी टोला निवासी विकास सिंह ने बताया कि कई चिकित्सक इस क्रिया-कलाप में संलग्न है, जिन्हें न तो सरकार की मंशा की परवाह है और ना ही मरीजों की बेबसी का। इसी तरह बैरिया निवासी उर्मिला देवी बताती है कि सोनबरसा अस्पताल में इलाज करना है तो आपको बाहर की दवा खरीदनी पड़ेगी। क्योंकि अधिकांश डॉ. बाहर की दवा लिखते हैं और अनावश्यक रूप से जांच भी लिखते हैं। रानीगंज निवासी मुन्ना शर्मा का कहना है कि रोगियों को अस्पताल से दवाई दी जाए। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि डीएम के माध्यम से इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा जाएगा।

किसी तरह की अफवाहों पर न दें ध्यानः एसडीएम

सिकन्दरपुर। होली और रमजान त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं जाने के लिए उप जिलाधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में चौथी प्रांगण में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। रंगों का त्योहार होली इस बार शुक्रवार को पड़ रहा है। इसको लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क है। इस दौरान साफ सफाई, बिजली, पानी के मुद्दे छाए रहे। इस पर मौजूद अधिकारियों ने नगर पंचायत एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों को समय रहते सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि जुलूस परंपरागत मार्गो से ही निकालें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। त्योहार इस तरह मनाए कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे। जब कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करें तो पुलिस व प्रशासन को सूचित करें। अराजकता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सीपी यादव, चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, एसआई नीरज यादव, प्रशांत दुबे, भैरव वर्मा, राकेश सिंह, नजरुल बारी, पवन राय, भीष्म यादव, सुनील तुरेया, डा. उमेश चंद, फैजी अंसारी आदि मौजूद रहे।

कागजी घोड़े दौड़ाने में मशगूल है जिला एवं तहसील प्रशासन

बोले मनोज शाह

मांडल तहसील पर 35वें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

जनसंदेश न्यूज

तहसील पर धरना देते गोंड समुदाय के लोग

बलिया। ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में सदर मांडल तहसील पर गोंड समुदाय का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर कार्यालयावधि का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 35वें दिन भी जारी रहा। आगसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि हर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शासनादेश का अनुपालन कराने के लिए पत्रक दिया जाता रहा है। इसके क्रम में 28 फरवरी को उप जिलाधिकारी सदर आत्रेय मिश्रा द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया कि उप्र शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों में दिये गये व्यवस्था एवं जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्गत निर्देश के अनुपालन में स्थलीय एवं अभिलेखीय जांचोपरांत सही पाये जाने पर नियमानुसार गोंड का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। कहा कि जमीनी सच्चाई यह है कि गोंड जाति प्रमाण पत्र के लिए आनलाइन आवेदन करने पर लेखपाल एवं तहसीलदार द्वारा आवेदन बार-बार अस्वीकृत कर निरस्त कर दिया जा रहा है। जिला और तहसील प्रशासन केवल कागजी घोड़ा दौड़ाने का काम कर रहा है। लेखपाल और तहसीलदार गण द्वारा शासनादेश का अनुपालन न करना घोर अराजकता है। इस अवसर पर सुरेश शाह, गोंडवाना सिंह, मैनेजर गोंड, संजय गोंड, श्रीपति गोंड, रघुनाथ गोंड, अशोक गोंड, ओमप्रकाश गोंड, शिवशंकर गोंड, मुकेश गोंड, शिवजी प्रसाद, विश्वनाथ गोंड, श्रीमति नैना देवी, अनिल गोंड आदि मौजूद रहे।

खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग

बोले सुनील सिंह

पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीआईजी

बलिया। पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ द्वारा पुलिस लाइन बलिया में आयोजित 29वीं अन्तरजनपदीय वाराणसी जोन पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर (पुरूष/महिला) एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता वर्ष-2025 वाराणसी जोन वाराणसी का उद्घाटन किया गया। सोमवार को पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह के जनपद बलिया में आगमन पर सर्वप्रथम पुलिस लाइन में सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी।

पुलिस उप मानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित 29वीं अन्तरजनपदीय वाराणसी जोन पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर (पुरूष/महिला) एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता वर्ष-2025 वाराणसी जोन वाराणसी का पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के साथ उद्घाटन किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनको खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली जोन स्तरीय प्रतियोगिता में 07 जनपदों के कुल 124 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। विभिन्न खेलों को खेलने से हमारी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। खेल एक महान सामाजिक संगठन है। जब हम खेल खेलते हैं तो हम साथी खिलाड़ियों के साथ ग्रुप में संगठित होते हैं और टीमवर्क करते हैं। इससे हमारे सामाजिक और संघटनात्मक कौशल विकसित होते हैं। हम अन्य लोगों के साथ सहयोग करने का कौशल बनाते हैं। खेल हममें नेतृत्व के गुण विकसित करता है। हमारी सामरिक बुद्धि को मजबूत बनाता है। हमें संघर्ष के साथ सामथर्यपूर्ण व्यवहार करने का मौका देता है ।

3.50 करोड़ से होगा रोडवेज वर्कशॉप का कायाकल्प

बलिया। परिवहन निगम के जीराबस्ती स्थित वर्कशॉप का बरसात से पहले कायाकल्प कराए जाने की योजना है। इसके लिए प्रस्ताव परिवहन निगम मुख्यालय को भेजा गया है। कायाकल्प के लिए 3.50 करोड़ की योजना तैयार की गई है। शहर स्थित रोडवेज डिपो के चल रहे नव निर्माण के कारण एआरएम आफिस समेत डिपो का संचालन वर्कशाप से ही किया जा रहा है। वर्कशाप की हालत खराब है। पुराने टीनशेड एवं भवन जर्जर हो चुके हैं। बरसात के दिनों में टीनशेड एवं भवनों की छत टपकने लगती है। इससे कर्मचारियों को कई तरह की दिक्कत होगी। फिलहाल पानी निकासी की समस्या को दूर करने के लिए सड़क से नीचे हुए वर्कशाप परिसर में मिट्टी भराई का कार्य चल रहा है, जिससे जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। सीएनडीएस ने भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाया है। सीएनडीएस के जेई अभिलाष पांडेय ने बताया कि रोडवेज वर्कशाप की मरम्मत एवं बिजली वायरिंग का प्रस्ताव भेजा गया है। एआरएम अजय कुमार ने बताया कि वर्कशाप मरम्मत के लिए शासन से जल्द ही धनराशि जारी होगी।

चौपाल में दर्जनों लोगों ने ग्रहण की सपा की सदस्यता

सिकंदरपुर। सिकंदरपुर समाजवादी पार्टी इकाई द्वारा लगातार पीडीए जागरूकता जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी सिकंदरपुर का लक्ष्य है कि मार्च महीना तक पीडीए जागरूकता जन चौपाल लगाया जाएगा। क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में क्षेत्र के योगेसरा गांव में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान भाजपा एवं बसपा छोड़ कर आये दर्जनों लोगों ने क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी के समक्ष सपा की सदस्यता ग्रहण किया। क्षेत्रीय विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि पीडीए समाज अब जग गया है। पीडीए के हक को लूटना भाजपा सरकार को 2027 के चुनाव में बहुत महंगा पड़ेगा। पीडीए का वोट लेकर बनी भाजपा सरकार अब फिर दुबारा सत्ता में वापस लौट कर नहीं आएगी। इस अवसर पर रामजी यादव, गुरुजलाल राजभर, देवनारायण यादव, हरिकृष्ण पासवान, बड़ेलाल चौहान, विनोद राम, हीरामन यादव, अशोक सूर्या आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता टमाटर चौहान प्रधान एवं संचालन वीर बहादुर वर्मा ने किया।

17.23 करोड़ से होगी 57 सड़कों की मरम्मत

विकास कार्य

पहली किस्त के रूप में जारी की गई 10.33 करोड़ की धनराशि

बलिया। ग्रामीण क्षेत्र की 57 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए शासन की ओर से 17.23 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है। निर्माण शुरू करने के लिए पहली किस्त में 10.33 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। नगरा-बलिया मार्ग उरैनी तक पूरी तरह से जर्जर हो गया है। उरैनी के प्रधान प्रतिनिधि उदयभान यादव ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत लगभग छह वर्ष पूर्व करायी गई थी। यही हालत डिहवां चट्टी से सरवां तक की सड़क का है। यह सड़क डिहवां से सलेमपुर तक जाती है। इस सड़क पर रात-दिन आवागमन होता रहता है। ये दोनो सड़कें विशेष मरम्मत योजना में पास हुई है। कुछ ऐसी ही हालत रोहना राजभर बस्ती से सरदासपुर-रसड़ा मार्ग, ब्रह्माईल काली माता मंदिर से शंकरपुर मार्ग, कदम चौराहा घरौली से चिरैया बाबा पोखरा मार्ग, नगरी अमवा-मिड्डा संपर्क मार्ग, बलिया-गड़वार मार्ग से निधरिया ओबिडकर बस्ती मार्ग का है। इसके अलावा परसपुर-भीखपुर-श्रीपुर संपर्क मार्ग, बलिया-बांसडीह मार्ग गोठौली संपर्क मार्ग भी जर्जर हो गया है। पीडब्ल्यूडी के प्रतीय एवं निर्माण दोनो खंडों की ओर से इन मार्गों का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। इसे स्वीकृति दे दी गई है। पहली किस्त में निर्माण के लिए 10.33 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। इसके बाद मार्ग की मरम्मत के लिए आगे की कवायद शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के एक्सईएन केशरी प्रकाश ने बताया कि शासन से कुछ सड़कों के लिए स्वीकृति मिली है। जल्द ही टेंडर आदि की कवायद कर निर्माण शुरू कराया जायेगा।

डीआईजी ने मातहतों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

बैठक

पुलिस लाइन के सभागार में की अपराध समीक्षा बैठक

पुलिस लाइन के सभागार में अपराध समीक्षा बैठक करते डीआईजी

बलिया। पुलिस उप महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों व पुलिस कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारियों के साथ आगामी त्यौहारों रमजान, होली व जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा बैठक की गई।

उन्होंने जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी अधिकारीगणों/थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर संवेदनशील गांवों में अलग से पुलिस बल की डयूटी तथा धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की डयूटी लगाने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी 112 को जनपद की समस्त पीआरवी को मिलने वाली समस्त इवेन्ट पर शीघ्र अतिशीघ्र मौके पर पहुंच कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु अपराध समीक्षा बैठक भी की गयी। उन्होंने सभी थानों के प्रभारी के साथ सम्बन्धित थानों के बीरे में जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं को भी अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का धौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, थानों के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

युवा समाजसेवी ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन

रसड़ा। कस्बा निवासी युवा समाजसेवी विश्वजीत जायसवाल ने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर को लंबी दूरी की ट्रेनों के रसड़ा रेलवे स्टेशन पर ठहराव को लेकर सोमवार को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग किया है कि रसड़ा तहसील एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। लंबी दूरी की ट्रेनों का रसड़ा रेलवे स्टेशन पर ठहराव नही है। बड़ी लाइन के विस्तार के बाद भी लंबी दूरी की ट्रेन जैसे गरीब नवाज आदि ट्रेनों का रसड़ा स्टेशन पर नहीं रूकने से लोगों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने मांग किया है कि रसड़ा रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव किया जाय। इस मौके पर दिलीप मद्धेशिया, विशाल कुमार, नीरज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आदर्श कलवार, राहुल गुप्ता, राजन गुप्ता, प्रिंस बरनवाल आदि मौजूद रहे।

सरकारी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू करने का निर्देश

बलिया। शासन की ओर से सरकारी विभागों में ई-आफिस प्रणाली शुरू करने के लिए सख्त निर्देश दिये गये है। इसे एक अप्रैल से प्रभावी करने का निर्देश दिया गया है। शासन के निर्देश के बाद जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकर ने ई-आफिस प्रणाली को लागू कर दिया है। जिले के 150 से अधिक विभागों को इससे जोड़ दिया गया है। ई-फाइल मिलने पर ही उनकी ओर से स्वीकृति दी जाती है। उन्होने बताया कि ई-फाइल से भविष्य में किसी तरह के अभिलेख को गायब नही किया जा सकता है। ई-आफिस डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का अभिन्न अंग होने के नाते ई-आफिस सरकारी कार्यालयों में सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कामकाज हासिल करने का माध्यम है। ई-आफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है, बल्कि उन्हें कागज रहित भी बनाती है। जिलाधिकारी ने बताया कि उनके यहां ई-आफिस प्रणाली से ही फाइल आने पर स्वीकृति दी जाती है। ई-आफिस प्रणाली से विभागों में जहां फर्जीवाड़ा रूकेगा, वहीं समस्या का समाधान भी निर्धारित समय के अंदर हो जायेगा। शासन की ओर से सख्त निर्देश दिया गया है कि जनपद, तहसील, विकास खंड आदि कार्यालयों में पत्रावलियों का आदान-प्रदान एवं पत्राचार ई-आफिस के माध्यम से ही शुरू कर दिया जाय।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

बेल्थरारोड। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नम्बर नौ निवासी मनोज प्रजापति (34) पुत्र छेदी एक शादी समारोह में रविवार की शाम को अपने रिश्तेदारी में शामिल होने गऊजनपद में जा रहा था कि इंदारा में सड़क दुर्घटना मे मौत हो गयी, जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक दीपक (20) पुत्र मुन्ना निवासी जमुआव खामपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया। मनोज के बहन की होने वाली खुशियां गम में बदल गई। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर नौ इमिलिया निवासी मनोज विदेश में नौकरी करता था। 10 दिन पूर्व 20 फरवरी को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए विदेश से आया था। रविवार की शाम को मनोज व दीपक एक बाइक से रिश्तेदारी में निमंत्रण पर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अभी मऊजिले के इन्दारा के पास दिनों पहुचे थे कि दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गयी। इससे दोनों सड़क के किनारे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायलों को मऊ जिला अस्पताल पहुंचाए, जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत मनोज प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल दीपक को प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी के लिए चिकित्सक ने रेफर कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बेटी की शादी के लिए 20 हजार की मदद करेगी सरकार

बलिया। बेटी की शादी के लिए सरकार अब मदद करेगी। इसके लिए आवेदन मांगे जा रहे है। शादी अनुदान योजना दो साल बाद शुरू हुआ है। इसके तहत पात्रता की श्रेणी में आने वाले परिवारों को बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की मदद सरकार की तरफ से दी जाएगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग को लक्ष्य भी दिया गया है। सरकार ने योजना के संचालन के लिए वेबसाइट जारी कर दिया है। पात्र आवेदन भी करने लगे हैं। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जायेगा। अब बेटियों के हाथ पीले करने में सरकार की मदद सहायक होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन शादी के 90 दिन पहले एवं 90 दिन बाद तक करना होगा। समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि शादी अनुदान योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आवेदन के लिए वेबसाइट खुला हुआ है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र आवेदन कर रहे हैं।

शांतिपूर्ण ढंग से चल रही परीक्षा

महौवां। आदर्श इंटर कालेज म्हौवां के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 942 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था। इसमें 74 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी है। हाईस्कूल के 39 एवं इंटरमीडिएट मेंथ के 26 तथा बायो के पांच परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शाम की पाली में चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है।

हृदयगति रुकने से समाजसेवी का निधन

बैरिया। क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी समाजसेवी उदय प्रताप सिंह (84) का हृदय गति रुकने के कारण रविवार को निधन हो गया। वह पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के काफी करीबी थे और कई शिक्षण संस्थाओं से जुड़े हुए थे। उनकी अंत्येष्टि सती घाट बहुआरा में किया गया। इसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए है।

पत्रकार की बहन के निधन पर शोक

बलिया। वरिष्ठ पत्रकार इमरान खान की छोटी बहन नरगिस खान (30) का बीएचयू वाराणसी में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थी और बीएचयू में भर्ती थी, जहां उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। नमाज-ए-जनाजा बस्तपुर में अदा की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर उन्हें अंतिम विदाई दी। परिजनों और शुभचिंतकों ने दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए दुआ की। वह अपने पीछे पुत्र आकिब सात वर्ष तथा तीन वर्ष की पुत्री मन्नत को छोड़ गयी है।

बच्चों की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए शिक्षक-अभिभावक

सनबीम स्कूल में प्रमाण पत्र के साथ बच्चे, मुख्य अतिथि एवं अन्य

बलिया। सनबीम स्कूल अगरसंडा में सोमवार को किंडर गार्टन स्तर-2 के बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीआरओ त्रिभुवन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय के बाल कलाकारों ने महाकुंभ पर आधारित एक मनमोहक नाट्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए केजी प्रथम के बच्चों ने फोट आफ वंडर और नट क्रैकर्स नामक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने केजी-2 के सभी विद्यार्थियों को उनकी डिग्री और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा अपने संबोधन में उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी सशक्त बनाना है। केजी-2 के छात्रों के लिए यह दीक्षांत समारोह केवल एक शैक्षिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की शुरुआत है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की इस सफलता में उनकी मेहनत और समर्थन का अहम योगदान है। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों में जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगानी चाहिए। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने कहा कि यह बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है। अतः इनके भविष्य की संवारना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस नीतू पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को प्रभावशाली और स्मरणीय बनाने हेतु सभी के योगदान की सराहना की।

स्कूल बस की टक्कर से चाचा-भतीजी की मौत

दुःखद

इंटरमीडिएट परीक्षा देने जा रही थी छात्रा

मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा-भतीजी की मौत हो गई। अमिला बोझी मार्ग पर पाण्डेपार के पास एक स्कूल बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। अमिला नगर पंचायत के खनिज निवासी रामरतन सिंह (52) अपनी भतीजी सोनम सिंह (17) को इंटरमीडिएट की गणित की परीक्षा दिलाने कटिहारी के राजकीय विद्यालय ले जा रहे थे।

इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूल बस अनियंत्रित होकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामरतन सिंह सड़क किनारे रखी सीमेंट की बेंच से टकराकर गिरकर लहूलुहान हो गए जबकि सोनम सिंह भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़राव ले जाया गया। चिकित्सकों ने रामरतन सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सोनम को जिला अस्पताल रेफर किया गया। आजमगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह बताया कि मृतक रामरतन की पत्नी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

19 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा सोमवार को देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण बुजेश, जाकिर, मुद्दिका साहनी, थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण अरूण कुमार सिंह, सोनू राजभर, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण देवेन्द्र राजभर, अवधेश, थाना घोसी पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण बजरंगी सिंह, जितेन्द्र कुमार, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त नन्दू हरिजन, थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त सुरेश सिंह तथा थाना मधुबन पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण भोला पुत्र रमावती, सत्यनन्द, जयप्रकाश, गोविन्दर दुसाद, शिवचरन को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन तकनीकी की दी गई जानकारी

मऊ। राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कुशमौर मऊ में आयोजित 03 से 07 मार्च तक चलने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डॉ संजय कुमार, निदेशक के मार्गदर्शन में, फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन तकनीकी विषय पर आधारित इस कार्यक्रम की शुरूआत पुष्प गुच्छ देकर एवं आईसीएआर गीत से हुई।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में प्रतिभागी किसानों ने अपना संक्षिप्त परिचय देते हुए यह बताया कि किशनगंज, बिहार में अन्य खाद्यान्न फसलों के साथ मक्का, चाषपत्ती और अन्नानास की खेती की जाती है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने किशनगंज से आए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसानों का कृषि के तरफ आकर्षण हर्ष का विषय है और अच्छा संकेत है। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी तथा किसानों को स्वयं बीज उत्पादित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के सिद्धांतों पर चर्चा की। बीज वैज्ञानिक डॉ आलोक कुमार ने किसानों को बीजों की विभिन्न श्रेणियों तथा गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन की मूलभूत तकनीकों से परिचय करवाया। उसके बाद वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कल्याणी कुमारी ने बीज प्रमाणीकरण में शामिल प्रक्रियाएं, महत्वपूर्ण फसलों के प्रक्षेत्र और बीज मानक से किसानों को परिचित करवाया तथा बीज प्रयोगशाला में उस विषय पर व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ कल्याणी कुमारी एवं आलोक कुमार कर रहे हैं।

संक्षेप

पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

मऊ। आगामी होली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारीगणों के नेतृत्व में देर रात्रि व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विशेषकर उग्रमार वाहनों के विरुद्ध चेकिंग की गई। इस दौरान कुल 1160 उग्रमार वाहनों को चेक किया गया तथा 744 वाहनों का चालान एवं 25 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही साथ वारंटी/वांछित, पुरस्कार घोषित व जिला बदर अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में कुल 22 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

एमएसीटी वादों के सम्बंध में प्री-ट्रायल बैठक

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में 08 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु सोमवार को पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण चन्द्रभुइ की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक आहुत की गयी। उक्त बैठक में पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण चन्द्रभुइ ने प्रस्तुत एमएसीटी वादों के सम्बंध में प्री-ट्रायल किया। अपर जनपद न्यायाधीश ने उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से आमजन से अपील की है कि 05 मार्च से 07 मार्च को लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लम्बित वादों का निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठायें।

सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला युवक

बेल्थरारोड। उभाव थाना क्षेत्र के अखोप-सरया डीहुमगत मार्ग पर मलेरा गांव के समीप सोमवार को करीब 12 बजे दिन में एक छात्र बेहोशी की हालत में सड़क किनारे लहुलुहान हालत में पड़ा मिला। पीआरबी डायल 112 नंबर की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी सीयर में दाखिल कराया गया, जहां पर उपचार के बाद चिकित्सक डा. कुशाग्र सिंह ने गम्भीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार आदित्य वर्मा (20) पुत्र निलरोज वर्मा ग्राम गढ़ा रत्नपुर, थाना हलधरपुर निवासी अपने घर से इस विद्यालय में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा देने गया हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घोटिल युवक परीक्षा देकर अपने घर जा रहा था कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में भ्रमण कर रही पीआरबी डायल 112 नंबर के वाहन द्वारा घायलावस्था में उसे देख तुरत अपने गाड़ी में बैठा कर उपचार के लिए सीएचसी सीयर में दाखिल कराया गया।

10 मार्च को गंगा आरती करने का निर्णय

बलिया। जल तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए संकल्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक संगठन गंगा समग्र बलिया द्वारा प्रायोजित प्रतिमाह एकादशी को होने वाली गंगा आरती 10 मार्च रंगभरी एकादशी को प्रातः 6.30 बजे महावीर घाट पर होगी। इसमें राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त प्रचारक रमेश जी शामिल होंगे। इस निमित्त गंगा समग्र बलिया नगर की आवश्यक बैठक मठ नागाजी सरस्वती शिशु मंदिर भृगुआश्रम के प्रांगण में नगर संयोजक ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में हुई। गंगा समग्र के राष्ट्रीय सह सम्पर्क प्रमुख गिरीश नारायण चतुर्वेदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राकेश महाजन, धनन्जय उपाध्याय, प्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

मोतियाबिन्द के मरीजों को बस से किया रवाना

बलिया। अक्सा एजुकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसाइटी रतसर कला के संयोजन मे 18 फरवरी को पूर्व ब्लाक प्रमुख गड़वार अखंडानन्द सिंह की पुण्यतिथि पर रतसर इंटर कालेज मे आयोजित नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य मेला मे आये मोतियाबिन्द के मरीजों को मोतियाबिन्द के आपरेशन के लिए सोमवार को बस द्वारा अखंड ज्योति आई हास्पिटल के लिए पूर्व ग्राम प्रधान स्मृति सिंह व रतसर इंटर कालेज के प्रबंधक मुक्तानन्द सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अक्सा संस्था की सचिव दीप्ती सिंह द्वारा सभी मरीजो को स्वलपाहार का पैकेट व पुष्पगुच्छ देकर विदा किया गया।

अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से वादकारी परेशान

बैरिया। पिछले चार फरवरी से बैरिया तहसील में अधिवक्ताओं का चल रहे न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहने के कारण वादकारियों एवं आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि बैरिया तहसील के विभिन्न न्यायालयों में तैनात पेशकारों द्वारा मुकदमों की पत्रावलियां रहस्य ढंग से गायब कर देने तथा अन्य व्यवस्थाओं से अधिवक्ता एवं वादकारी परेशान है। वही, अधिवक्ता विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे है। उनका कहना है कि अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो हड़ताल जारी रहेगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बेंच हड़ताल समाप्त करने के प्रति गंभीर नहीं है। छह मार्च तक बहिष्कार जारी है। इसके आगे का निर्णय छह मार्च को किया जाएगा। इधर, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि अधिवक्ताओं से वार्ता हो चुकी है। सात मार्च से तहसील के सभी न्यायालय सामान्य ढंग से चलने लगेंगे।

100 रुपए का जुर्माना जमा कर स्टांप वाद के मुकदमों का निस्तारण कराएं पक्षकारः डीएम

दिया निर्देश

समाधान योजना के तहत समस्त तहसीलों में 5 एवं 6 मार्च को लगाए जाएंगे कैंप

मऊ। स्टांप शुल्क की कमी से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण हेतु शासन के निर्देश पर चलाई जा रही समाधान योजना के तहत दिनांक 5 एवं 6 मार्च को जनपद के समस्त तहसीलों में कैंप का आयोजन किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि मात्र 100 का जुर्माना जमा कर स्टाम्प शुल्क की कमी से संबंधित वादों का निस्तारण स्टांप शुल्क की कमी की धनराशि तथा ब्याज जमा कर किया जा सकता है। यह समाधान योजना 31 मार्च तक लागू है। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने इस योजना का अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभ दिलाने हेतु समस्त तहसीलों पर दिनांक 5 एवं 6 मार्च को कैंप आयोजन का आयोजन कर अधिक से अधिक स्टांप शुल्क की कमी से संबंधित वादों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने स्टांप शुल्क की कमी के वादों से संबंधित पक्षकारों से भी अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाते हुए स्टांप शुल्क कमी की धनराशि ब्याज सहित मात्र 100 का जुमार्ना जमाकर इस योजना से लाभ उठाएं एवं मुकदमों से बचे। ज्ञातव्य है कि अगर स्टांप शुल्क में कमी पाई जाती है तो कमी की रकम से 40 गुना अधिक जुमार्ना लगाने का अधिकार न्यायालयों को है। परंतु समाधान योजना के तहत मात्र 100 का जुमार्ना लगाकर स्टांप शुल्क की कमी की धनराशि ब्याज सहित जमा करने के उपरांत स्टांप कमी के वादों का निस्तारण हो जाता है।

मंदिर को बनाया निशाना, लाखों के आभूषण चोरी

चोरी की वारदात

पूरी घटना सीसीटीवी में हुई कैद, जांच में जुटी पुलिस

मऊ। आम नागरिकों के घर की बात छोड़ दे अब भगवान का घर भी सुरक्षित नही रहा है। चोरी के एक घटना से पूरे जनपद में हड़कंप मच गया। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर से देर रात चोरों ने धावा बोलकर माता के मुकुट सहित लाखो के आभूषणों को पार कर दिया। सोमवार सुबह जानकारी होने पर पूरे शहर में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस सहित फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात तकरीबन 11:45 बजे नगर स्थित मां शीतला धाम के गर्भ गृह में माता का मुकुट और अन्य सामानों की चोरी हो गई। सोमवार की भोर में जब मंदिर के पुजारी गए तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर सीओ सिटी और शहर कोतवाल मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटे है। मंदिर के पुजारी दीपक ने बताया कि प्रतिदिन की भांती रविवार की देर रात मंदिर पूजा अर्चना के बाद बंद कर दिया गया था। सोमवार की भोर तीन बजे जब वह गर्भगृह पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। मां शीतला के सिर से सोने का मुकुट सहित लाखो के आभूषण गायब थे। मंदिर परिसर में चोरी की सूचना मिलने पर मां शीतला धाम सेवा समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुँचें। वहीं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली। वही चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिससे साफ देखा जा रहा है कि 02 नकाब पोश चोर बैग लेकर मंदिर में आते है जिससे में से 01 चोर छुपकर चारो ओर निगरानी करता दिख रहा है वही एक चोर मंदिर के गर्भगृह के ताला तोड़कर अंदर घुस रहा है। थोड़ी देर बाद मंदिर के अंदर से निकलकर दोनो चोर फरार हो जाते है।

चोरी की घटना की खबर आग की तरह पूरे शहर में फैल जाती है और काफी संख्या में भक्तगण मंदिर परिसर में जुट जाते है और पुलिस से मांग करते है कि जल्द जल्द चोरो को पकड़ा कर इस घटना का खुलासा किया जाए।

जिलाधिकारी ने की युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त उद्योग रवि शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत 01 मार्च तक पोर्टल पर कुल 719 ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इसमें से 142 ऋण आवेदन विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक स्वीकृत किया चुका है तथा 74 ऋण आवेदनों का वितरण भी किया जा चुका हैं। अभी तक कुल 319 ऋण आवेदन विभिन्न बैंकों के स्तर पर लंबित हैं। जिलाधिकारी ने बैंकवार समीक्षा करते हुए विभिन्न बैंकों के स्तर पर ऋण आवेदन लंबित पाए जाने एवं स्वीकृत ऋण आवेदनों का वितरण न किए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी बैंकर्स को आठ मार्च तक स्वीकृत ऋण आवेदनों का वितरण तथा सभी लम्बित ऋण आवेदनों को स्वीकृत कर ऋण वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पोर्टल पर सूचनाएं अपडेट रखने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, उपायुक्त उद्योग रवि शर्मा सहित बैंकर्स उपस्थित रहे।

23 को होली मिलन समारोह करने का निर्णय

बलिया। नगर के एलआईसी रोड स्थित कलवार धर्मशाला में व्याहुत जायसवाल कलवार महासभा की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि होली के बाद 23 मार्च को कलवार धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। प्रीतिभोज भी होगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए भी विशेष कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर विजयबहादुर, श्रीप्रकाश, केदारनाथ, सत्यदेव पप्पू, पीजी सर, पवन कुमार, चनरश्याम, अशोक कुमार, सर्वदमन जायसवाल, अरविन्द कुमार, हरिश्वर प्रसाद, शम्भूजी प्रसाद, सतीष गुप्त, पूनम प्रसाद, रीता राज, नेहा गुप्ता, नम्रता राजे, सौनम कुमारी, विनोद कुमार, अशोक जायसवाल, अजय गुप्त, आरती गुप्ता, राजेश कुमार, विधि जायसवाल आदि मौजूद रहे।

तेज आवाज में डीजे बजाने पर तीन संचालकों पर केस

बलिया। महाशिवरात्रि पर्व पर नरही थाना में जुलूस में मानक से अधिक तेज आवाज में डीजे बजाने पर तीन डीजे संचालकों पर केस दर्ज हुआ है। इसमें राज डीजे मालिक राज निषाद निवासी कोटवा, पीआर डीजे मालिक चुलबुल राय निवासी भरौली एवं डीजे उजियार मालिक रवींद्र सेठी निवासी उजियार पर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। महाशिवरात्रि पर मानिटरिंग सेल प्रभारी राकेश कुमार उपाध्याय सुरक्षा में तैनात थे। उजियार शिव मंदिर पर शाम को शिव बारात जुलूस निकाला गया। इसमें डीजे संचालकों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के मुताबिक डीजे बजाने को निर्देश दिया गया था। लेकिन संचालकों द्वारा मानक से अधिक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। तीव्र गति से डीजे बजाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें काफी लोगों द्वारा आपत्ति भी किया गया। थाना प्रभारी नदीम फरीदी ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर तीन डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई।

गांव-गांव में बहेगी योग ज्ञान की गंगा

जनसंदेश न्यूज

योजना

छह से 25 मार्च तक प्रत्येक गांव में चलेगा अभियान

बलिया। ध्यान एवं योग के माध्यम से लोगों की विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनके हृदय को प्रसन्न और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से श्री रामचंद्र मिशन हार्ट फूलनेस सेंटर महर्षि भृगु की धरती के गांव-गांव में योग ज्ञान की गंगा बहाएगा। हनुमानगंज ब्लाक के प्रत्येक गांव में यह अभियान 06 से 25 मार्च तक चलेगा।

हार्ट फुलनेश सेंटर के जोनल प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने बताया कि सांस्कृतिक मंत्रालय व श्रीराम चंद्र मिशन हार्ट फुलनेश सेंटर की ओर से सहज मार्ग संस्थापक बाबूजी महाराज की 125वीं जयंती पर ग्रामीण क्षेत्रों में एकात्म अभियान चलाया जा रहा है। जनपद की हार्ट फुलनेश इकाई द्वारा जनपद भर के प्रत्येक गांव में योग ज्ञान की गंगा की अविरल धारा बहाने की तैयारी की गई है।

हनुमानगंज ब्लाक में 06 मार्च से इसकी शुरुआत की जा रही है। विकास खंड के प्रत्येक गांव का चार्ट तैयार है। हार्टफुलनेश सेंटर और सांस्कृतिक मंत्रालय के एकात्म अभियान को प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के अभियान में खंड विकास अधिकारी हनुमानगंज का विशेष योगदान है। खंड विकास अधिकारी ने तीन से पांच मार्च तक तीन दिन विकास खंड हनुमानगंज व चिलकहर के सचिवों और प्रधानों की बैठक आयोजित की है। बैठक में हार्टफुलनेश सेंटर के सदस्यों के साथ एकात्म अभियान सफलता की कार्ययोजना बनेगी।

योग, मुद्रा और ध्यान से स्वस्थ रहने के गुण बताये जायेंगे। जिले के अन्य ब्लाकों में भी ऐसे कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इस कार्य में रत्नेश तिवारी तथा लक्ष्मण कुशवाहा प्रशिक्षक के रूप में योगदान दे रहे हैं।

पोस्ट ऑफिस की कुंडी तोड़कर चोरी

मनियर। मनियर पोस्ट आफिस में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मनियर के कर्मचारी जब ड्यूटी पर आए तो पोस्ट आफिस का दरवाजा टूटा देखकर उनके होश उड़ गए। डाक कर्मियों के अनुसार पोस्ट आफिस की बैक डोर का दरवाजा तोड़ दिए होंगे एवं डाकघर में प्रवेश कर गए होंगे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी मनियर रत्नेश कुमार दुबे का चार्ज देख रहे चंद्रहास राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि चोरी की तहरीर मिली है। मौके पर पुलिस गई एवं जांच पड़ताल की। इस मामले का खुलासा करने के लिए टीमें लगी हुई है।

ट्रॉली के लिए भी कराना होगा पंजीकरण

जनसंदेश न्यूज

बना नियम

मानकों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

बलिया। सड़कों पर हादसों को रोकने के लिए शासन ने ट्राली को लेकर गाइडलाइन जारी की है। अब ट्राली बनाते समय मनमानी नहीं चलेगी। परिवहन विभाग ने ट्राली या ट्राला का पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगानी होगी। इसके अलावा ट्राली का निर्माण करने वाले निर्माताओं को भी परिवहन विभाग में पंजीयन कराना होगा। इससे हादसे के बाद आसानी से ट्राली या ट्राला मालिक का पता चल जायेगा। निर्माण के लिए दिये गये मानकों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जायेगी।

बताते चले कि एआरटीओ कार्यालय में 15 हजार से अधिक ट्रैक्टर कृषि कार्य में पंजीकृत है। 12 का पंजीयन कामर्शियल कैटेगरी में है, जबकि अधिकतर ट्रैक्टर ट्राली भट्ठों से ईंट पहुंचाने और भवन निर्माण सामग्री विक्रेता के दुकानदारों के भरोसे चल रहे है।

परिवहन विभाग के आरआई ने बताया कि मानक विहीन ट्रैक्टर ट्राली और ट्रेलर से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को राकने के लिए शासन के निर्देश पर विभाग अब इन पर सख्ती बढ़ाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-172 के तहत पंजीकरण कराने पर परिवहन विभाग की ओर से चार अंकों का कोड मिलेगा, जो उनके उत्पाद पर अंकित होगा।

ट्राली निर्माण में सड़क सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता देने के लिए निर्देश दिये गये है। एआरटीओ ने बताया कि ट्राली और ट्राला का भी पंजीकरण एआरटीओ में होगा। उस पर चेसिस और रजिस्ट्रेशन नंबर पड़ेगा। ट्राली का निर्माण करने वाले निर्माताओं को भी परिवहन विभाग में पंजीयन कराना होगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये गये है। इस पर अमल शुरू कर दिया गया है।

आगामी 25 मार्च को कलेक्ट्रेट पर होगा प्रदर्शन

तिथि तय

बिजली के निजीकरण योजना को वापस लेने की मांग

बलिया। संयुक्त किसान मोर्चा बलिया इकाई की बैठक सोमवार को कंपनी बाग में बिजली के निजीकरण की योजना को वापस लेने के लिए हुई। वक्ताओं ने कहा कि बिजली का मकसद व्यापारिक नहीं, बल्कि गरीबों, मजदूरों, किसानों तथा आम जनता के घरों में उजाला करना था। इसके तहत हर गांव में मुफ्त में विद्युत खंभे लगाकर सरकार ने विद्युतीकरण कार्यक्रम को जनता तक पहुंचाया। कहा कि अब कंपनी राज कायम हो गया है। लगता है कि अब कंपनियां सरकार को आदेश दे रही है और वही काम सरकार कर रही है। संयुक्त किसान मोर्चा इसका विरोध करता है। क्योंकि इस कार्यक्रम से बिजली महंगी हो जाएगी और गरीबों की पहुंच से बाहर हो जाएगी। घरों में अंधेरा छा जाएगा और खेतों का काम भी चौपट हो जाएगा। घर-घर स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं, जो प्रीपेड होंगा। जब शुल्क खत्म हो जाएगा तो बिजली कट जाएगी। यहां तक की काटने और जोड़ने का भी चार्ज कंपनियां लगाएगी। पुनः हजारों हैंडबिल छपवाकर जनता के बीच जाने का काम करेंगे। आगामी 25 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर परमात्मा नंद राय, जनार्दन सिंह, बलवंत यादव, तेजनारायण, रामजी सिंह, कन्हैया शाही, रामकृष्ण यादव, शैलेश कुमार सिंह, संतोष सिंह, ओमप्रकाश सिन्हा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता लक्ष्मण पांडेय ने किया।

परदेसियों को सता रही टिकट की चिंता

राजनीति

होली में घर वापसी करने वाले यात्रियों को नहीं मिल रहा टिकट

बैरिया। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की भीड़ खत्म हो गई है, लेकिन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की समस्याएं जस की तस है। उनकी समस्या कम होने का नाम नही ले रही है। अब होली में दूसरे राज्यों से अपने घर वापसी करने वाले परदेसियों को टिकट की चिंता सताने लगी है। उन्हें आरक्षित टिकट लेने में पसीने बहाने पड़ रहे हैं। बावजूद इसके उनको टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालांकि जिन यात्रियों ने टिकट की अग्रिम बुकिंग करा ली थी, वह सुरक्षित है। लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें ट्रेनों में आरक्षित टिकट नहीं मिल रहा है। वह दूसरे राज्यों से घर लौटने को लेकर आपाधापी में है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, सूरत, अहमदाबाद, चेन्नई, लुधियाना सहित अन्य औद्योगिक नगरों में रहने वाले लोग टिकट के लिए लाइन में खड़े हुए तो 31 मार्च तक टिकट फुल बता रहा है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट चल रही है। रेलवे भी यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखकर स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। किंतु स्पेशल ट्रेन में 60 दिन की जगह 30 दिन पहले ही आरक्षित टिकट करने की व्यवस्था रेलवे ने दी है। इसको लेकर लोग काफी परेशान है। इधर, होली के बाद शादी विवाह का सीजन शुरू हो रहा है। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, सरयू यमुना एक्सप्रेस, गंगा कावेरी एक्सप्रेस, ताप्ति गंगा एक्सप्रेस में वेटिंग टिकट की लिस्ट लंबी चल रही है। फलस्वरुप परदेसी घर आने को लेकर काफी परेशान दिख रहे हैं। इस संदर्भ में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाए जाएंगे। जल्द ही रेलवे इसकी घोषणा करेगा।

विभागीय लापरवाही में एसडीओ-जेई निलंबित

एसएसओ बर्खास्त

भरौली कलां में ट्रांसफॉर्मर पर हाईटेंशन तार ठीक करते समय देवेंद्र राय की हुई थी मौत

जनसंदेश न्यूज

लाल दरवाजा पावर हाउस पर बैठक करते विद्युत संगठन।

गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के भरौली कलां में ट्रांसफार्मर पर हाई टेंशन तार ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर सविदाकर्मी लाइनमैन की हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने तत्काल प्रभाव से एसएसओ को बर्खास्त कर दिया है। वहीं अवर अभियंता करीमुद्दीनपुर और उप खंड अधिकारी को निलंबित कर दिया है। अधिशासी अभियंता पर भी जांच बैठा दी गई है। बताते चले कि रविवार के दिन संविदा लाइनमैन देवेन्द्र राय करीमुद्दीनपुर उपकेंद्र से शट-डाउन लेकर ट्रांसफार्मर पर मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। तभी सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति होने के चलते वह करंट की चपेट में आकर मौके पर दमतोड़ दिए। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर विद्युत कर्मियों के खिलाफ करीमुद्दीनपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

जिले में यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में देवेन्द्र राय की तरह ही शिवकुमार संविदा लाइनमैन और मनोज प्रजापति की इसी तरह की लापरवाही के चलते करंट लगने से मौत हो गई थी। वह भी शट डाउन लेकर मरम्मत का कार्य कर रहा था। इस दौरान उसके साथ हादसा हो गया था।विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अंतर्गत करीमुद्दीनपुर उपखण्ड के अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र करीमुद्दीनपुर के अंतर्गत ग्राम-भरौली कला में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर में एक फेज का जंपर कट जाने के कारण रिपेयरिंग हेतु देवेंद्र राय अकुशल श्रमिक द्वारा जैसे ही पोल पर चढ़े तभी 11 केवी जंपर से टच होने के कारण घातक दुर्घटना घटित हुई और श्री राय की तत्काल मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई।घटना के कारणों की विस्तृत जांच हो रही है। परंतु इसके लिए प्रथमतः जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया गया है। एसएसओ अवधेश पाल को टर्मिनट /बर्खास्त करते हुए उनको सेवा समाप्त कर दी गई है। अवर अभियंता करीमुद्दीनपुर उपकेंद्र अशोक कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उपखण्ड अधिकारी दिलीप साहू को भी निलंबित कर दिया गया है। अधिशायी अभियंता, विद्युत वितरण खंड द्वितीय आशीष कुमार को चार्जशीट करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिये जरूरी निर्देश दिये हैं।

संविदा कर्मी देवेंद्र की मौत की हो उच्चस्तरीय जांच

गाजीपुर। विद्युत मजदूर पंचायत के पदाधिकारियों ने संगठन भवन लाल दरवाजा बैठक किया। जिसमें संगठन ने बीते दो मार्च को मृतक संविदा कर्मी देवेंद्र राय उर्फ मुन्ना राय के विद्युत पोल पर काम करते समय हुए आकस्मिक मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग किया है। मंडल अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि अकुशल संविदा कर्मी अवधेश पाल से करीमुद्दीनपुर उप केंद्र पर उपकेंद्र परिचालक का कार्य लिया जा रहा था। कुशल संविदा कर्मी का काम अकुशल संविदा कर्मी अवधेश पाल से उपकेंद्र परिचालक का काम क्यों लिया जा रहा था? जबकि अकुशल संविदा कर्मी को उपकेंद्र परिचालक के संबंध में कोई जानकारी नहीं होती है। मृतक संविदा कर्मी के परिवार को विभाग से मिलने वाला दस लाख मुआवजा, पत्नी को पेंशन एवं आश्रित को नौकरी दिए जाने की मांग किया है। विभागीय सूत्रों की माने तो एमडी पावर कॉरपोरेशन लखनऊ का स्पष्ट आदेश है कि यदि विद्युत दुर्घटना में कोई दुर्घटना होती है तो अधिशायी अभियंता का पूर्ण उत्तरदायित्व माना जाएगा। किंतु सूत्र बताते हैं कि केवल जूनियर इंजीनियर और एसडीओ के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है और अधिशायी अभियंता के विरुद्ध केवल चार्जशीट देकर मामला रफा दफा करने की कोशिश की जा रही है।

उच्चाधिकारियों के आशीर्वाद से बचे अधिशासी अभियंता

पावर कारपोरेशन का स्पष्ट आदेश है विद्युत उपकेंद्र पर कोई दुर्घटना होने पर अधिशासी अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा को एमडी पूर्वांचल का आशीर्वाद प्राप्त है। इस कारण जूनियर इंजीनियर एवं एसडीओ पर कार्रवाई हुई किंतु अधिशायी अभियंता के विरुद्ध केवल चार्जशीट देकर मामला रफा दफा कर दिया गया।

स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों ने तालाबंदी कर कर्मचारियों को बनाया बंधक

दुस्साहस

इमरजेंसी एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं शिफ्ट करने पर जताया विरोध

सादात। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिजार्पुर से बीपीएमयू यूनिट, इमरजेंसी सेवा और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को सादात सीएचसी पर शिफ्ट करने के विरोध में वहां के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह करीब 11 बजे पीएचसी के मुख्य गेट पर ताला बंद करते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को करीब साढ़े तीन घंटे तक बंधक बनाए रखा। सूचना पर पहुंची बहरियाबाद पुलिस के साथ ही गांव के संभ्रांतजनों और प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज सिंह के अश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। जानकारी के अनुसार प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देश के अनुपालन के क्रम में डीएम के आदेशानुसार सीएमओ ने सीएचसी सादात पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिजर्पुर पर स्थापित/क्रियाशील ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (बीपीएमयू) को कर्मचारियों सहित स्थानांतरित कर सादात सीएचसी पर संचालित कराने का निर्देश दिया है। सीएमओ ने निर्देशित किया है कि पीएचसी मिजार्पुर पर कार्यरत बीपीएमयू के कार्मिकों को मानदेय का भुगतान उक्त निर्देशों के अनुपालन के बाद ही दिया जाएगा। इसकी जानकारी होने पर सैकड़ों महिलाएं और पुरुष पीएचसी पर सुबह 11.00 बजे पहुंचकर अस्पताल के मेन गेट पर ताला बंद कर दिए। इससे स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। चूंकि सोमवार का दिन होने के नाते अस्पताल पर एनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की (बीडब्ल्यूआर) की साप्ताहिक बैठक चल रही थी। ऐसे में पचासों की संख्या में कार्मिक और चिकित्सक अंदर मौजूद थे, जो गेट पर ताला बंद होने के कारण खुद को काफी असहज महसूस कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पूरा अस्पताल ही वहां से उठकर सादात सीएचसी चला जाएगा, जिससे वह स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हो जाएंगे। सूचना पाकर बहरियाबा थाने के उप निरीक्षक राजेश सिंह भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस और प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ ही पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशोर यादव तथा अन्य लोगों के समझाने बुझाने एवं एक सप्ताह का समय मांगने के बाद ग्रामीण शांत हुए। तब जाकर करीब साढ़े तीन घंटे बाद दोपहर ढाई बजे मामला शांत हुआ। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रिंस सिंह, बबलू गुप्ता, दीपक, मिथिलेश, शिला, पार्वती, गीता, संतरा, मीना, रागिनी, डिंपल, कौशल्या, आनंद, राजेश सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में दस विद्यार्थियों को मिली कामयाबी

जनसंदेश न्यूज

मरदह। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए। पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल मरदह के दो,कम्पोजिट विद्यालय तेजपुर के तीन,कम्पोजिट विद्यालय बसवारी का एक,उच्च प्राथमिक विद्यालय ससीरपुर डाड़ी का एक,कम्पोजिट विद्यालय गुलाल सराय के तीन सहित कुल दस विद्यार्थी सफल हुए हैं। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई कक्षा 9,10,11,12 के लिए 10 हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद का कोटा 184 सीटों का था। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय गुलाल सराय में बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गाजियाबाद जनपद में शामिल परीक्षा में शुभम राजभर पुत्र विजय राजभर ने 87 अंक के साथ 11 वां रैंक प्राप्त किया। उसी क्रम में अभिषेक राज पुत्र प्रमोद कुमार जिला स्तर पर 109 अंक के साथ 22 वां रैंक प्राप्त किया,गोल्डी यादव पुत्री ओमप्रकाश यादव ने 100 अंक के साथ 31 वां रैंक प्राप्त किया जिनको विद्यालय परिवार ने गर्मजोशी से माल्यार्पण कर, प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह तथा पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया।प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश यादव ने कहा बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन किए हैं जो यह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस मौके पर सुरेन्द्र नाथ पंथी, कल्पनाथ यादव प्रधान, अजय खरवार, छोटेलाल यादव, बिरेन्द्र यादव,श्याम यादव, शंकर राम, रविन्द्र सिंह कुशवाहा, अवधेश कुमार, गीता यादव, ज्योति यादव आदि मौजूद रहे।

आठ मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

गाजीपुर। वृहद राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, बाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियाँ व जमानियाँ के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। विजय कुमार-ट्ट, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/ पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादी का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

पचास बीघे गेहूं की फसल जलमग्न, किसानों में आक्रोश

अमौरा सिवान में जलमग्न गेहूं के खेत से पानी निकालने में लगे किसान

सेवराई। जमानियां पंप कैनाल से छोड़े गए अतिरिक्त पानी ने स्थानीय तहसील क्षेत्र के अमौरा गांव में किसानों के गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। पटौरा से मिश्रवालिया माइनर के जरिए अमौरा सिवान में पहुंचे पानी से लगभग 50 बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई है।

वहीं किसानों ने बताया कि जब पानी की आवश्यकता होती है तो नहर में पानी नहीं रहता है और जब पानी की आवश्यकता नहीं होती है तो नहर में पानी आने की वजह से हम किसानों को नहर के पानी से गेहूं की फसल में बेवजह पानी भर जाने से काफी नुकसान हुआ है जो विभाग की घोर लापरवाही है माइनर से सटे किसान द्वारिका नाथ उपाध्याय को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि धान की फसल के समय से पानी नहीं मिलता। गेहूं की कटाई के समय दूसरी बार उनकी फसल पानी में डूब गई है। किसान राजन यादव ने बताया कि माइनर की स्थिति कमजोर है। वर्तमान में किसी को सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने नहर का पानी तुरंत बंद करवाने की मांग की है। अयोध्यानाथ, विकास यादव और अंबिका यादव सहित अन्य किसानों का गेहूं की फसल भी पानी से प्रभावित हुआ है। फसल कटाई के समय नजदीक होने के कारण खेतों में पानी भर जाने से फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

संक्षेप

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू

गाजीपुर। केदार फौजदार महाविद्यालय गुरैनी शादियाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का सोमवार को प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र यादव के द्वारा शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र यादव ने रासेयो के महत्व और मानव जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए शिविरार्थियों से शिविर में दी जा रही जानकारी को आत्मसात करने की सलाह दिया। उन्होंने कहा कि रासेयो अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ ही समाज और राष्ट्र सेवा की सीख देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयराम यादव, उपप्राचार्य धर्मेंद्र राज, कार्यक्रम अधिकारी बाबूलाल यादव, डा. आंचल यादव, शिक्षक डॉ. विजय प्रकाश, अमित यादव, नामेंद्र प्रजापति, जितेंद्र राहुल, दीपमाला विश्वकर्मा, पूनम यादव, विश्वाचल यादव, सुधीर यादव, अरविंद कनौजिया, मनोज, योगेश यादव, शिवम प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

भगवान को पाने के लिए सच्ची भक्ति और प्रतीक्षा आवश्यक

मनिहारी। स्थानीय क्षेत्र के बाबा ठठेरेश्वरी नाथ धाम तपोभूमि सिद्धपीठ मठ सराय गोकुल में नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन श्रीधाम अयोध्यापुरी से पधारी प्रसिद्ध कथावाचिका देवी आराधना रामायणी ने कहा कि भगवान को पाने के लिए सच्ची भक्ति और प्रतीक्षा आवश्यक है। उन्होंने शबरी और अहिल्या के उदाहरण देते हुए बताया कि दोनों ने अपने जीवन में सच्चे मन से भगवान की प्रतीक्षा की जिसके कारण अंततः प्रभु ने स्वयं उनके पास जाकर दर्शन दिए।उन्होंने कहा कि हर भक्त को ऐसी ही भक्ति और समर्पण की भावना रखनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य यजमान स्वामी औकार नाथ गिरी, नीतू गिरी,लीना सिंह, अरविंद, जनदीश गिरी, ओमप्रकाश दुबे, प्रमिला गिरी, पुनम दुबे, का.अनिल शर्मा, बेबी गिरी, निर्मला, सत्यम गिरी, इन्दा यादव, शुभम गिरी आदि मौजूद रहे।

104 टीवी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित

गाजीपुर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टी बी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने कार्य युद्ध अस्तर पर किया जा रहा है। ताकि प्रधानमंत्री क्षे टी बी मुक्त भारत अभियान का सपना पूरा हो सके। जनपद मे इस वर्ष 104 टीवी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए गए हैं। दवा प्रस्तुत करने जिला क्षयरोग केन्द्र के जिला कार्यक्रम समन्वयक डाक्टर मिथिलेश कुमार सिंह, डी पी पी एम सी अनुराग पाण्डेय, राधे श्याम यादव, रविप्रकाश सिंह, शुभम चौबे, सुनील वर्मा, संजय यादव, वैटेश्वर प्रसाद शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

बिना सुरक्षा फोरलेन पर मजदूर कर रहे मरम्मत कार्य

बिरनो। वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर रिपेयरिंग कार्य हो रहा है। लेकिन कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण सड़क हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। वही सैकड़ो की संख्या में लोग घायल भी हो जा रहे हैं। वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर राजापुर,मड़सर आदि जगहो पर सड़क रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है जहां पर बिना डायवजन बोर्ड लगाये ही ठेकेदार मजदूरों से कार्य कर रहे हैं। जहां पर मजदूरों के साथ-साथ चलने वाले लोगों जाम हथेली पर लेकर कार्य हो रहा है। लगातार सड़कों पर हादसा को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नही की जा रही है। इसी कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर भारी वाहन चालकों से बातचीत में पता चला है कि सड़क रिपेयरिंग कार्यस्थल पर डायवर्सन बोर्ड, रेडियम स्टीकर नहीं लगाया गया है। जिससे सड़क हादसे होने की संभावना बनी हुई है। वही इससे पूर्व में सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा रोड पर भड़सर वही डायवर्सन बोर्ड न लगने के कारण बस पलटने से 50 की संख्या में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालु घायल हो गए थे। वही इस संबंध में सदर उपजिला अधिकारी मनोज पाठक से इस संबंध में बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि निमार्णाधीन कंपनी के द्वारा अमर रोड रिपेयरिंग के समय डायवर्सन बोर्ड नहीं लगवे हैं तो यह सरासर गलत है। अमर इस तरह का मामला है तो जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी का चला हंटर, कई पर गिरी गाज

गाजीपुर। जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान डा. ईरज राजा ने जिले में कार्यरत करीब एक दर्जन निरीक्षक/उपनिरीक्षक को तात्कालिक प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए उन्हें नवीन तैनाती दी है। स्थानांतरण के क्रम में निरीक्षक सारवती यादव प्रभारी निरीक्षक थाना मुहकुड़ा से प्रभारी निरीक्षक थाना बहरियाबाद, निरीक्षक शैलेश कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद से प्रभारी निरीक्षक थाना भुडकुडा, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष बहरियाबाद से थानाध्यक्ष रेवतीपुर, उपनिरीक्षक राजीव कुमार त्रिपाठी थानाध्यक्ष बरेसर से थानाध्यक्ष सादात, उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह थानाध्यक्ष सादात से प्रापर्टी सीजर प्रकोष्ठ, उपनिरीक्षक संतोष कुमार पाठक पुलिस लाइन से थानाध्यक्ष बरेसर, निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह प्रभारी स्वाट से प्रभारी निरीक्षक थाना जमानिया, निरीक्षक रामसजन प्रभारी निरीक्षक थाना गहमर से प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद, निरीक्षक अशोकनाथ सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जमानियां से प्रभारी निरीक्षक थाना गहमर, उपनिरीक्षक रोहित कुमार मिश्रा पुलिस लाइन से प्रभारी स्वॉट एवं निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना रेवतीपुर से वाचक पुलिस अधीक्षक बनाये गये हैं।

एक दिवसीय जागरूकता शिविर आज

गाजीपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि उप्र, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षित बेरोजगार, आईटीआई, पालीटेक्निक तथा परम्परागत कारीगरों के युवक/युवतियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु विभागीय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किये जाने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को अपरान्ह 12.30 बजे विकास खण्ड-जखनियाँ जनपद में किया जायेगा।

नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लटक रहा ताला , डॉक्टर गायब

मेदनीपुर स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर छाया सन्नाटा

रेवतीपुर। मेदनीपुर स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात कर्मचारियों और चिकित्सक के मनमानी के कारण यह स्वास्थ्य केंद्र आए दिन असमय बंद होता है और असमय खुलता है,यही नहीं यहाँ तैनात कर्मी भी आए दिन गायब रहते है। तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की इसी लापरवाह शैली के कारण शासन की ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय से और बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने का दावा पूरी तरह से फ्लाप साबित होता नजर आ रहा है। बावजूद अधिकारी ऐसे लापरवाह हो चुके कर्मियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्यवाई को लेकर उदासीन बने है। मालूम हो कि इस स्वास्थ्य केंद्र मेदनीपुर में एक किराए के मकान में संचालित होता है।

इसकी स्थापना विगत करीब चालीस साल पहले हुई थी,कहने को तो यह अस्पताल दस बेड का होने के साथ ही यहाँ तमाम तरह की जांच की सुविधाएँ और दवाएं आदि है,मगर हकीकत कोसों दूर है,यह सुविधाएँ सिर्फ फाइलों तक सिमटकर रह गई है।जिसके कारण इस स्वास्थ्य का लाभ न मिलने से यह महज शोपीस बनकर रह गया है। यह स्वास्थ्य केंद्र इलाके के करीब आधा दर्जन गांवों के करीब 25 हजार की आबादी से जुडा है।इस मामलें में सीएमओ डाक्टर सुनील कुमार पांडेय के सोंयुजी नंम्बर पर फोन करने पर वह बंद मिला।

वहीं एसडीएम जमानियां अभिषेक कुमार ने बताया कि समय से पहले अस्पताल बंद होना काफी गंभीर विषय है,इसको वह खुद अपने स्तर से जांच करा लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्यवाई करेंगें।

सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का समापन

दिलदारनगर। क्षेत्र के फूली ग्राम सभा अंतर्गत शेरपुर गांव स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का समापन व मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मंदिर के महंत रामानुज दास जी ने दी।

निजीकरण के खिलाफ विद्युत कर्मचारियों का हल्ला बोल

जमानियां। तहसील क्षेत्र के विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने सोमवार को सरकारी बिजली व्यवस्था के निजीकरण के खिलाफ सोमवार को पैदल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने सरकार से इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय नगर स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर एकत्र हुए और निजीकरण के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना था कि निजीकरण से नौकरी पर संकट आ जाएगा, उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और बिजली दरें महंगी हो जाएंगी। निजीकरण से प्राइवेट कंपनियों की मनमानी शुरू हो जाएगी और उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ेगा। विद्युत कर्मियों ने हाथ में होर्डिंग लेकर नारे लगाए। उपखंड अधिकारी कमलेश प्रजापति ने कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों को नुकसान होगा। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। प्रदर्शन में एसडीओ प्रवीण मौर्य, अवर अभियंता इंद्रजीत, अवर अभियंता शशिकांत पटेल, मनोज मौर्य, विपिन कुमार, संदीप कुशवाह, रितेश, अनूप और संविदा कर्मचारी अनिलझू जनत सहित दर्जनों विद्युत कर्मी शामिल हुए।

पुलिस ने प्रेमी के साथ विवाहिता को पकड़ा

दबोचा

पति की तहरीर पर गायब विवाहिता की तलाश में जुटी थी पुलिस

रेवतीपुर। सुहवल थाना पुलिस ने सोमवार को एक माह पहले अपने ससुराल से गायब विवाहिता को इलाके के सोनवल रेलवे क्रासिंग के समीप उसके विवाहित प्रेमी संग दबोच लिया। जो कहीं भागने की फिराक दोनों वाहन का इंतजार कर रहे थे।पुलिस ने दबोचे गये दोनों को थाने लेकर चली आई,और पुलिस ने इस मामलें की जानकारी अपनी पत्नी की तलाश में जुटे उसके पति को दे दी,इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों से कड़ी पूछताछ शुरू कर दी,वहीं पुलिस ने बरामद विवाहिता को मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबंद बयान दर्ज कराने और उसका मेडिकल मुआयना के लिए महिला आरक्षी के सुरक्षा घेरे में जिला मुख्यालय भेंज दिया। पुलिस के अनुसार महिला के साथ जो उसका विवाहित 40 वर्षीय प्रेमी पकड़ा गया है,वह हरदोई जनपद का रहने वाला है,मालूम हो कि कुछ दिनों पहले गाजीपुर जनपद के नंदगंज थाना अंतर्गत एक गांव निवासी युवक जिसकी शादी सुहवल थाना क्षेत्र के एक गाँव में करीब दस साल पहले हुई थी।पति ने पुलिस अधीक्षक को बीते एक हफ्ते पहले एक शिकायती पत्र देकर ससुराल पक्ष के ही लोगों पर उसकी 32 वर्षीय पत्नी को गायब करने का गंम्भीर आरोप लगाया था,मामलें की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डाक्टर ईरज राजा के निर्देश पर पुलिस ने उक्त युवक की तहरीर पर उसके ससुराल के दो महिलाओं समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।वहीं पति इसके बाद भी अपनी गायब पत्नी की तलाश में लगा था,जिसका पता नहीं चल पा रहा था,वहीं पुलिस टीमें मुकदमें के दर्ज होने के बाद से ही सर्विलांस के जरिए गायब महिला की तलाश में जुटी थी,जिसे सोमवार को सोनवल क्रासिंग से उसके विवाहित प्रेमी के साथ धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि पति के तहरीर पर उसकी पत्नी के गायब होने के मामलें में दर्ज मुकदमें के सिलसिले में पुलिस ने गायब महिला और उसके विवाहित प्रेमी संग बरामद कर लिया गया है, आवश्यक कानूनी कार्यवाई की जा रही है।

दिव्यांगों के लिए विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ

कार्यक्रम

दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

गाजीपुर। दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ यूनियन आरसेटी उत्तर प्रदेश में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि संतोष कुमार वैश्य मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि संजय कुमार सिन्हा क्षेत्र प्रमुख, पियूष सिंह परमार अग्रणी जिला प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं सविता सिंह समर्पण संस्था संरक्षिका ने भाग लिया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार वैश्य ने कहा, यह कार्यक्रम दिव्यांग जनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे वे न केवल अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे बल्कि समाज की मुख्यधारा में भी योगदान दे सकेंगे। इसी क्रम में संस्था के निदेशक संजय सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कंप्यूटर शिक्षा, हार्पिक, फिनावल, हैण्ड वाश साबुन, सर्फ.तथा अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षणों के माध्यम से दिव्यांग जनों को निःशुल्क टोशर्ट,कैप,लंच पैकेट आदि वितरित किया गया।इस दौरान बीईओ अशोक कुमार गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,इस दौरान छात्र काफी प्रफुल्लित नजर आए जो सभी एक ड्रेस में थे। इस दौरान शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा के द्वारा छात्रों को निःशुल्क टोशर्ट,कैप,लंच पैकेट आदि वितरित किया गया।इस दौरान बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि पीएम-श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों के छात्रों को विशेष रूप से एक्सपोजर विजिट से न सिर्फ अपने ऐतिहासिक और विज्ञान से सम्बन्धित जानकारी ले सकेगें। जिसका लाभ वह भविष्य में शैक्षिक कार्य के दौरान लाभ ले सकेगें। मौके पर संत गुप्ता, प्रधानाध्यापक सतीश, नवनीत, अलका, संजय, रमेंद्र, सशीलोष खरवार, उर्मिला देवी आदि मौजूद रहे।

हुनर सीखने के लिए 24 मार्च तक करें आवेदन

गाजीपुर। शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र, जिला सेवायोजन कार्यालय, प्रकाशनगर, में अप्रैल, 2025 से मार्च 2026 तक प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ शैक्षिक योग्यता, जाति, निवास एवं बैंक पासबुक की स्व-प्रमाणित छाया प्रतियों सहित कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करें। अभ्यर्थी की आयु 01 अप्रैल को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण एवं हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय अनिवार्य होना चाहिए। अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के समय हिन्दी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, एकाउन्टेन्सी, सचिवीय पद्धति व प्रारम्भिक गणित विषयों के साथ टंकण, आशुलिपि व कम्प्यूटर ज्ञान का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस को जिला सेवायोजन कार्यालय, प्रकाश नगर मुहैयाताड़ गाजीपुर से प्राप्त व जमा किया जा सकता है।आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 24 मार्च तक है, अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

एक्सपोजर विजिट पर निकले विद्यार्थी

कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं की बस को झंडी दिखाते बीईओ अशोक कुमार गौतम।

बच्चों को परीक्षण कर दी गईं दवाएं

रेवतीपुर/ नगसर। रेवतीपुर स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के पीएम-श्री नगसर और ताडोघाट कम्पोजिट विद्यालय के 50 छात्र-छात्राओं जत्था सोमवार को अपने विद्यालय के अध्यापकों के साथ मेदनीपुर से एक्सपोजर विजिट पर भारतीय बीज एवं शोध संस्थान कुसमौर मऊ के लिए दो बसों में रवाना हुआ। एक्सपोजर विजिट में शामिल छात्र-छात्राओं के इस 50 सदस्यीय जत्थे को बीईओ अशोक कुमार गौतम

जनसंपादकीय

तस्वीर की सियासत' बनाम 'सियासत की तस्वीर' ?

निर्मल रानी

देश सरकारी कार्यालयों में प्रायः राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र लगाये जाते हैं। जबकि राज्यों में इनके साथ मुख्यमंत्री व राजयपाल के चित्र भी लगाये जाते हैं। इस व्यवस्था को 'प्रोटोकॉल ' अथवा शिष्टाचार / नवाचार कहा जाता है। शीर्ष पदों पर बैठे लोग समय समय पर अपनी सुविधानुसार या किसी पूर्वाग्रह के चलते स्वेच्छा से इसमें बदलाव भी करते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर आपको झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यालय में मुख्यमंत्री की कुर्सी के ठीक पीछे मुख्य रूप से केवल उनके पिता शिबू सुरेन का ही चित्र लगा मिलेगा। जाहिर है वे उन्हें ही अपना आदर्श नेता मानते हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यालय में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चित्र से आकार में भी बड़ा तथा बिल्कुल मध्य में गुरु गोरखनाथ का चित्र लगाया गया है। अनेक मुख्यमंत्रियों के कार्यालयों में उनकी अपनी पसंद के आधार पर चित्र लगाये गए हैं।

दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय सहित राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाने के निर्देश जारी किये थे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया था कि प्रदिल्ली सरकार के सभी कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जायें । तब से लेकर पिछले दिनों दिल्ली की सत्ता बदलने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राज्य के अधिकांश कार्यालयों में महात्मा गाँधी, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति की तस्वीर हटाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगा दिए गये थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी कुर्सी के ठीक पीछे बाबासाहेब और भगत सिंह के चित्र लगाये थे जो उनके बाद आतिशी के मुख्यमंत्री काल में भी लगे रहे।

परन्तु जिस दिन दिल्ली में 27 साल का 'वनवास' खत्म कर भाजपा सत्ता में आई व भाजपा की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यभार संभाला उस दिन उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी के पीछे लगे अंबेडकर और भगत सिंह के चित्रों को हटाकर उनके स्थान पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी,प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति के चित्र लगा दिए। जबकि पूर्व में लगे चित्रों को दूसरी दीवार पर स्थान दिया गया। इसी बात पर आम आदमी पार्टी ने हंगामा खड़ा करते हुये इसे राजनैतिक मुद्दा बना लिया। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तस्वीर हटाने पर कहा कि ह्ययह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख्ख विरोधी है। भाजपा ने अपना दलित विरोधी रुख दिखाते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से बाबासाहेब भीमराव अंबिडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र हटा दिए हैं।ह्व परन्तु तस्वीरों पर सियासत करने वाली 'आप' भी ऐसे सवालों से बच नहीं सकती। आम आदमी पार्टी नेताओं को भी यह बताना पड़ेगा कि उन्होंने अपने कार्यालय से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की फोटो क्यों हटाई थी ?

जहाँ तक सवाल है तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मात्र चित्र लगाकर बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह को सम्मान दिये जाने का, तो यदि अरविंद केजरीवाल के वक्तव्यों पर नजर डालें तो केजरीवाल की बातें तो इन नेताओं के मूल विचारों के बिल्कुल विरुद्ध हैं। मिसाल के तौर पर अरविंद केजरीवाल ने 27 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र के माध्यम से यह मांग की थी कि भारतीय नोटों पर गांधी जी के साथ-साथ लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर भी छपे। उनका कहना था कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। विघ्नहर्ता का आशीर्वाद होगा तो अर्थव्यवस्था सुधर जाएगी। इसलिए मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि भारतीय करेंसी के ऊपर लक्ष्मी गणेश की तस्वीर छापें।' क्या केजरीवाल का यह सुझाव बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह जैसे महापुरुषों के विचार सम्मत है ? किसी का चित्र लगाने का अर्थ आखिर क्या होता है ? केवल उस महापुरुष के समर्थकों या उनके समुदाय को खुश करना या उनके आदर्शों को मानना व उनपर चलना ? बाबासाहेब अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन की कौन सी शिक्षा है जिसने केजरीवाल को इस बात के लिये प्रेरित किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को उपरोक्त सलाह दे डाली। वह भी स्वयं एक शिक्षित व राजस्व सेवाओं के अधिकारी होने के बावजूद। हद तो यह है कि प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखते समय केजरीवाल ने यह भी लिहा था कि ह्यवह देश के 130 करोड़ लोगों की इच्छा है कि भारतीय करेंसी पर एक ओर महात्मा गांधी व दूसरी ओर लक्ष्मी-गणेश जी की तस्वीर भी लगाई जाए।' केजरीवाल ने 130 करोड़ लोगों का प्रतिनिधि होने के नाते नहीं बल्कि सही मायने में देश के बहुसंख्य समाज को वरगलाने के लिये ही 'तस्वीर की सियासत' यह शगूफा छोड़ा था।

भाजपा भी इसी तरह गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उनपर खास अवसरों पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपने आदर व सम्मान का दिखावा तो जरूर करती है परन्तु हकीकत में वह भी दिखावा मात्र ही है। अन्यथा घोर हिंदुत्ववादी राजनीति का गांधी व बाबासाहेब आंबिडकर व भगत सिंह जैसे महान देशभक्त मानवतावादी नेताओं से क्या लेना देना ? वह तो धर्म और राजनीति के ऐसे घालमेल को ही विध्वंसक मानते थे। कहना गलत नहीं होगा की इसी 'तस्वीर की सियासत' ने ही देश की 'सियासत की तस्वीर' को बदलुमा कर डाला है जिसकी भरपाई महात्मा गांधी व बाबासाहेब , व भगत सिंह जैसे आदर्श पुरुषों के केवल चित्र लगाकर या उन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नहीं बल्कि केवल सच्चे मन से उनके बताये हुये रास्तों व उनके आदर्शों पर चलकर ही की जा सकती है ?

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

पावस ऋतु प्रेम की कराह है

कितना मुश्किल है/पीठ फेर कर रहना/और मन को साधना,
बहुत मुश्किल है बच पाना/स्थिर रह पाना/जब प्रेम किसी आपदा-सा /अचानक हो
कितना मुश्किल है/मुंहे को असुवन करना/जब हृदय की हर साँस तक/पहुँच रही हो
प्रेम की आतुर पुकार
कितना मुश्किल है/उन आँखों को अनदेखा करना/जो विदा के वक्त निर्निमेष निहार
रही हों /कैसे न डूब जाए कोई आकंठ /उन उदास,आर्त्तवान आँखों में
सब तो ये है कि /जिंदगी से मुँह मोड़ने से भी कठिन है /प्रेम से मुँह मोड़ना
नैतिकताओं और कामनाओं के मध्य हुए /हर आदिम युद्ध में /पराजित हुआ है सिर्फ और सिर्फ /प्रेमाकुल
हृदय
प्रेम की त्वरा को नैतिकता के/घेर हठ से पराजित तो किया जा सकता है /पर निषेध की गई समस्त
कामनाएँ/घेरी हर जाती हैं देह में शूल-सी/ आजन्म टीसता है हृदय
पावस ऋतु / प्रेम की चुप-सी कराह ही तो है
सब भंगुर है, नश्वर है सब /फिर भी कैसे विस्मृत हो /तुम्हारी दैवीय मुस्कान
तुमें आँख भर भी तो देखा नहीं था/पर तुम्हारी निश्छल मुस्कान के बीच दिखती/त्रिभंग चंचल दंतपंक्ति /मेरी
निद्रा का अब भी मखौल उड़ाती है/स्मृतियों की नहीं पीर से कैसे मुक्त ये मन प्राण
तुमें एकटूक देखने भर से /लगता है /देह पर अशुद्धि का दोष /तुम्हारी सुधि भर से /आ लगती हैं लोहनाईं
कल रात ही तो स्वप्न में /तुमें देखा था /वहीं उसी तरिका पर जहाँ/पोथियाँ रूप से किसी और का सर था
लोकाचारों और मवादों के/असमंजस में डूबा हृदय/ कहीं विसर्जित कर ?/अपनी निश्चल चाहनाएँ /किसे
प्रेषित करे/सारी उलाहनायें
मृत्यु निश्चित होने लेगी /मेरी आँखों के सारे स्वप्न /पर शेष तो रहेंगी /हृदय की अतृप्त कामनाएँ
क्या ब्रह्मांड में नहीं गूँजेगी /मेरी आर्त पुकार/एक निरुत्तृप्त हृदय की /निर्दोष कामना से /क्या खंडित नहीं
होगा /नियति का दर्प।

- रंजीता सिंह फलक

(साहित्य की लड़ाई कई मोर्चों पर हो जाती है। पहला यह कि साहित्य निस्संकोच राजनीति को एक बड़ी शक्ति मानने को तैयार रहा है, पर उसका उपनिवेश बनने को न तो वह अपनी नियति मानता है, न ही आकांक्षा। दूसरा यह कि साहित्य अगर कभी-कभार राजनीति या राजनैतिक सच को कठघरे में खड़ा करता है तो इसलिए नहीं कि वह अपने को किसी ऊँचे नैतिक स्तर पर मानता है। साहित्य की अदालत में अभियोग की इजाजत नहीं होती- उसमें आत्माभियोग का ही अवसर होता है। साहित्य अपने पर, अपने औचित्य और सच पर लगातार खरा संदेह करता है और इसी संदेह से कभी-कभार दूसरों से प्रश्न पूछने का सहज पर नैतिक अधिकार अर्जित करता है। तीसरा मोर्चा यह है कि राजनीति का सच कितना ही बड़ा, शक्तिशाली और अकसर दैत्याकार क्यों न हो, उसे कई छोटे-खरे सचों को अन्तर्भूत करने या रौंदने से साहित्य रोकता है)

साहित्य की लड़ाई कई मोर्चों पर

कभी-कभार

अशोक वाजपेयी

तीर बरस पहले 1995 में परभणी नाम के शहर में जो अखिल भारतीय मराठी सम्मेलन हुआ था उसका उद्घाटन करने का सुयोग मुझे मिला था। इसी अधिवेशन में मराठी के मूर्धन्य कवि नारायण सुर्वे सम्मेलन के अध्यक्ष हुए थे। तीस हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे। मैं उस समय भारत सरकार के संस्कृति विभाग में संयुक्त सचिव था। मेरा ९?याख?यान अक्षरशः एक निबन्ध के रूप में 'साहित्य का पक्ष' शीर्षक से मेरी पुस्तक 'सीढ़ियाँ शुरू हो गयी हैं' (1996) में संकलित है। उसके कुछ अंश इस प्रकार हैं:

'ऐसा हुआ है कि मनुष्य की उम्मीद का सारा स्थापत्य ही बदल गया है- इस स्थापत्य में साहित्य के लिए जगह कम बची है। लेकिन एक दिलचस्प अन्तर्विरोध यह है कि बावजूद इसके, ऐसा लगता है कि अभी भी जीवन, अस्तित्व, नियति, नश्वरता, प्रेम, जिजीविषा आदि को समझने-बूझने के लिए और रोजमर्रा की जिंदगी में रसे-बसे गहरे आशयों को विच्यस्त करने के लिए हम प्रायः साहित्य के पास ही जाते हैं। सीधे जीवन के अलावा जीवन की असंख्य छवियाँ और प्रतीतियाँ हमें साहित्य और कलाओं में ही मिलती हैं।'

'साहित्य की लड़ाई कई मोर्चों पर हो जाती है। पहला यह कि साहित्य निस्संकोच राजनीति को एक बड़ी शक्ति मानने को तैयार रहा है, पर उसका उपनिवेश बनने को न तो वह अपनी नियति मानता है, न ही आकांक्षा। दूसरा यह कि साहित्य अगर कभी-कभार राजनीति या राजनैतिक सच को कठघरे में खड़ा करता है तो इसलिए नहीं वह अपने को किसी ऊँचे नैतिक स्तर पर मानता है। साहित्य की अदालत में अभियोग की इजाजत नहीं होती- उसमें आत्माभियोग का ही अवसर होता है। साहित्य अपने पर, अपने औचित्य और सच पर लगातार खरा संदेह करता है और इसी संदेह से कभी-कभार दूसरों से प्रश्न पूछने का सहज पर नैतिक अधिकार अर्जित करता है। तीसरा मोर्चा यह है कि राजनीति का सच कितना ही बड़ा, शक्तिशाली और अकसर दैत्याकार क्यों न हो, उसे कई छोटे-खरे सचों को अन्तर्भूत करने या रौंदने से साहित्य रोकता है- साहित्य इस गहरे अर्थ में प्रतिरोध है, भले उसकी मुद्रा शांत और धीरोदात्त क्यों न नजर आती हो। चौथा मोर्चा है संवाद का- वह राजनीति से बात-बहस-जिरह करना लगातार जारी रखता है। राजनीति की तरह साहित्य को फैसला देने की हड़बड़ी नहीं होती। उसमें धीरज है- वह चीजों के स्थिर होने की प्रतीक्षा कर सकता है। साहित्य मनुष्य की अथक प्रतीक्षा का भी एक नाम है।'

'हम अकसर यह भूल जाते हैं कि मनुष्य, उसके अस्तित्व और संसार की जो अपार और असम्भाव्य बहुलता है उसे किसी सत्य में एकीकृत करना शायद ही सम्भव हो। हो भी तो ऐसा सत्य बहुत काम का न होगा। साहित्य अपने स्वभाव से ही प्रजातांत्रिक और बहुलतावादी है- उसके पास एक नहीं अनेक रास्ते हैं। वह दुनिया और आदमी को, उनके संघर्ष और संबंध को, प्रकृति और मृत्यु को, किसी एक दृष्टि से देखने का आग्रह नहीं करता है। उसका आग्रह अगर है तो इस पर कि मनुष्य की कई दृष्टियाँ हैं और उन्हें किसी सत्य के लिए, किसी एकीकृत या एकाग्र सत्य के लिए बलि नहीं दिया जाना चाहिए। साहित्य समाज की स्मृति है- याद भी और समझ भी। बीसवीं शताब्दी के अन्त के निकट साहित्य नहीं भूल सकता कि इस दौरान सत्य के नाम पर, किसी एक सत्य की तानाशाही के लिए हमारे समय में मनुष्य की कितनी अवज्ञा-अपमान, कितना दमन और संहार हुआ है। साहित्य का काम ऐसे दैत्याकार सत्यों की खोज या उनकी सेवाटहल या जीहुजूरी करने के बजाए उन पर ऊँगली उठाना है, उन्हें कठघरे में खड़ा करना है। इसीलिए साहित्य को सत्य की तानाशाही या सर्वसत्तावादिता के बरक्स सचाई की किंचित अराचक बहुलता चाहिए। वह अदम्य और अघुक बहुलता ही साहित्य का सच्चा अध्यात्म है। साहित्य मानवीय अस्तित्व की बहुलता का ही अनुष्ठान है। वह एकेश्वेर के मंदिर में नहीं, असंख्य देवताओं के आँगन में ही अधिक सहज अनुभव कर सकता है।'

'विडम्बना यह है कि उन्नीसवीं सदी के अंग्रेजी इतिहासकारों द्वारा साम्राज्यवादी आवश्यकताओं के लिए रचे गये रूपक को आज हमारे सामने यों पेश किया जा रहा है मानों वह एक प्राचीन अवधारणा हो। आखिर उससे पहले हमारे शास्त्रों में, तत्त्वचिंतन और साहित्य में, हमारी कलाओं में भारतीयता का विचार क्यों नहीं मिलता है ? '

'पता नहीं किसे और क्यों भारतीयता की, उसकी किसी नयी परिभाषा की जरूरत है। अगर है तो वह उसकी खोज में परम्पराहीन संस्कारच्युत राजनीति के पास क्यों जाता है ? वह जाये हमारे साहित्य, हमारे चिंतन, हमारे संगीत और नृत्य के पास। वहाँ उसे भारतीयता का वह सच मिलेगा जो कालजयी है, वह भारतीयता नहीं जो हफ्ते-पखवारे बदलती रहती है और जिसे वे गढ़ रहे हैं। (नोट करें परम्परा से पा नहीं रहे हैं) जिनकी नजर में संकीर्णता, असहिष्णुता और अनुदारता भारतीयता के चारित्रिक गुण हैं। असली भारतीयता अंततः जीतेगी क्योंकि जो काल से नहीं हारी वह मनुष्यता-विरोधी उन्माद से हार जायेगी ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है।'

लेखक-समाज और कलाएँ

कई दशकों से अपने कुख्यात कला प्रेम और आयोजन करने और उनमें जाने के अपने अनुभवों के आधार पर एक मोटा आकलन यह है कि हिन्दी लेखक समाज का सम्भवतः एक प्रतिशत ही कलाओं में दिलचस्पी लेता है। दिल्ली में, जहाँ शायद किसी भी हिन्दी हिन्दी भाषी शहर से अधिक, सबसे अधिक लेखक रहते हैं और मैं स्वयं पिछले लगभग 33 वर्ष से रह रहा हूँ, जहाँ संगीत, नृत्य, रंगमंच, ललितकला के आयोजन साल भर, लगभग हर दिन होते रहते हैं, वहाँ उनमें लेखकों की उपस्थिति लगभग नगण्य होती है। कभी मित्रतावश कोई किसी आयोजन में भले चला जाये, रूचिवश बहुत कम जाते हैं। ऐसा भी है कि अब तो ज्यादातर लेखक साहित्यिक आयोजनों में भी तभी जाते हैं जब उन्हें कुछ कहने बुलाया गया हो: दूसरे लेखकों को सुनने बहुत कम आते हैं। अलबत्ता, जब-तब विचारधारात्मक आयोजन हो तो वहाँ प्रतिबद्ध लेखक जरूर आते हैं।

इस पर सोचने की जरूरत है कि हिन्दी लेखक की, सामान्यतः, दूसरी कलाओं का रसास्वादन करने, उन्हें समझने और उन पर विचार करने की रूचि इतनी कम क्यों है। कलाओं को शामिल कर अपना सर्जनात्मक और बौद्धिक परिवेश हिन्दी ने बनाया ही नहीं। जो थोड़ा-बहुत कलाओं की शुद्ध भौतिक उपस्थिति के कारण अनजाने-अनचाहे बन गया था, उसे भी अपनी जिज्ञासा हीनता और अरूचि, उपेक्षा के कारण गँवा दिया या नष्ट कर दिया। हिन्दी साहित्य के लोकवृत्त में कलाएँ नहीं हैं। एक नाटकीय कटुक्ति यह की जा सकती है कि हिन्दी साहित्य का लोकवृत्त कलाहीन, कलाशून्य लोकवृत्त है। इसलिए वह विपन्न है इसका कोई सजग अहसास हिन्दी में नहीं है। कलाकारों को छोड़ दें तो आमतौर पर हिन्दी लेखक, कलाकारों के संघर्षों और कोशिशों को, अपने संघर्ष और कोशिशों से कमतर या हीनतर मानते हैं।

यह अकारण नहीं है कि हिन्दी में कलाओं की आलोचना विकसित ही नहीं हुई। हमारी सारी आलोचना साहित्य पर एकाग्र है और उसमें इस बात की कोई पहचान नहीं है कि ठीक उस समय जब वह साहित्य रचा जा रहा है, कलाओं में, समवर्ती दंग से, विचारणीय सृजन हो रहा है। कलाओं के प्रति ऐसे असंवेदनशील परिवेश में यह दिखावी दे रहा है कि शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, चित्र और मूर्तिकलाओं में नवाचारी, निर्भीक, प्रयोगशील युवा कलाकार बहुत कम हिन्दी अंचल से आ रहे हैं। जो थोड़े-बहुत आ रहे हैं वे भी, हिन्दी अंचल छोड़कर, कहीं और काम कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर पा रहे हैं।

इस धारणा से मुक्त होना सम्भव नहीं लगता कि अगर आज हिन्दी अंचल, कुल मिलाकर, धर्मान्धता, जातिवाद, पिछड़ी रूढ़िवादिता, अशिक्षा, घृणा-झूठ और हिंसा से ग्रस्त है तो इसका कुछ मूल उसका कलाओं की मानवीय संस्पर्शिता से अपने को वंचित रखने के कारण भी है। हिन्दी शहरों की बढ़ती अभद्रता, उग्र व्यवहार, संवाद के बजाय प्रवाद, सच के बजाय अफवाह, समरसता के बजाय घृणा फैल रहे हैं और वह व्यापक रूप से शिक्षा-मीडिया-सामाजिक व्यवहार-राजनीति-धर्म आदि क्षेत्रों में भारत का सबसे आक्रामक और अभद्र हिस्सा बन गया है।

(लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)

साहित्य अपने स्वभाव से ही प्रजातांत्रिक और बहुलतावादी है- उसके पास एक नहीं अनेक रास्ते हैं। वह दुनिया और आदमी को, उनके संघर्ष और संबंध को, प्रकृति और मृत्यु को, किसी एक दृष्टि से देखने का आग्रह नहीं करता है। उसका आग्रह अगर है तो इस पर कि मनुष्य की कई दृष्टियाँ हैं और उन्हें किसी सत्य के लिए, किसी एकीकृत या एकाग्र सत्य के लिए बलि नहीं दिया जाना चाहिए। साहित्य समाज की स्मृति है- याद भी और समझ भी। बीसवीं शताब्दी के अन्त के निकट साहित्य नहीं भूल सकता कि इस दौरान सत्य के नाम पर, किसी एक सत्य की तानाशाही के लिए हमारे समय में मनुष्य की कितनी अवज्ञा-अपमान, कितना दमन और संहार हुआ है।

राजनीति में बुद्धिमान नहीं 'वफादार ' होना जरूरी

प्रसंगवश

तनवीर जाफरी



इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ₹अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीजें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि ₹मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। ₹ थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं।

इस खबर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जायेंगे ? खासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ किये जाने से इन कयासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ-35 लड़ाकू विमान को खरीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ यह कहकर की कि वे विमान काफी कीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस ऋ35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी खरीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि ₹लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। ₹ बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुये कहा कि - मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, ' हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह '50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड ' कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गयी थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं खबरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गयी है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है ? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक ख्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म श्री तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है,को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं ? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हश्र भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी काबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया ? हाँ यदि उस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को जिम्मेदारियाँ दी भी गयी हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हाँ सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की ₹ना ₹ की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'बस मिनिस्टर ' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहाँ पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी,सलाह देने वाला,अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुये शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिये जो उनके प्रति पूरी तरह वफादार हो और हर सही व गलत बात में आला कमान की हाँ में हाँ मिलाने की 'सलाहियत ' रखता हो। हाँ, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार ' नेता भी मिल जायेंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुजारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर खामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है। चूँकि ऐसे नेता प्रायः अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव में होते हैं इसलिये 'जो मिला उसी में संतोष ' के सिद्धांत पर समझौता करते हुये अपना समय गुजार लेते हैं जबकि कुछ बगावती तेवर रखने या सच बोलने अथवा सवाल खड़ा करने वाले नेता 'सतपाल मालिक ' बन जाते हैं। गोया भारतीय राजनीति में बुद्धिमान होना ज्यादा जरूरी नहीं बल्कि 'वफादार ' होना ज्यादा जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क: 9896219228)

थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि "लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। " बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुये कहा कि - मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, ' हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है।

ट्रम्प क्यों कपड़े फाड़ रहा है

व्यंग्य

प्रमोद ताम्बट

देखा आपने, ट्रम्प आजकल किस कदर कपड़े फाड़ रहा है? और कुछ फाड़ता तो समझ में आता मगर खुद आप अपने कपड़े फाड़ रहा है यह बड़ी ताज्जुब वाली बात है। चाहता तो कागज फाड़ लेता, कॉपी-किताब फाड़ लेता, किसी ओर के नाम का बिल फाड़ लेता, दरी-चादर, रजाई-गद्दे-तकिये फाड़ लेता, वाइट हाउस के ऊँचे-ऊँचे परदे फाड़ लेता मगर ऐसा क्या हो गया कि अगला अपने खुद के कपड़े फाड़ने पर उतारू है।

एक बात लेकिन गजब हो रही है। कपड़े वह अपने फाड़ रहा है और उसकी इस नितांत निजी कार्यवाही के फलस्वरूप नंगा कोई और ही हो रहा है। होना यह चाहिए था कि नग्नता उसकी खुद की सामने आना चाहिए थी लेकिन वह तो कम्बख्त हमाम में भी सूट-बूट डाटे डायस के पीछे खड़ा होकर प्रेस कान्फ्रेंस में प्रश्न कॉफ्रेंस किये जा रहा है और नंगा किसी और को होना पड़ रहा है। वह सरासर मानवाधिकार हनन का मामला है नग्नता बचाओ नग्नता छुपाओ संस्थाओं ने इसका संज्ञान लिया जाना चाहिए।

वैश्विक चिंता की बात यह है कि वह यदि अपने कपड़े फाड़ना मुल्तवी कर के इधर नंगे हो रहे महानुभाव के ही कपड़े फाड़ना शुरू कर दे तो क्या होगा? एक नई कहानी अस्तित्व में आ जाएगी- नंगे के कपड़े फाड़ना। यह एक नया राजनीतिक समीकरण टाइप बन गया लगता है जिसका भावार्थ यह है कि नंगों के बदन पर भी लकदक कपड़े होते हैं जिसे कोई भी दूसरा छिछोरा व्यक्ति खुद अपने कपड़े फाड़कर निर्वस्त्र कर सकता है।

हमारे यहाँ तो लोग अपनी खुद की शादी में जो सूट सिलवाते हैं उसे बेटे की शादी तक में रगड़ते हैं लेकिन ट्रम्प की दरियादिली देखिए नये-नकोरे इतने महँगे-महँगे रेमंड के सूट (माफ कीजिए लेखक को एक इसी ब्रांड का नाम पता है) जो उसने हाल ही में शपथ ग्रहण समारोह के ठीक पहले सिलवाये थे, इस तरह बेदर्दी से चर-चर करके फाड़ रहा है। शर्म यहाँ भारत में हमको आ रही है, क्योंकि नंगा तो हमारा आदमी हो रहा है। खुद अपने कपड़े फाड़ कर खुद नंगा होये या हमारे दुश्मनों को नंगा करे, हमारे विरोधियों को नंगा करे, अजी चाहे तो हमारे दोस्तों को भी नंगा कर ले तब भी हमें कोई परेशानी नहीं, मगर ट्रम्प तो एक तरह से हमी को नंगा करने पर उतारू है भले ही कपड़े अपने खुद के फाड़ रहा है।

हमें आशंका है कि ट्रम्प अभी और कपड़े फाड़ेगा। अपने सारे सूट, पैंट-शर्ट यहाँ तक कि कच्छे बानियान तक फाड़ लेगा क्योंकि उसे पता है कि हम अभी और नंगे हैं। हमें डर है कि हमारी नंगाई को सरे आम करने के लिए कहीं वह अपनी खाल ही न फाड़ ले क्योंकि कपड़ों के बाद तो फिर खाल ही का नम्बर आता है फाड़ने के लिए! और अगर उसने अपनी खाल फाड़ ली तो कसम से हम कहीं मुँह दिखाने के लायक भी रहेंगे या नहीं कह नहीं सकते। क्योंकि उसने अगर अपनी खाल फाड़ी तो हमारी सौ साल से चली आ रही नग्नता के दर्शन न हो जाएँ यह हमारी सबसे बड़ी चिंता है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे पास न तो यह हुनर है न ही ऐतिहासिक बाध्यता कि कपड़े हम अपने फ

अज्ञात कारणों से लगी आग 25 बीघे गन्ने की फसल राख

अगलगी

कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

लेखपाल ने शासन को भेजी क्षति की रिपोर्ट

जनसंदेश न्यूज

महराजगंज (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के आराजी हथियागढ़ व मदरही गांव के सिवान में सोमवार की सुबह गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन किसानों का लगभग 25 बीघा गन्ना की फसल जलकर राख हो गयी।

उक्त गांव निवासी यमुना प्रसाद यादव का लगभग 10 बीघा, मुराती देवी का लगभग 10 बीघा तथा गीता देवी का 5 बीघा गन्ना जलकर राख हो गया।

आग बुझाते ग्रामीण।

घटना के समय प्रभावित परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने घर थे। सिवान में धुआं उठते देखा तो खेत की तरफ दौड़े। खेत में खड़ी गन्ना को जलता देख आनन-फानन पास स्थित ट्यूबवेल चालू कराकर पाइप से पानी ले जाकर तथा ट्रैक्टर से गन्ने को रौंद कर दो घंटे की मसक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने खेत में सुलग रही आग पर पानी की बौछार कर उसे बुझाया। पीड़ितों ने बताया कि गन्ने की पर्ची नहीं आने से मिल पर नहीं जा सकी थी। क्षेत्र में लगभग 50 से 60 किसानों का गन्ना अभी तक मिल से क्रय पर्ची न आने के कारण खेतों में पड़ा है।

मौके पर मौजूद किसानों ने गन्ना विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यह मांग किया कि जिस किसान के गन्ने की पर्ची अभी बाकी है उसे तत्काल गन्ना पर्ची उपलब्ध कराया जाय ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आगजनी की सूचना पर पहुंचे लेखपाल अंकित राय ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट शासन को भेज दिया।

गैस सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी

जनसंदेश न्यूज

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बे में गैस सिलेंडर की जहां कालाबाजारी जारी है वहीं गैस रिफिलिंग भी तेजी से हो रहा है।पूर्ति विभाग की मिलीभगत से धंधा फलीभूत हो रहा है। गैस सिलेंडर लेने में उपभोक्ताओं को दिक्कतें न हो, विभिन्न गैस एजेंसी के वाहन बुकिंग के हिसाब से बाजार ही नहीं गावों तक पहुंचा रहे हैं फिर भी उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। गैस एजेंसी के वाहन निश्चित दुकानों पर दर्जनभर सिलेंडर उतार देते हैं फिर यहां से आवश्यकता वालों को मनमाने दरों पर दिया जाता है। बगैर अग्निशमन व्यवस्था के रिफिलिंग भी की जा रही है जो दुर्घटना को दावत है।पूर्व में पूर्ति विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती थी जिससे काफी हद तक इस पर रोक थी। परंतु इस समय यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। पूर्ति विभाग सबकुछ देखते हुए भी अनजान बना हुआ है। नागरिकों ने सिलेंडर कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की है।

रमजान को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, जमकर लोग कर रहे खरीदारी

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। इस्लाम धर्म में रमजान के महीने का खास महत्व हमेशा से रहा है। यह महीना सबसे पाक महीना माना जाता है। जिसको लेकर कहा जाता है कि इन महीने में अगर कोई एक अच्छा काम करोगे तो उसके लिए उनको 70 नेकियों का सवाब मिलता है। इस महीने में मुसलमान दिल खोलकर गरीबों की मदद करते हैं। अपनी इनकम के मुताबिक फितरा-जकात (दान) निकाला जाता है।

रमजान महीने में रोजेदार पूरा दिन भूखे प्यासे रहते हैं, ताकि उन्हें गरीब लोगों की भूख-प्यास की तकलीफ व परेशानी का एहसास सभी लोगों हो सके। इस महीने में इस्लाम धर्म के लोग पूरी शिद्दत से खुदा की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं. प्रत्येक दिन रोजा रखने वाले मुसलमान रमजान के आखिरी दिन अल्लाह का शक्रिया अदा करते हुए ईद-उल-फितर का त्योहार मनाते हैं। माह-ए-रमजान में अल्लाह के बंदे तमाम दुनियावी चीजों को कुर्बान (त्याग) कर खुदा की रजा के लिए रोजा रखते हैं. अल्लाह का फरमान है कुरआन के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है. इसलिए रोजा रखना हर मुसलमान के लिए फर्ज (अनिवार्य) है। वहीं अगर बात करें रमजान माह में बाजार की तो बाजारों में रौनक बढ़ गई है, लोग जमकर सहरी और अफ्तारी के लिए तरह तरह के डिश की खरीदारी रहें हैं। रमजान माह में खजूर की बंपर मांग होती है बाजार में मक्का-मदीना, दुबई, ईरान और इराक की खजूर उपलब्ध है. बाजार में खजूर की दर्जनों अलग-अलग वेराइटी है. इसमें बरारी, कलमी, कीमिया, अजवा, मजदूल, मक्योर प्रमुख हैं।

फल की खरीदारी करते रोजेदार।

अराजकतत्वों ने पेड़ व नल की टोटी को किया क्षतिग्रस्त

घटना स्थल पर जुटे ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बसहीं गांव में सार्वजनिक चबूतरे को जहा कतिपय लोगो ने क्षतिग्रस्त कर दिया वही पेड़ पानी टंकी की टोटी तोड़ दी। मामले को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

बसहीं गांव के बाहरी हिस्से मे स्थित पोखरी के समीप सार्वजनिक चबूतरे का निर्माण कराया गया है। यहा पेड लगाने के साथ ही पानी आपूर्ति की टोटी भी लगी है। रात में चबूतरे को क्षतिग्रस्त कर पेड तोड दिये गये और टीटी भी तोड दी गई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर ग्रामीण जुट गये और सूचना पुलिस को दी। मामले मे ग्राम प्रधान भीमा समेत ग्रामीणों ने गांव के दूसरे समुदाय के 13 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। ग्राम प्रधान ने बताया कि रविवार को दिन में गांव के ही युवकों मे आपस मे विवाद हुआ था। जिसमें मौजूद ग्रामीणों के समक्ष दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया था। इससे कुण्ठित हो कर दूसरे पक्ष ने यह हरकत की। यह सौहार्द बिगाड़ने की भी साजिश है। पुलिस मामले की जाच कर रही है।

न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन संघ ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 और बारावंकी में अधिवक्ता के ऊपर दर्ज मुकदमा के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे। फूलपुर अधिवक्ता बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष विनोद यादव की अध्यक्षता में पुस्तकालय भवन में बैठक किया गया। मंत्री संजय यादव ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 का विरोध अधिवक्ताओं द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल में ही बारावंकी में एक अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा अनर्गल रूप से किया गया है जो अधिवक्ता के हित में नहीं है। अधिवक्ताओं ने 4 मार्च तक समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, रमेश चंद शुक्ला, विजय सिंह, घनश्याम तिवारी, शमीम कांजिम, राम नरायन यादव, अतुलराय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

अराजकतत्वों ने तोड़ी अम्बेडकर प्रतिमा, ग्रामीणों में गहरा आक्रोश

राजापट्टी गांव में क्षतिग्रस्त अम्बेडकर प्रतिमा।

मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़।

जनसंदेश न्यूज

कप्तानगंज (आजमगढ़)। जनपद में अम्बेडकर प्रतिमा तोड़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के राजापट्टी गांव में लगी अम्बेडकर प्रतिमा को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की सुबह जब वो शौच के लिए निकले तो देखे कि अम्बेडकर प्रतिमा अपनी नींव सहित नीचे गिरी हुई है। लोगों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज मय फोर्स पहुंच गए। मौके पर काफी भीड़ जुटी रही लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि अबकी बार यह मूर्ति 17वीं बार टूटी है, जिसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि अराजक-तत्वों द्वारा प्रतिमा को पूरी तरीके से नीचे धकेल दिया गया है जिससे नींव सहित प्रतिमा टूट कर नीचे गिर गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक नई प्रतिमा नहीं लगाई जाएगी और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, हम शांत बैठने वाले नहीं। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

हजारों ने ग्रहण किया भण्डारे का प्रसाद

बुढ़नपुर (आजमगढ़)। सरैया स्थित बाबा पौहारी जी के स्थान पर बमनपुरा गांव के ग्रामीणों ने भंडारे का आयोजन किया। आयोजक प्रेमसागर पांडेय ने बताया कि हमारे गांव द्वारा जनसहयोग से प्रतिवर्ष अखंड मानस पाठ एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। वैभव पांडेय ने बताया कि बाबा हमारे पूर्वज हैं। आज पूरा क्षेत्र बाबा की इस तपोस्थली पर पूजा अर्चना कर अपना जीवन धन्य कर रहा है। इस मौके पर संजयजीत पांडेय, भैरोशंकर पांडेय, रमाशंकर पांडेय, रविन्द्र पांडेय, देवेंद्र पांडेय, मनोज पांडेय, सुरेन्द्र पांडेय, जीतनरायन पांडेय, सचिन पांडेय, मंगला पांडेय, अमित पांडेय, दुधनाथ पांडेय, उत्कर्ष पांडेय, सुरेश पांडेय, राम प्रसाद पांडेय, कमला पांडेय, सोनू पांडेय आदि मौजूद रहे।

एमएलसी ने किया आरसीसी मार्ग का लोकार्पण

बुढनपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत कोयलसा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बनकट जगदीश में स्थित दूबे का पूरा में आंगनबाडी केन्द्र के पास निर्मित आरसीसी मार्ग का लोकार्पण भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने किया। उन्होने कहा कि हमारी सरकार हर गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होने कहा कि हर गांव को मुख्य मार्ग तक लिंक रोड का निर्माण किया गया है अभी तक जहां पर लिंक रोड नही बन पाया है वहां पर लिंक रोड बनने के लिए शक्ति केंद्रो से सूचना मांगी गयी है। जो भी गरीब परिवार गम्भीर बीमारियों से जूझ रहा है उसे अपनी निधि से आर्थिक सहायता करने के लिए संदैव खड़ा हूं। इस मौके पर जंगबहादुर सिंह,जयराम उपाध्याय, मनीष सिंह, मोन्टी सिंह, अनिल दूबे, कुंवर बहादुर शुक्ला, संतोष दूबे, दीपक सिंह, सुशील सिंह, मनीष तिवारी, हरीश तिवारी, कामेश्वर दूबे, शिवकुमार प्रजापति, जयप्रकाश दूबे, विजय बहादुर निषाद आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मुन्ना दूबे व संचालन पूर्व प्रधान हरिहर दत्त दूबे ने किया।

ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता को बतायी विद्युत बिल की समस्या

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता अनिल यादव यादव को गांव-गांव में भारी संख्या में लोगों का समर्थन मिल रहा है। सोमवार को ग्राम सभा पाईनंदापुर और हजारेमलपुर गांव में अनिल यादव ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणो ने बताया कि हम लोग अपने घर में केवल एक पंखा दो तीन एलईडी बल्ब जलाते हैं लेकिन विद्युत बिल चार से पांच हजार रुपया आती है। प्राइवेट मीटर रीडर विद्युत विभाग का धौस देकर मनमाने ढंग से बिल भेजते हैं और जो बड़े लोग हैं उनके घरों की बिल तीन चार सौ रुपए आती है। बिजली विभाग की मिली भगत से यह धंधा पूरे क्षेत्र में फल-फूल रहा है जिसके कारण गरीब कर्ज से दबा जा रहा है। अनिल यादव ने नमस्ते निजामाबाद कार्यक्रम में कहा कि भाजपा सरकार दलित पिछड़े और मुसलमानों का उत्पीड़न कर रही है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। किसानों को खाद बीज उपलब्ध नही है। नहरों में समय से पानी नही मिलता है। विद्युत सप्लाई अव्यसर बाधित रहती है जिसके कारण किसान भुखमरी के कगार पर खड़ा है। इस सरकार में अधिकारी कर्मचारी मालामाल हैं। इस अवसर पर नदीम खान, अमरजीत यादव, राधेश्याम मिश्र आदि लोग उपस्थित थे।

एमएलसी ने उठाया अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का मुद्दा

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र निवासी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक सोमवार को विधान परिषद मे जनपद के ब्लाक मिजीपुर व सठियाव के 66 अल्पसंख्यक बहुल गांवों में अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों के शीघ्र निर्माण कराने के संबंध में नियम 115 के तहत सदन में आवाज उठायी। जिसे सभापति विधान परिषद ने आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को भेज दिया। इस समय विधान परिषद में विजय बहादुर पाठक लोकहित की समस्याओं को लगातार उठा रहे हैं और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आवश्यक कार्यवाही भी किया जा रहा है जिसकी पूरे जनपद में चर्चा हो रही है।

होली के दिन बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 (यथा संशोधित) की धारा-59 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह चहल ने जनपदमें शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है कि होली के पर्व पर 14 मार्च शुक्रवार को सायं 5 बजे तक जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, ताड़ी की फुटकर दुकाने एवं वार व मॉडल शॉप तथा समस्त थोक अनुज्ञापत्र बन्द रखे जायें। इस बन्दी के लिए सम्बन्धित अनुज्ञापियो को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

तीन दिवसीय सालाना गुरुमत समागम 21 से

आजमगढ़। श्री गुरुनानक देव, गुरु तेग बहादुर साहिब, बाबा श्री चन्द की तपोस्थली ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब निजामाबाद में 21 मार्च से तीन दिवसीय सालाना गुरुमत समागम होना सुनिश्चित किया गया है। उक्त आशय की संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बाबा सतनाम सिंह व जगदीश सिंह ने बताया कि यह आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है। 21 मार्च की सुबह आठ बजे से श्री अखंड पाठ साहिब से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 22 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे से नगर कीर्तन तथा शस्त्र कला प्रदर्शन होगा। इसी दिन संत सिपाही रणजीत अखाड़ा गतका, गुरुद्वारा दुःख निवारण साहिब, गुरु का ताल, आगरा द्वारा गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब से प्रारंभ होकर गुरुनानक घाट व नगर भ्रमाण करता हुआ गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब में समाप्त होगा। इसके बाद रात्रि 9 बजे से रैन सभाई एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 23 मार्च की सुबह 8 बजे से 9 बजे तक सम्पूर्णता श्री अखंड पाठ साहिब जी सम्पन्न होगा।

दिव्यांगजनों को पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने दी ट्राई साइकिल

सरकारी योजनाओं से कोई भी नहीं रहेगा वंचित : भूपेंद्र सिंह

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। विकास खंड ठेकमा के प्रांगण में पूर्व से चिह्नित कुल 60 दिव्यांगजनों को निःशुल्क ट्राई साइकिल का वितरण विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सिंह 'मुन्ना' पूर्व ब्लॉक प्रमुख ठेकमा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जो भी दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत पात्र हैं, उनके आवेदन पत्रों को पूर्ण कराकर लाभान्वित किया जायेगा। दिव्यांगजनों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री के योगदान से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांगजन कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों एवं अन्य चलाई जा रही योजनाओं से वंचित न रहें।

शशांक सिंह, दिव्यांगजन सशक्तीकरण आधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के आवेदन, पंजीकरण हेतु विभाग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। ऐसे पात्र दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंगों, सहायक उपकरणों की आवश्यकता है, वेपोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें, जिससे कि उन्हे नियमानुसार लाभान्वित किया जा सके।

ट्राई साइकिल के साथ दिव्यागजन।

इस अवसर पर बीडीओ ठेकमा शशिकान्त पांडेय, विरेन्द्र कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कार्यालय सहायक सुरेन्द्र लाल गौतम, अभिषेक कुमार, जितेन्द्र प्रजापति, बचपन डे-केयर सेन्टर के ब्रजभूषण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

सफलता

खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दी बधाई

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के तहबरपुर राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र तहबरपुर के बच्चों ने अपना परचम लहराया है। जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है।

राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा 10 नवम्बर 2024 को हुई थी। परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शिक्षा क्षेत्र तहबरपुर में पढ़ने वाले कंपोजिट विद्यालय गोविंदपुर के सर्वाधिक छात्र छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के साथ साथ ब्लाक गांव का नाम रोशन किया है। कम्पोजिट विद्यालय गोविंदपुर से नितिश कुमार, गौरव कुमार, अभय प्रताप, सिद्धार्थ, आयुष, सौरभ यादव, प्रियांजलि, अंजलि सहित आठ छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं। इसका श्रेय शिक्षक राजभवन को जाता है। जिन्होंने विद्यालय के आलावा अपने करियावर गांव स्थित आवास पर दर्जनों छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग करने का काम किया था। जिसका सुखद परिणाम सामने आया कि एक ही विद्यालय के आठ बच्चो ने परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया है। इसी क्रम में कम्पोस्ट विद्यालय धर्मदासपुर नेवादा का पीयूष यादव भी उत्तीर्ण हुआ है। राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं परीक्षा देते हैं। उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा कक्षा 9 से लेकर 12 तक की पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 1000 (एक हजार) रुपए छात्रवृत्ति दी जाती है। इस सफलता पर खण्ड शिक्षा अधिकारी व्यास देव ने सफल छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को बधाई दी है। और कहा कि इनसे और अध्यापकों को सीख लेकर आगे कुछ और अच्छा करने की जरूरत है।

शिक्षक के साथ विद्यालय के बच्चे।

विकास से कोसों दूर है ग्राम पंचायत मुनौवरपुर

जिला व शासन स्तर पर लिखा गया है पत्र : विमला चौधरी

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत कुल 89 ग्राम पंचायत हैं। सरकार ने प्रत्येक गांव में पंचायत भवन बनाकर पंचायत कार्यालय संचालित करने का निर्देश दिया है। ग्राम पंचायत मुनौवरपुर में एक भी सरकारी भवन नहीं है न तो पंचायत भवन, न आशा, न आंगन बाड़ी। उक्त गांव विकास से कोसों दूर है।

महिला प्रधान फूलपत्ती देवी ने बताया कि मुनौवरपुर ग्राम पंचायत पहले राजापुर ग्राम पंचायत का हिस्सा था। 2015 में नई ग्राम सभा मुनौवरपुर बनी। पन्द्रह सौ जनसंख्या एक हजार मतदाता का सबसे छोटे गांव मुनौवरपुर में न स्कूल है न आंगनबाड़ी केंद्र, न एनम सेन्टर है। यहां तक कि कोई सरकारी भूमि भी नहीं है। भूमि क्रय करके पंचायत भवन निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव बना कर जिला व शासन स्तर पर भेज दिया गया परंतु एक वर्ष बाद भी पंचायत भवन के लिए भूमि क्रय करने की स्वीकृत नहीं मिली। जिसके कारण पंचायत कार्यालय ग्राम प्रधान के घर एक कक्ष में निशुल्क चलाया जा रहा है।

प्रधान पति सत्यप्रकाश चौहान ने बताया कि समस्त विभागों के अधिकारियों से लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है। गांव में गर्भवती महिला और बच्चों को पुष्टाहार भी नहीं मिलता। मॉडर्न गांव के रूप में चयनित होने के बाद अब तक धन नहीं प्राप्त हुआ। इस संबंध में बीडीओ विमला चौधरी ने बताया कि गांव को हर सुविधा युक्त बनाने के लिए शासन स्तर से जिला स्तर तक लिखित पत्र भेजकर अनुमति मांगी गयी है। स्वीकृति के बाद समस्त सरकरी सुविधा से सुसज्जित किया जाएगा।

सांसद ने मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

जनसंदेश न्यूज

मेंहनगर (आजमगढ़)। लोकसभा लालगंज सांसद दरोगा प्रसाद सरोज सोमवार को विद्युत करंट से मृतक परिजनों से मूलाकात कर उन्हे ढाढस बधाया। उन्होने मेंहनगर एसडीएम प्रशांत कुमार से भेंट कर शासन से प्रदत्त मूलभूत सुविधाएं मृतक के परिजनों को दिलाने की बात कही,

एसडीएम ने कहा कि घटना दुःखद हैं, शासन द्वारा प्रदत्त अहेतुक सहायता मृतक के परिजनों को प्रदान करने के लिए तहसीलदार चमन सिंह को निर्देशित किया साथ ही मृतक के परिजनों को राशन तत्काल वितरित करने के लिए पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया, वही विजली विभाग से भी बात की।

सांसद दरोगा सरोज ने कस्बे के दोनो मजदूरों की हुई मौत के परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी, दौरान अहेतुक सहायता भी प्रदान किया। बरदह थाना क्षेत्र के भैसकुर गांव में लालचंद सरोज के घर मेंहनगर थाना क्षेत्र के कुशमुलिया गांव से शनिवार को रात बारात गई थीं द्वार पूजा में दूल्हा रथ के साथ चल रहे दो मजूदरो की करंट लगने से मौत हो गई। दुल्हा को भी करंट लगा वह रथ से कूद कर जान बचाई।

मेंहनगर कस्बे के वार्ड नं-8 जवाहर नगर स्थित प्रभा पोखरे पर सड़क के किनारे वर्षो से निवास कर रहे बासफोर बालकिशुन का 15 वर्षीय गोलू दूसरा राजाराम बासफोर का 26 वर्षीय मंगरू रोड लाइट सिर पर लेकर चल रहे थे। इस दौरान रास्ते में उपर से आ रहे हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया। जिससे करंट लग गया।

संपर्क में आने से गोलू और मंगरू झुलस गए मौके पर ही दोनो की मौत हो गई। घटना के बाद दुल्हा भी करंट की चपेट में आ गया। वह रथ से कूद कर अपनी जान बचाई। मृतकगोलू तीन भाइयों में सबसे बड़ा था ,मृतक मंगरु की पत्नी पूजा का रो -रोकर बुरा हाल है, मृतक के पास दो वर्षीय निधि व चार माह का बच्चा हैं , परिजनों को सांसद ने ढाढस बधाया ,इस दौरान प्रधान जितेंद्र यादव ,जुठन यादव ,रमाकांत सरोज, शोभनाथ यादव, दयाराम यादव, अनिल वर्मा, रामनाथ यादव आदि उपस्थित रहे।

मृतक के परिजनों से मुलाकात करते सासद दरोगा सरोज।

नहर में डूबने से बालक की मौत

जनसंदेश न्यूज

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी उत्तर ग्राम सभा के सामने खैरहिया स्थित बाणसागर नहर में शौच के लिए गए बालक की पानी में डूबने से सोमवार को मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचकर बालक को ढूंढने में लगे। गुलालपुर फाटक के पास बालक को पानी में से निकाल कर अस्पताल लेकर गए। चिकित्सक ने बालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत देवरी ग्राम सभा के खैरहिया स्थित बाणसागर नहर में डूबने से दिलीप सरोज का 06 वर्षीय पुत्र विकास की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि विकास अपने साथियों के साथ घर से 50 मीटर दूर स्थित बाणसागर नहर में शौच के लिए गया था। पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया।

बालक बहते देख मौके पर मौजूद बच्चों ने इसकी सूचना परिजनों को दिया। परिजन मौके पर पहुंचकर बालक को ढूंढते हुए एक किलोमीटर दूर पहुंचे तो गुलालपुर फाटक के पास बालक के मिलने पर पानी से बाहर निकालकर ग्राम प्रधान सुनील मौर्या अपने बाइक से लेकर आनन-फानन उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गए।

मौजूद चिकित्सक ने बालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पर ग्राम प्रधान सुनील मौर्या के साथ ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बाणसागर नहर में जहां-जहां बस्ती है वहां पर रेलिंग लगवाई जाए जिससे आए दिन दुर्घटना ना घटे। मृतक दो भाई थे जिसमें विकास बड़ा था।

दूल्हे के भाई की आकस्मिक मौत से परिजनों में मचा कोहराम

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के बहुती गांव में बीती रात गाजे बाजे के साथ आई बारात में दूल्हे के भाई की आकस्मिक मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि घरातियों एवं बारातियों के सुख-बुख से वर-कन्या की शादी संपन्न हुई। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत बहुती गांव निवासी अम्बर मौर्य के वहां हलिया थाना क्षेत्र के गड़बड़ा गांव के उंटी गांव निवासी विजय मौर्य अपने लड़के की शादी सम्पन्न कराने के लिए रविवार की शाम गाजे बाजे के साथ बारात लेकर आये। गीत गाने के बीच शादी की रश्मि पूरी हो रही थी कि देर रात दूल्हे के छोटे भाई कृष्णा उम्र 19 वर्ष के पेट में अचानक दर्द हो गया। परिजनों ने कृष्णा को लेकर उपचार के लिए मण्डलीय अस्पताल लेकर गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने कृष्णा को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान घरातियों/बारातियों की मुझबूझ से दूल्हे दुल्हन की शादी उदासी के बीच संपन्न कराई गई।

अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, तीन घायल

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया डुमंडगंज मार्ग स्थित गुलाब चौराहे से कुछ दूर पर सोमवार की शाम एक ट्रैक्टर-ट्राली पर सरिया लेकर जाते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर बैठे तीन लोग गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। हलिया थाना क्षेत्र के बड़ौही गांव निवासी अमिक अर्जुन 50 वर्ष, सूरजू 45 वर्ष व नरेश 40 वर्ष भटवारी गांव से एक ट्रैक्टर ट्राली पर सरिया लाद कर रतेह चौराहा गिरने जा रहे थे। जैसे ही हथेड़ा चौराहा पर पहुंचे कि अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर पर बैठे तीन सवार गिरकर सरिया से दब गए। ग्रामीणों तथा पुलिस के सहयोग से बाहर निकाल कर पीएचसी लाया गया। जहां पर तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद अर्जुन तथा सूरजू की हालत ठीक न होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। वहीं चालक बाल बाल बच गया।

किसान ने तीस हजार घपला करने का लगाया आरोप

हलिया। क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी किसान अमर बहादुर ने पिता द्वारा लिए गए केसीसी ऋण में तीस हजार रुपए का घपला और बैंक द्वारा स्टेटमेंट नहीं देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में किसान ने बताया कि पिता स्वर्गीय ददन सिंह इंडियन बैंक के डुमंडगंज शाखा में खाताधारक थे। उन्होंने इंडियन बैंक डुमंडगंज से कृषि कार्य हेतु केसीसी ऋण लिया था।

पिता की मृत्यु हो जाने के बाद बैंक में लिए ऋण की ओटीएस योजना के तहत बीते 21 फरवरी को इंडियन बैंक डुमंडगंज शाखा पहुंचकर शाखा प्रबंधक के निर्देश पर एक लाख बीस हजार रुपए देकर पिता का खाता बंद करवाया। बैंक कर्मियों द्वारा पिता के केसीसी खाते में मात्र नब्बे हजार रुपए जमा कर बंद कर दिया और पासबुक भी ले लिया। पिता के केसीसी खाते में जमा धनराशि का स्टेटमेंट लेने के लिए इंडियन बैंक डुमंडगंज की शाखा पर प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन शाखा प्रबंधक द्वारा स्टेटमेंट देने में टालमटोल किया जा रहा है।

किसान ने पिता के केसीसी खाते में जमा धनराशि का स्टेटमेंट दिलाने और तीस हजार रुपए के गोलमाल करने वाले बैंक कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक बृजेश कुमार ने बताया कि किसान को स्टेटमेंट देने के लिए बुलाया गया है। किसान ने केसीसी खाते में तीस हजार रुपए का घपला करने व बैंक द्वारा स्टेटमेंट नही देने का आरोप लगाते हुए सीएम पोर्टल पर शिकायत किया है। किसान ने पिता के केसीसी खाते में जमा धनराशि का स्टेटमेंट दिलाने और तीस हजार रुपए का गोलमाल करने वाले बैंक कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक बृजेश कुमार ने बताया कि किसान को स्टेटमेंट देने के लिए बुलाया गया है।

इलजाम

बैंक द्वारा स्टेटमेंट नही देने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सरहरा गांव में एक व्यक्ति की बाइक के धक्के से घायल होने के बाद उपचार हेतु वाराणसी में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद मृतक के पुत्र की तहरीर पर सोमवार को पुलिस बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के सरहरा गांव निवासी प्रभू नारायण ने दी गई तहरीर में कहा है कि सोठिया तिराहे से घिता राम क्षृाार 65 वर्ष घर आ रहे थे।

बीते 13 फरवरी को थाना क्षेत्र के बेदखर गांव निवासी मोनू वर्मा लापरवाही पूर्णक तेज गति से बाइक से धक्का मारते हुए भाग गया। पिता का वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिस पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विरेंद्र सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान बाइक के धक्का से हुई मौत के बाद मृतक के पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

महिला की तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़वा थोथा गांव में बच्चों के विवाद में घर पर घुड़कर गांव के चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की तहरीर पर सोमवार को पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के बडवा थोथा गांव निवासी रेखा देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बच्चों के विवाद में गांव निवासी रामपति, दिनेश, राकेश, तथा सीता सभी एक जुट होकर घर पर आकर गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर चार लोग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराया बाइक सवार, घायल

जमालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित ओइनवां चट्टी के पास सोमवार को अनियंत्रित बाइक सवार खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जाकर टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। बाइक सवार रविशंकर चौहान 30 वर्ष पुत्र शंभूनाथ चौहान निवासी जमालपुर एक शादी समारोह मे बिहार से शामिल होने के बाद सोमवार की दोपहर अपने घर जमालपुर आ रहा था। बाइक सवार ओइनवां चट्टी के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया।

अष्टभुजा टोल प्लाजा पर ट्रक चालक व खलासी की पिटाई

मीरजापुर। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के अष्टभुजा टोल प्लाजा पर दो मार्च को मारपीट की घटना का वीडियो सोमवार को वायरल होने पर मामला दर्ज किया गया हैं। विन्ध्याचल पुलिस ने तफ्तरा बरतते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए सभी आरोपी अकोड़ी गाँव के रहने वाले हैं।

टोल प्लाजा पर मारपीट के मामले में पुलिस ने दवेन्द्र सिंह पुत्र अनुज प्रताप सिंह, अमरजीत पुत्र भान सिंह, विजय कुमार सिंह पुत्र रामगरीब सिंह, शिवम सिंह पुत्र अर्जुन सिंह व जीवबोधन पुत्र गंगाराम को गिरफ्तार किया हैं। सभी आरोपी विंध्याचल थाना इलाके के अकोड़ी गांव के रहने वाले हैं। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी सुमन वर्मा ने मामले को संज्ञान में लिया जिस पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया गया कि रविवार की दोपहर ट्रक चालक प्रयागराज की ओर जा रहा था। अष्टभुजा टोल प्लाजा पर पहुंचा था इसी दौरान ओवर टेक को लेकर दूसरे वाहन चालक से विवाद हो गया। इस दौरान टोल प्लाजा पर मौजूद युवक भी विवाद में कूद पड़े।

उन लोगों ने ट्रक चालक एवं खलासी की जमकर पिटाई कर दी। गिरा गिराकर दोनों को पीटा गया। लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। मारपीट का वीडियो सोमवार को वायरल हुआ, जिसे संज्ञान में लेते हुए एसपी के निर्देश पर मामला दर्ज कर पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे डाल दिया गया। मारपीट का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दबंगई

मारपीट में जमकर चले लात घूंसे, पांच गिरफ्तार

एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, हजारों का सामान जलकर खाक

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत बेलाही गांव में सोमवार बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई आग लगने से गृहस्थी समेत किसानी के उप उपकरण जलकर राख हो गए। स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत बेलाही गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से किसान राजेश कुमार सिंह के खेत पर लगे मड़हे में आग लग गई जिससे उसमें रखा सोलर पैनल, स्टेप्लाइजर, स्टाटर, तार खेत में दवा छिड़कने वाली मशीन, घापाई बिस्तर, समरसेबल सहित अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणो ने कड़ी मशक्कत से बाल्टी, टुल्लू पप से आग पर काबू पाया। किसान राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कि खेत की देख भाल करने गया हुआ था कि देखा कि मड़हे में आग लग गई है। शोर गुल मचाने पर पास पड़ोस के लोग पानी लेकर दौड़े लेकिन तब तक सब जल कर राख हो गया। आगजनी की जानकारी क्षेत्र के लेखपाल को दिया है।

आवासीय विद्यालय में अनियमितता और भ्रष्टाचार का लगा आरोप

मीरजापुर। देवरी कला स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय बालिका विद्यालय में भ्रष्टाचार व अनियमितता के आरोप में तत्कालीन प्रभाव से प्रिंसिपल ऋचा पाण्डेय को हटा दिया गया। उनके स्थान पर स्वाति सिंह को जांच होने तक प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया।

यह कार्रवाई राज्य महिला आयोग सदस्य नीलम प्रभात द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान छात्राओं से बातचीत के बाद भ्रष्टाचार व अनियमितता के गंभीर आरोप प्रकाश में आने पर कार्रवाई की जा रही है। 21 जनवरी को निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि छात्राओं के साथ भेदभाव व खान-पान में लापरवाही बरती जा रही है। गम्भीर आरोप यह है कि तीन वर्ष से यूनिफार्म तक नहीं मिला। छात्राओं को उत्साहित करने की बजाय हतोत्साहित किया जाता है। विद्यालय में पैरेंट्स के बैठने तक के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। छात्राओं ने रो-रो कर विद्यालय व्यवस्था के बारे में दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि उन्हें खेलकूद की सामग्री नहीं दी जाती। विद्यालय में शिक्षिकाओं के स्टाफ रूम में कुर्सी की जगह बिस्तर लगाए गए हैं।

छात्राओं ने यह भी बताया कि उन्हें सही से शिक्षा नहीं दी जाती है। राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने बताया था कि अभिभावकों की शिकायती पत्र उनके कार्यालय में पड़ी थी। देखकर छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने के लिए विद्यालय निरीक्षण के प्रोग्राम बना लिया। मामला गंभीर होने के कारण जिलाधिकारी को जांच के लिए पत्र लिखा गया है।

रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। निष्पक्ष जांच के लिए प्रिंसिपल ऋचा पांडेय को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर स्वाति सिंह को जिम्मेदारी सौपी गई है।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना मड़िहान पर विगत 24 फरवरी को एक महिला द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादिनी की पुत्री को बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध मे लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना प्रभारी मड़िहान को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए सोमवार को उप-निरीक्षक भारत सूमन मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी मोनू पुत्र मुण्डा निवासी देवरीकला थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र में रमजान महीना में रोजा खोलने के लिए खाने पीने की सामान खरीददारी कर घर लौट रहे दंपत्ति की बाइक में बोलेरो चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार पति पत्नी गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार हेतु सीएचसी मड़िहान भेजवाया गया। पति की हालत नाजुक देख डा. आरएस वर्मा ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पथौरहरा काशीपुर गांव के पास सोमवार को बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार रहमत पुत्र बसीर 30 वर्ष व पत्नी घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी मड़िहान ले जाया गया।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी माया शंकर अपने बड़े भाई बैठई का दाह संस्कार करने के बाद अपने दो रिश्तेदारो के साथ बाइक पर घर वापस लौट रहे थे। मड़िहान स्थित सिघाई डाक बंगला के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही हिनौता गांव निवासी माया शंकर 45 वर्ष, रामपुर अतरी गांव निवासी सोनू और पप्पू सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौका पाकर दूसरा युवक बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सोखा व पशुपालक में हुई मारपीट, दो घायल

जनसंदेश न्यूज

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव में एक पशुपालक की कुछ बकरियां कई दिनों से बीमार थीं। भूत-प्रेत के चक्कर में एक सोखा सोलह सौ रुपए में अंधेड़ा कर रहा था। एक महीने तक चली अंधेड़ा के बाद बकरियों की हालत ठीक न होने पर सोमवार को सुबह सोखा तथा पशुपालक में लाठी-डंडे से मारपीट हो गई, जिससे दोनों घायल हो गए।

घायलों को उपचार हेतु ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। चिकित्सक ने सोखा की हालत ठीक नहीं होने पर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के कुशियरा गांव निवासी रामप्रताप की कुछ बकरियां कई दिनों से बीमार चल रही थीं। भूत-प्रेत के चक्कर का संदेह होने पर मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद के करकुसा गांव निवासी रामचंद्र पटेल 68 वर्ष गांव में एक महीने से रुककर कुछ लोगों को भूत-प्रेत के चक्कर से निजात का ठेका लिए थे।

रामप्रताप 65 वर्ष के बकरियों को ठीक करने के लिए 16 सौ रुपए में सोखा ठेका लिया था। लेकिन एक महीने बीत जाने पर बकरियों की हालत ठीक नहीं होने से पैसा वापस मांगने पर सोमवार सुबह सोखा तथा पशुपालक में लाठी-डंडे से मार पीट हो गई, जिसमें सोखा तथा पशुपालक दोनों घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने सोखा की स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पशुपालक का इलाज चल रहा है।

मारपीट

भूत-प्रेत के चक्कर में सोखा रुपये लेकर कर रहा था ओझाई

शांति पूर्ण ढंग से मनायें त्योहार

अपील

क्षेत्र में 121 स्थानों पर किया जाएगा होलिका दहन

जनसंदेश न्यूज

अहरौरा। आगामी पर्व होली को लेकर स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को दोपहर में पीस मीटिंग कर थाना प्रभारी ने सबको हर्षोल्लास पूर्वक होली का पर्व मनाने को कहा और बताया कि कहीं कोई अप्रिय घटना की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दे पुलिस आपके साथ है।

बैठक में क्षेत्राधिकारी आपरेशन मुनेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि होली हुरदंग एव रंग अबीर गुलाल का महापर्व है इसको शांति पूर्ण ढंग से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाए। पीस कमेटी की बैठक में आए मल्हाई टोला के अरविंद कुमार साहनी ने कहा कि हमारे वार्ड में बिजली का तार लटका है जिसको हटवाया जाए।

हुसैनपुर गांव निवासी भगवानदास ने कहा कि होलिका बढ़ाने के नाम पर गांव के नव युवकों द्वारा लोगों का मड़हा होलिका पर फेक देते है। रोशनहर ग्राम प्रधान छेदीयादव ने बताया कि गांव में जहा होलिका दहन किया जाता है वहां बिजली का तार लटका हुआ है।

बियाहर गांव के ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव में होलिका गाड़ने को लेकर विवाद होता है। सबकी समस्याओं को सुनने के बाद प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने कहा जिस गांव की जो समस्या है उसका निराकरण मिल बैठकर किया जाएगा। अबकी बार वहां कोई विवाद नहीं होगा। बैठक में डीजे बजाने वालों को भी बुलाया गया था। उनको निर्देशित किया गया कि डीजे बजाने में समय का ध्यान दे। बैठक में विद्युत विभाग के जेई, नगर पालिका के जेई, सभासद, ग्राम प्रधान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

स्थानीय लोगों के साथ बैठक करते थाना प्रभारी

शान्ति व सौहार्द्र पूर्वक मनाएं होली का पर्व : थाना प्रभारी

सीखड़। होली का पर्व शान्ति व सौहार्द पूर्वक मनाएं जाने के हृष्टिगत सोमवार को चुनार थाना प्रभारी की अध्यक्षता में अदलपुरा पुलिस चौकी पर बैठक आहुत की गई। बैठक में चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान व डीजे संचालकों के साथ होलिका दहन समिति के लोग भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी रविन्द्र भूषण मौर्य ने कहा कि होली का पर्व शान्ति व सौहार्द पूर्वक मनाएं। किसी भी प्रकार के अवांछित तत्वों द्वारा किसी प्रकार की उपद्रवा की जाती है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं बैठक में अपने डीजे संचालकों को भी अगाह करते हुए कहा कि डीजे में सिर्फ दो साउड बाक्स लगाकर डीजे के तौर पर प्रयोग करेंगे तथा प्रत्येक डीजे संचालक परमिशन नियमानुसार प्राप्त कर लें। उन्होने बताया कि डीजे बजाने का समय सीमा सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही होगा। निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई डीजे का संचालन नही होगा। निर्देश का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उक्त अवसर पर चौकी प्रभारी सुरेश सिंह सहित ग्राम प्रधान व अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में होलिका दहन समेत अन्य समस्याओं के बारे में ली जानकारी

हलिया। स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को आगामी त्योहार होली व रमजान की नमाज को लेकर हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ बैठक की गई। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे उपस्थित लोगों से गांव में होलिका दहन के बारे मे समस्यात्मक जानकारी ली। इस दौरान बेदखर गांव के रामलला ने बताया कि चिन्हित स्थान पर कुछ लोगों द्वारा होलिका नही लगाने की बात कह रहे हैं। पिछले वर्ष उस स्थान पर लेखपाल सहित थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचकर होलिका लगवाया गया था। जिसको गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष एव हलका इंचार्ज के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निस्तारण करने की बात कही है। इस दौरान उपनिरीक्षक अच्छे लाल, परमात्मा यादव, श्याम लाल, महेंद्र यादव, कन्हैया राय, ग्राम प्रधान राजेश मौर्य, विजेंद्र पांडेय, पवन तिवारी, माता प्रसाद, मनोज कुमार, रशिद खान, नियादार सिंह, गुलाब मुसा, विनय सिंह, खोझहट मिया आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

गैर इरादतन हत्या के आरोप में अभियुक्ता गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना चील्ह पर विगत दो मार्च को वादी चन्द्रशेखर यादव पुत्र मोहन लाल यादव निवासी मड़मेंड़ी थाना चिल्ह द्वारा नामजद आरोपियो के विरूद्ध पुरानी रंजिश को लेकर वादी की सास को लाठी डण्डा से मारकर गंभीर रूप से घायल करने व इलाज के दौरान मृत्यु होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चील्ह पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक चील्ह को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में सोमवार को थाना चिल्ह पुलिस टीम द्वारा थाना चील्ह क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित एक अभियुक्ता सीमा देवी पत्नी सुदर्शन उर्फ शिवदर्शन यादव निवासिनी धौरहरा थाना चिल्ह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

भाई, पुत्र व पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

हलिया। डुमंडगंज थाना क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी 43 वर्षीय अच्युतानंद पांडेय ने भाई, पुत्र और पत्नी पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में अच्युतानंद ने बताया कि घरेलू काम की बात को लेकर सोमवार सुबह भाई दयानंद पांडेय पुत्र शंडा शंकर व पत्नी सरस्वती लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घायल की तहरीर पर मारपीट करने वाले भाई, पुत्र और पत्नी के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

बोलेरो के धक्के से अधेड़ घायल

राजगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर सोनभद्र मार्ग पर बकहर पुल के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से उसे राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर अन्यत्र के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के धनसीरिया गांव निवासी रामचंद्र पुत्र स्व. प्यारेलाल उम्र लगभग 65 वर्ष राजगढ़ बाजार से नहिहार बाजार की ओर जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो ने धक्का मारकर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और एंबुलेंस को फोन किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एंबुलेंस कर्मचारी तत्काल घटनास्थल पर पहुचे और गंभीर रूप से घायल अधेड़ व्यक्ति को राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पांच को सुनेंगी महिलाओं की समस्याएं

मीरजापुर। सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार नई दिल्ली डा. अर्चना मजूमदार की अध्यक्षता में 05 मार्च को पूर्वान्ह दस बजे से जिला पंचायत सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार विषय पर महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। तो वे महिला, बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है।

ब्रेक फेल होने से नहर में पलटा ट्रक, बाल-बाल बचा चालक

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहरौरा जमुई रोड पर स्थित मगोलीदेई गांव के पास स्थित नवकुंडी माइनर में सोमवार की भोर सोनपुर से गिट्टी लोड करके मीरजापुर जा रहा उपर ट्रक का ब्रेक फेल होने के कारण असंतुलित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक 45 वर्षीय महेश मौर्य पुत्र कन्हैया लाल मौर्य निवासी बरकछा बाल बाल बच गया। ट्रक चालक महेश ने बताया कि वह सोनपुर स्थित एक क्रेशर प्लाट से गिट्टी लोड करके मीरजापुर जा रहा था। वह जैसे ही अहरौरा जमुई रोड पर स्थित मगोलीदेई गांव के सामने पहुचा ही था कि अचानक ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक असंतुलित होकर नहर में पलट गया। घटना के बाद सुबह मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुचे ट्रक मालिक ने हाइड्रा मंगा कर ट्रक को नहर से बाहर निकलवाया।

गो तस्करी के आरोप में तीन गिरफ्तार

लालगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ व पशु तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में गौ तस्करी में संलिप्त तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय जेल भेजा गया। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक विजय कुमार राय, उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक राधेश्याम, मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से पिकप में क्रूरता पूर्वक बध कर ले जा रहे 19 राशि गोवंशों को बरामद किया गया तथा सभी तीनों आरोपियों को कब्जे से तीन अवैध चाकू बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया।

बोलेरो की चपेट में आने से अधेड़ घायल

अदलहाट। नरायनपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग नरायनपुर बाईपास पर पोखरे के पास बोलेरो की चपेट में आने से अधेड़ घायल हो गया। जानकारी के अनुसार घायल ज्ञानदास पटेल निवासी करहट रोजाना की भांति अपने घर से नरायनपुर स्थित बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर आ रहे थे। जैसे ही नरायनपुर बाईपास पर सड़क पार कर रहे थे कि वाराणसी की तरफ से जाती हुई बोलेरो ने टक्कर मारी दी। जिससे अधेड़ बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दुर्घटना होने पर चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए नरायनपुर के अस्पताल में भर्ती करा दिया।

धोखाधड़ी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लालगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश के क्रम में लालगंज पुलिस द्वारा फर्जी सॉफ्टवेयर व दस्तावेज के जरिए धोखाधड़ी करने के अभियोग से संबंधित वांछित आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया। थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में नेशनल हाईवे टोल प्लाजा में फर्जी सॉफ्टवेयर और दस्तावेज के जरिए धोखाधड़ी के संबंध में थाना लालगंज में अंकित मुकदमा के बाबत विवेचना के दौरान उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित आरोपी राजकुमार सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह निवासी रिजवी खा किला रोड थाना कोतवाली शहर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

सामान्य ज्ञान प्रत

फासिल्स पार्क को लेकर बढ़ाएं पर्यटकों का आकर्षण: आयुक्त

निरीक्षण

मंडलायुक्त ने निरीक्षण कर जानी पार्क की स्थिति

सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

फासिल्स एस पार्क का निरीक्षण करते मंडलायुक्त एवं अन्य

सोनभद्र । आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी द्वारा आज जनपद सोनभद्र के फासिल्स पार्क सलखन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अमूल्य धरोहर के रूप में फासिल्स पार्क को संरक्षित करने, पर्यटन के दृष्टि से पर्यटकों के लिए बेहतर ढंग से विकसित करके पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। फासिल्स पार्क को विकसित करने के लिए बेहतर तरीके से कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया की फासिल्स पार्क का सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा दो करोड़ की धनराशि की मांग की गई है।

इसके जरिए फासिलस जिसके माध्यम से पर्यटकों के बैठने के लिए दो ग्लोवर, नेचर ट्रेलर, प्रकृति चित्रण केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक प्रबंध, गेट का निर्माण आदि कार्य कराये जाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। फासिल्स पार्क के प्रचार-प्रसार करने के लिए छोटे-छोटे वीडियो क्लीप बनाकर उसे प्रकृति चित्रण केंद्र में चलाया जाएगा, जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में लोग फासिल्स पार्क के इतिहास को जान सकेंगे और उसे देखने के लिए जनपद में आएंगे। इस मौके पर जिलाधिकारी बीएन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण की लीला देख भाव विभोर हुए भक्त

रासलीला

वृन्दावन के कलाकारों ने किया माखन चोरी का भावपूर्ण मंचन

जनसंदेश न्यूज

लीला का मंचन करते कलाकार

सोनभद्र। नगर के रामलीला मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का गोपियों संग रासलीला, श्री श्याम राधा जी की सगाई की रस्म व इसके बाद माखनचोरी का भावपूर्ण मंचन वृन्दावन के कलाकारों द्वारा किया गया।

श्री विशाखा रमन बिहारी रासलीला मंडल के संचालक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय के निर्देशन में चल रही श्रीकृष्ण रासलीला में रविवार की रात भगवान श्री कृष्ण की बचपन की माखन चोरी की अलग-अलग लीलाओं में श्री कृष्ण कैसे गोपियों के घर जाकर माखन चुराया करते थे, दिखाया गया। इस दौरान कान्हा के माखन चुराने की शिकायत लेकन पहुंची गोपियों का मंचन सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान एक गोपी कान्हा जी को पकड़कर यशोदा मैया के पास लेकर पहुंचती है, लेकिन भगवान उस गोपी के बेटे का रूप धारण कर लेते हैं। पंडाल में मौजूद दर्शकों ने इस मंचन को देखकर खूब तालियां बजाई। इस दौरान नंद गांव में पहुंची राधा जी की सगाई का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, पवन जैन, अशोक श्रीवास्तव, रामप्रसाद यादव, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येंद्र,चंद्रभूषण देव पांडे, अजीत जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

संक्षेप

मुकदमा दर्ज न होने से परिजनों में आक्रोश

शक्तिनगर। थाना क्षेत्र के खड़िया बाजार में हुई लाखों की चोरी में पांच दिन बीतने के बावजूद मुकदमा दर्ज न होने से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है बीते 25 फरवरी को खड़िया बाजार निवासी देवनाथ उर्फ बबलू केवट अपने परिवार के साथ शादी में शामिल होने के लिए बीजपुर गया था रात को करीब दो बजे वापस आया तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो मंगलसूत्र, कान की बाली, अन्य जेवर एवं 70 हजार रुपया नगद गायब था जिसकी लिखित तहरीर थाने में दिया लेकिन आज तक न तो मुकदमा दर्ज हुआ न ही पुलिस ने कोई कार्यवाई की जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त हैं

पी ई एस कम्पनी में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में कार्यरत पी ई एस इंजिनियरिंग कम्पनी में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे शेखर एवं रावेन्द्र की टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें शेखर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। मैच के दौरान दोनो टीमो ने जबरदस्त खेल भावना का प्रदर्शन किया उपस्थित लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। सभी खिलाड़ियों ने उम्दा खेल दिखाया, लेकिन शेखर की टीम ने बेहतरीन रणनीति और टीम वर्क के दम पर जीत दर्ज की। यह आयोजन सभी के लिए यादगार रहा विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि आगे भी इस तरह के खेल का आयोजनहोता रहेगा।

इलाज के दौरान युवक की मौत

दुद्धी। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी की आधी रात को अचानक तबियत बिगड़ी सीएचसी दुद्धी में इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी संगम मुसा 27 पुत्र स्व. यौगेंद्र मुसा आधी रात्री करीब एक बजे पेट में तेज दर्द के कारण तड़पने लगा। युवक के माँ ने आस पास के लोगों को बुलाकर सीएचसी दुद्धी भेजा। रात को ही हॉस्पिटल में इलाज के दौरान संगम मुसा की मौत हो गई। उक्त घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चिकित्सकों ने उक्त घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

अनियंत्रित ट्रेलर व बोलेरो टकराकर कच्चे मकान में घुसा

दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र के झारोकला गांव में सोमवार को रेनुकूट से दुद्धी की ओर आ रही एक अनियंत्रित ट्रेलर पिपरीत दिशा के बोलेरो को जोरदार टक्कर मारकर सड़क किनारे एक कच्चे मकान में घुस गया। इस दुर्घटना में किसी भी तरह की अनहोनी नही हुई। उक्त घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुँच कर जांच में जुट गई।

मिथिलेश नन्दिनी शरण जी महाराज का सोनभद्र में होगा आगमन



सोनभद्र। धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक, व पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या धाम के पूज्य संत आचार्य श्री मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज का आगमन मंगलवार को सोनभद्र में होगा। कार्यक्रम की सूचना देते हुए आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चार मार्च को मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज का आगमन रावटसगंज स्थित होटल ज्योति इंटरनेशनल में होगा। इससे पूर्व सुकृत, मधुपुर समेत अन्य जगहों पर भक्तों की ओर से मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज के स्वागत किये जायेंगे । होटल में आयोजित ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवन बोध गोष्ठी मे शामिल होने के बाद मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज विंध्य कन्या पीजी कॉलेज उरमौरा पहुंचेंगे। यहां पर महाराज जी पत्रकारों से बातचीत करेंगे, तत्पश्चात कॉलेज की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद सोनभद्र के आध्यात्मिक, धार्मिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक धरोहर विजयगढ़ दुर्ग, बाबा मछेंदनाथ तपोस्थली व अमिला धाम का भ्रमण कर रात्रि विश्राम हेतु सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां सोनभद्र के स्थापना दिवस पर सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। बुधवार की प्रातःधनुषी महादेव का दर्शन कर काशी के लिए प्रस्थान करेंगे।

हार्टफुलनेस ध्यान सबके लिए जरूरीः डा. सुरेश सिंह

कार्यक्रम

हार्टफुलनेस ध्यान का एकात्म अभियान जिला अस्पताल लोढ़ी में संपन्न

सोनभद्र। जिला अस्पताल, लोढ़ी , सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज सोनभद्र प्रिंसिपल डॉक्टर सुरेश सिंह की मौजूदगी में एकात्म अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। डॉक्टर सुरेश सिंह ने कहा कि हार्टफुलनेस ध्यान सबके लिए जरूरी है। बता दें कि केंद्र एवं राज्य सरकार की पहल पर हार्टफुलनेस ध्यान जन-जन तक पहुंचाने के लिए आठ राज्यों में एकात्म अभियान संचालित करने के लिए शासनादेश जारी किया गया है।

यह विश्व का सबसे बड़ा जन संपर्क अभियान है, जिसमें हार्टफुलनेस प्रशिक्षक एवं वॉलिंटियर्स के द्वारा सभी के लिए योग एवं ज्ञान के माध्यम से लोगों में सकारात्मक विचार एवं दृष्टिकोण विकसित किया जा रहा है। हार्टफुलनेस ट्रेनर गोपाल ने बताया कि तीन दिन के 30 मिनट के प्रत्येक सत्र में मेडिकल ऑफिसर्स एवं स्टाफ के द्वारा शारीरिक एवं मानसिक शांति तथा आनंद का अनुभव किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम 5 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए ब्राइटर माइंड्स ट्रेडिंग प्रोग्राम के बारे में भी बताया गया। जिसके माध्यम से बालकों में संज्ञानात्मक विकास और एकाग्रता मात्र 8 सप्ताह के भीतर संभव हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि हार्टफुलनेस अभ्यास से मैं से हम, स्वास्थ्य से निस्वार्थ, क्रोध से प्रेम, अहंकार से विनम्रता, भय से साहस, बेचैन से शांत,भारी से हल्का, जटिल से सरल, असंतुलन से संतुलन और अपेक्षा से स्वीकार्यता में परिवर्तन सरलता से हो जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वयं एवं परिवार और समाज में एकता की भावना विकसित की जा रही है और प्रथम सत्र से ही लोग ध्यान में हुए अनुभव के कारण आकर्षित होते जा रहें हैं।

एससी,एसटी आयोग के उपाध्यक्ष ने किया दौरा

ओबरा। भाजपा ओबरा मण्डल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को परियोजना अतिथि गृह में एससी, एसटी आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार के प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंडल के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष श्री खरवार ने ओबरा मण्डल के सभी कार्यकताओं से परिचय करते हुए अपने भाजपा के कार्यकाल का भी परिचय दिया। तत्पश्चात आयोग के उपाध्यक्ष ने आदिवासियों की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे के संबंध में ओबरा तहसीलदार और संबंधित क्षेत्र के लेखपालों से चर्चा कर जल्द से जल्द मामलों के निस्तारण करने की बात कही। इस अवसर पर उमेश सिंह पटेल, राम निवास तोमर, राजेश्वर प्रसाद, पंकज गौतम, पवन मिश्रा, सुनील सिंह, रघुराज सिंह, निशांत कुशवाहा, धर्मेन्द्र सिंह नन्के, नित्या नन्द दूबे, अरविंद सोनी, सुशील कुशवाहा, विजय पटेल, आशीष तिवारी, विकास सिंह, अनिरुद्ध खरवार, राम लक्ष्मण खरवार, सावित्री देवी, सिमा देवी, विमल रंजन, विभाष घटक, समीर माली, उषा शर्मा, दशरथ शुक्ला, सन्तोष जायसवाल, प्रभा शंकर सरोज, राजेंद्र, कुमार सौरभ, राकेश कुमार, राजू साहनी, अमित मित्तल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

पहली पाली में 851 तो दूसरी पाली में 425 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

यूपी बोर्ड परीक्षा

चौथे दिन भी नहीं मिले एक भी नकलची

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र । यूपी बोर्ड परीक्षा के आज पहली पाली में हाई स्कूल के संस्कृत और इंटर के गणित व जीव विज्ञान विषय की परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के चौथे दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल के कुल पंजीकृत 4008 छात्रों के सापेक्ष 3587 परीक्षार्थी उपस्थित और 421 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इंटर के गणित एवम जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 7851 के सापेक्ष 7421 उपास्थित और 430 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।आज ही दूसरी पाली में हाई स्कूल के संगीत वादन तथा इंटर के चित्रकला विषय की परीक्षा हुई । हाई स्कूल में 5 छात्र पंजीकृत थे जिसमें 4 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 1 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटर में 5957 छात्रों के सापेक्ष 5533 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 424 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।सकुशल परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले पर बने कमांड एवम कंट्रोल रूम पूरे दिन सक्रिय रहा।सचल दस्ता भी पूरे दिन परिक्रमण करता रहा। कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि दोनों पाली में सभी केंद्रों के सभी कक्षों का ऑनलाइन मॉनिटरिंग होता रहा। जिले के परीक्षा केन्द्रों पर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए कंट्रोल रूम में रात्रि कालीन मॉनिटरिंग के लिए भी पांच लोगों की ड्यूटी जिला विद्यालय निरीक्षक जवराम सिंह द्वारा निर्धारित की गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय, डीसी समग्र शिक्षा, डायट टीम के अतिरिक्त 4 सचल दस्ता टीम विभिन्न केंद्रों पर चक्रमण करती रही।कंट्रोल रूम प्रभारी कालिंदी यादव ने बताया कि चौथे दिन की परीक्षा भी जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुई।

चोपन थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

जनसंदेश न्यूज

सभात लोगों सग पीस कमेटी की बैठक करती पुलिस क्षेत्राधिकारी

चोपन। आगामी होली पर्व एवं चल रहे माहे रमजान तथा ईद को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु चोपन थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ चारु द्विवेदी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरु, मौलवी,पुरोहित और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं इस दौरान डॉ चारु द्विवेदी ने उपस्थित लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि होली रंगों का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की अपील की किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साथ ही, होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ने बताया कि डीजे रात्रि दस बजे से छः बजे तक नहीं बजेगा, निर्धारित गाईडलाइन के तहत आवाज रहेगी यदि डीजे बजाने के दौरान कोई विवाद होती है तो तत्काल डीजे बंद करके पुलिस को सूचना दें किसी भी कियत पर अस्लील गाने व भड़काऊ गाने नहीं बजेंगे बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने सुझाव दिए और पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम लगातार गश्त करेगी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी,डाला चौकी इंचार्ज आशीष पटेल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव, अभय यादव, सदर हाजी सरफराज अहमद,जनार्दन बैसवार, महफूज आरिफ,हाजी वकील अहमद,अजय सिंह,सलीम कुरैशी, नजमुद्दीन इद्रीशी, लिपिक अंकित पाण्डेय सहित थाना क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मथुरा में रावण पर हमला कलेक्ट्रेट में हुआ प्रदर्शन

मीरजापुर। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के काफिले पर हुए पथराव और जानलेवा हमले की विरोध में कलेक्ट्रेट में पहुंचे पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन को पत्रक सौंपकर पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण की सुरक्षा बढ़ाई जाने की मांग की। कहा कि प्रदेश सरकार 80 करोड़ जनता की सुरक्षा का दावा कर रही है, जबकि उनकी पार्टी के सांसद पर दूसरी बार हमला किया गया। जिला मुख्यालय पर पहुचे आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। कहा कि मथुरा में उनके ऊपर किया गया हमला दलितों गरीबों की आवाज को दबाने का प्रयास है। सरकार तरफ प्रदेश के लोगों की सुरक्षा के दावा कर रही है जबकि लोकसभा सदस्य चंद्रशेखर आजाद पर मथुरा में हमला किया गया। प्रति के मंडल प्रभारी सुनील पटेल ने कहा कि यह दलित हितों की बात को दबाने का प्रयास है। सांसद सड़क से संसद तक हमारी लड़ाई लड़ते हैं। दलितों की बात करने वाले पर डॉ भीमराव अंबेडकर एवं काशीराम हमारे बीच अब नहीं है।

चांदनी हत्याकांडः दोषी पति को उम्रकैद

सजा

21 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

चार अन्य दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा

ढाई वर्ष पूर्व दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी नहीं हुई तो चांदनी उर्फ सबा बेगम को जलाकर हत्या करने का मामला

कोर्ट भवन

सोनभद्र। ढाई वर्ष पूर्व दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर चांदनी उर्फ सबा बेगम को जलाकर हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/ सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति हसनैन को उम्रकैद व 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं चार अन्य दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जेल में बिताथी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक मृतका की माँ जैबुन्निशा पत्नी मोहम्मद काशिम निवासी बभनौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने पन्नूगंज थाने में 8 जून 2022 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने अपनी बेटी चांदनी उर्फ सबा बेगम की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हसनैन पुत्र बलमू उर्फ अजीमुल्लाह निवासी ग्राम बनौरा , थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। शादी में अपने सामर्थ्य के अनुसार उपहार स्वरूप सामान दिया था। बावजूद इसके दहेज में एक लाख रुपये की मांग को लेकर पति हसनैन, ससुर बलमू उर्फ अजीमुल्लाह खान, सास नजीरन उर्फ नजीर, देवर राजू खान उर्फ भद्दो व ननद रोबिका द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। तथा जलाकर मारने की धमकी दिया जाने लगा। 6 जून 2022 को 12 बजे रात में उनकी बेटी चांदनी उर्फ सबा बेगम फोन कर घटना को जानकारी दी। जब बेटी के ससुराल गए तो वह जली हुई हाल में पड़ी थी। दहेज में एक लाख की मांग पूरी नहीं हुई तो पति, ससुर, सास , देवर व ननद ने बेटी चांदनी उर्फ सबा बेगम को जला दिया।

जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गम्भीर हालत को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया। बेटी ने घटना की सारी जानकारी दी। इलाज के दौरान बेटी की मौत हो गई। रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति हसनैन को उम्रकैद व 21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं दोषी ससुर बलमू उर्फ अजीमुल्लाह खान , सास नजीरन उर्फ नजीर, देवर राजू खान उर्फ भद्दो व ननद रोबिका को दोषसिद्ध पाकर 3-3 वर्ष की कैद व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जेल में बिताथी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

अबूझ हाल में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

चोपन/ सोनभद्र। सोमवार को थाना क्षेत्र के प्रीतनगर निवासी एक युवती ने घर में ही फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गईप्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से थाने में मेमो देकर जानकारी दी गई कि एक महिला जिसका नाम अंजली कुमारी पुत्री उपेंद्र विश्वकर्मा निवासी प्रीत नगर थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र कारी 25 वर्ष मृत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पर लाई गई है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की बाबत जानकारी एकत्रित की बताया गया कि मृतका की शादी आगामी 16 अप्रैल को तय थी जिसको लेकर घर में परिजनों से बाद विवाद हो गया जिसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं पुलिस द्वारा फोरेंसिक टीम को अवगत कराते हुए शव को कब्जे में लेकर अग्रीम कार्यवाही में जुट गई।

संक्षेप

जिला पंचायत राज अधिकारी ने आरसीसी सेंटर का किया निरीक्षण

गैपुरा। जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने विकास खण्ड विजयपुर क्षेत्र के पंचायत नगवासी गांव पहुच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान पूर्व से प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल का निर्माण अधुरा पाया गया। जिस पर नाराजगी जताते हुए उत्कालीन सचिव व ग्राम प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित को निर्देशित किया। पंचायत भवन नही होने से पंचायत का कार्य ग्राम प्रधान के घर से संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आरआरसी सेंटर अधुरा पाया गया। आदेशित करते हुए तीन दिन के अन्दर पूर्ण कराने की हिदायत दी। निरीक्षण दौरान सामुदायिक शौचालय सही पाया गया। बिजली कनेक्शन ना होने के कारण पानी की समस्या रही। उन्होंने तत्काल विद्युत कनेक्शन कराने का सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया।

शहीद झूरी बिंद की मनाई गयी जयंती

मीरजापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद झूरी बिंद की 123वी जयंती दो मुहिया चिराहे पर स्मारक समिति द्वारा मनाया गया। आयोजित समारोह में लोगों ने पुष्पार्चन किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने झूरी बिंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान डा. श्यामलाल बिंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि शहीदों को याद करना सभी भारतीयों का परम धर्म है। आज हम इन्हीं के बलिदान की बदौलत स्वतंत्र एवं उन्मुक्त वातावरण में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। कार्यक्रम में मुरलीधर बिंद, रामकिशोर बिंद, सुघान चौधरी आदि रहे।

जल जीवन मिशन सुविधा से सैकड़ों घर वंचित

मीरजापुर। राजगढ़ विकासखंड क्षेत्र के नुनौटी ग्राम पंचायत के चौका मजरे मे जल जीवन मिशन की हकीकत सामने आई है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद चौका गांव में लोगों को पेयजल उपलब्ध नही हो पा रहा है।

भागीदारी के लिए संगठित हों दलित, पिछड़ा व आदिवासी: शिवकन्या

जनसंदेश न्यूज

शहाबगंज। जन अधिकार पार्टी की ओर से सोमवार को संविधान को मजबूती प्रदान करने हेतु भाई चारा बनाओ यात्रा सेमरा बस स्टैंड पर पहुंची। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने यात्रा में शामिल लोगों का जोरदार स्वागत किया। जहां रथ पर सवार होकर जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने मौजूद लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जो संविधान लिखा है वह आज खतरे में है, संविधान को खत्म करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। हम अपने बच्चों को जो पढ़ा लिखा रहे हैं वह आज रोजी रोजगार के लिए परेशान है, वहीं डबल इंजन की सरकार द्वारा बेरोजगारी को दूर करने की बजाय लोगों को परेशान करने का कार्य कर रही है। कहा कि आज तक संविधान को पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। न तो देश में जाति जनगणना कराई गई ना ही जनसंख्या के अनुपात में विभिन्न जातियों को उनका हक और हिस्सा नहीं दिया गया, जिससे पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी परेशान है। सभी वर्गों को भागीदारी व हिस्सेदारी मिले इसके लिए हमें संगठित होना पड़ेगा। वही सांसद छोटे लाल खरवार ने कहा कि भाजपा के लोग चुनाव आते ही हिन्दू मुसलमान कर आपस में लोगों को लड़ाने का कार्य करते हैं। लेकिन महंगाई, बेरोजगारी को दूर करने के लिए कार्य नही करते। जन अधिकार पार्टी के संस्थापक बाबू सिंह कुशवाहा के विचारों को रखा गया। सभी लोग संगठित होकर कार्य करने की अपील किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेन पाल, प्रदेश महासचिव रामकृष्ण प्रजापति, प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ रानी सिंह, इंदु लता, लाखन सिंह, राज पासी, प्रभु नारायण यादव, वशिष्ट सिंह मौर्य,रमेश पासवान,लालब्रत पासवान, नरसिंह मौर्य, कन्हैया कुशवाहा, भरत सिंह, शाहनवाज खान, संजय मौर्य सहित तमाम पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके बाद यात्रा इलिया कस्बा होते हुए सैदूपुर पहुंची। सरकारी समिति पर हुई नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुकन्या कुशवाहा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी के इस यात्रा का उद्देश्य है कि हर क्षेत्र में आबादी के लिहाज से हिस्सा मिले। सबको उनका हक दिलाने की लड़ाई लड़ रही है। इस लोकसभा चुनाव में हम ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जनता तक अपने मुद्दों को बताएंगे। काफिला के साथ सपा सांसद छोटेलाल खरवार, सीपी खरवार, डॉक्टर बुद्ध प्रताप मौर्य, श्रीकांत कुशवाहा, रामनिवास मौर्या, सनी मौर्य, बलवंत, दशरथ मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

शहाबगंज के सेमरा बस स्टैण्ड पर आमजन को संबोधित करती शिवकन्या कुशवाहा।

शहाबगंज में जन अधिकार पार्टी प्रमुख का स्वागत करते कार्यकर्ता।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों का हुआ सम्मान

चहनियां। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मारुफपुर, चहनिया के सात बच्चों ने सफलता प्राप्त किया है। इस सफल सभी छात्रों को सोमवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ विद्यासागर सिंह व अन्य शिक्षकों ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ विद्यासागर सिंह यादव ने बताया कि जनपद चंदौली में 204 सीटों के सापेक्ष 204 छात्रों का चयन हुआ। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय मारुफपुर के कुलदीप यादव, सुप्रिया, खुशी यादव, आकाश यादव ,सत्यम यादव, अंकित यादव और नंदिनी यादव सफल हुए। सभी सफल छात्र-छात्राओं को माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर उन्हें सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा की तैयारी कराने वाले अध्यापक जय प्रकाश गौड़ की कड़ी मेहनत और बच्चों के परिश्रम का परिणाम आज हम लोगों के सामने है।

संक्षेप

ऑटो चालक को पेट्रोल पम्प पर तैनात कर्मियों ने पीटा

पेट्रोल पम्प पर ऑटो चालक के साथ मारपीट करते कर्मी।

नियामताबाद। अलीनगर थाना क्षेत्र के मुंडा पेट्रोल पंप पर मामूली विवाद को लेकर ऑटो चालक को कर्मचारियों ने मारना पीटना शुरू कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दे की अलीनगर थाना क्षेत्र के मुंडा पेट्रोल पंप पर सोमवार को किसी बात को लेकर ऑटो चालक व कर्मचारियों से विवाद हो गया। देखते ही देखते आधा दर्जन कर्मचारी ऑटो चालक पर टूट पड़े और मारना पीटना शुरू कर दिया। हालांकि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की इससे पहले ऑटो चालक चला गया। इस घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को होने के बाद ऑटो चालकों में भारी आक्रोश पनप गया। इसको लेकर थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची थी, तब तक ऑटो चालक वहां से चला गया था। हालांकि वीडियो के माध्यम से मामले की जांच पड़ताल कर पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

चौथी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

डीडीयू नगर। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ की श्रद्धांजली सभा अखबार सेंटर पर जिलाध्यक्ष विजय जायसवाल के अध्यक्षता मे हुई। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया की माता स्वर्गीय श्याम देई चौरसिया की चौथी पुण्यतिथि चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा मे भागवत नारायण चौरसिया, संजय सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, राजेश सिंह, सुभाष भारती, त्रिपुरारी यादव, मदन यादव, कुलवंत विश्वकर्मा, नीरज पांडेय, मिथिलेश, उमराव, राम बच्चन राम, मोनू जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

नगीना सांसद चंद्रशेखर पर हमला बड़ी साजिश: शैलेश

चंदौली। आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद पर मथुरा में हुए हमले के खिलाफ नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं ने प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हमलावरों पर जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हमलावरों की पहचान करने में असफल रहा है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर समाज के शोषित और वंचित वर्ग की आवाज हैं। हर स्तर पर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। शैलेश कुमार ने आरोप लगाया कि यह हमला किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है, इसलिए प्रशासन को तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर प्रशासन से न्याय की मांग की। कार्यकताओं ने सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर नंदन कुमार, अभिषेक चौधरी, अंबिका कुमार, सोहन भारती सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

श्रद्धांजलि सभा में अर्पित किया श्रद्धा-सुमन

चंदौली। क्षेत्र के जगदीशसराय निवासी पत्रकार कमलेश गिरी के पिता मुराहू गिरी के निधन के उपरांत सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न दलों के नेताओं व स्थानीय लोगों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। विदित हो कि बीते 19 फरवरी को कमलेश गिरी के पिता का निधन हो गया। सोमवार को जगदीशसराय में आयोजित कार्यक्रम में शशिशकर सिंह, कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह मुन्ना, रामकेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, मुकेश यादव, अरविंद यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी और गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

सड़क चौड़ीकरण व मुआवजा को लेकर किया घेराव

डीडीयू नगर। दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा व किसान न्याय मोर्चा छह मार्च को संयुक्त रूप से एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी को पत्रक देंगे। किसान न्याय मोर्चा के संयोजक महेंद्र यादव एवं दुलहीपुर महाबलपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रतन कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त नेतृत्व में दुलहीपुर में घरौंगी स्वामित्व योजना एवं दुल्हीपुर महाबलपुर में फोरलेन सड़क चौड़ीकरण की मांगों को लेकर पत्रक देंगे। साथ ही गुरुवार की शाम 4 बजे अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग का घेराव कर दुल्हीपुर महाबलपुर में फोरलेन सड़क चौड़ीकरण एवं उससे प्रभावित परिवार को मुआवजे के लिए उनका घेराव करेंगे।इस आशय की सूचना डा आरके शर्मा ने दी है।

अभ्यर्थियों के लिए चलेगी एग्जाम स्पेशल ट्रेन

डीडीयू नगर। रेलवे सुरक्षा बल के कास्टेबल एग्जाम में अभ्यर्थियों की अधिक भीड़ को देखते हुए रेलवे सोमवार को एग्जाम स्पेशल ट्रेन चलाई गई। सोमवार को डीडीयू से रांची के लिए ट्रेन चलाई गई, जिससे परीक्षा में जाने वाले अभ्यर्थियों को आसानी होगी। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 03640 एग्जाम स्पेशल ट्रेन तीन मार्च की शाम चार बजे से खुलेगी। यह ट्रेन भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी आन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो होते हुए अगले दिन भोर में 04 बजे रांची पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में 03639 एक्जाम स्पेशल 04 मार्च की रात 21.30 बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह आठ बजे डीडीयू पर पहुंचेगी। इसके सभी कोच जनरल होंगे।

संविधान लोकतंत्र का कवच, उसे बचाने की जरूरत

बोली शिवकन्या

जन अधिकार पार्टी ने संविधान और भाईचारे की मजबूती के लिए निकाली यात्रा

चंदौली। संविधान को सशक्त करने व भाईचारे को मजबूती के लिए सोमवार को जन अधिकार पार्टी की अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा ने भाईचारा बनाओ यात्रा को जिले में अगुवाई की। इस दौरान बलुआ से यात्रा लेकर जनपद के विभिन्न हिस्सों में गई और संविधान में आस्था रखने वाले लोगों के साथ मंच साझा करते हुए समान शिक्षा नीति के साथ व्यक्तित्व विकास जैसे बिंदुओं पर फोकस किया। साथ ही यह भी कहा कि संविधान लोकतंत्र का रक्षा कवच है जिसे बचाने की जरूरत है। जनता को अपने अधिकारों की ताकत के प्रति भी उन्होंने जागरूक व सजग किया। कहा कि आपके वोट की ताकत से ही दिल्ली सरकार बनती और बिगड़ती है।

उन्होंने कहा है कि स्वतंत्रता को अमृतकाल के उत्सव औपचारिक तभी होगा, जब समतामूलक समाज की परिकल्पना को हम समाज के अंतिम व्यक्ति से हम साझा कर पाएंगे। कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। इस आत्मा में ही वोट का अधिकार है। वोट सत्ता की कुंजी है, वोट का अधिकार देश के प्रत्येक नागरिक को हासिल है इसमें कोई भेद नहीं है। इसलिए एक-एक वोट पार्टी की भविष्य तय करेगा। कहा कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष व सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने भी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष की एजेंडा को दोहराया। वही नहीं पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों सहित समाज को उपेक्षित वर्ग के लिए सामाजिक न्याय की आंदोलन में सभी के शामिल होने का आह्वान किया। पदयात्रा चहनियां, सकलडीहा होते हुए चंदौली जिला मुख्यालय पहुंची, जहां नगर भ्रमण के उपरांत यात्रा सैयदराजा रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह पार्टी समर्थकों ने पदयात्रियों व अपने नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। उल्लेखनीय हो कि दो दिवसीय पदयात्रा मंगलवार को सोनभद्र जिले के लिए रवाना होगी,रात्रि विश्राम शाहबगंज में होगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय, राज्य व मंडल स्तर के नेताओं में संतोष सिंह लोधी, अजीत प्रताप सिंह कुशवाहा, लखन सिंह राजपासी, रानी सिंह, कन्हैया कुशवाहा, राम कृष्ण प्रजापति, चंद्रसेन पाल, रामधनी निषाद, अनिल मौर्या, दिनेश वर्मा, श्रीप्रकाश जायसवाल, बंशलाल मौर्या, प्रहलाद मौर्या, चंद्रसेन पाल, अबरार खां, वंदना मेहता, इंदु मेहता, विजय बहादुर कुशवाहा, रामचंद्र त्यागी, रामलोचन राम, धनंजय कुशवाहा, सुनील मौर्या, गणेश प्रसाद, वशिष्ठ मौर्या, नसीम खां, संजय कुमार मौर्य, विमलेश मौर्या आदि शामिल रहे।

चंदौली मुख्यालय पर यात्रा लेकर पहुंची जन अधिकार पार्टी की प्रमुख शिवकन्या कुशवाहा।

अलीनगर में बालू लदा अनियंत्रित डम्पर पलटा

अलीनगर में पलटा बालू लदा डम्पर।

नियामताबाद। अलीनगर वार्ड नंबर तीन में बालू लदा डंपर अनियंत्रित होकर पलट जाने से अफरातफरी माहौल बन गया। हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। चकिया रोड आलू मिल से होकर अलीनगर सोमवार को बालू लदा डंपर जा रहा था। इसी दौरान कृष्णा लान के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। संयोग अच्छा रहा कि इस दौरान रोड पर कोई गुर्जर नहीं रहा था नहीं तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि इस दौरान अफरा तफरी का माहौल बन गया। लेकिन कोई इसे हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि आलू मिल से अलीनगर को जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन होना ही खतरे से खाली नहीं है। इस रोड पर घनी आबादी होने के कारण हमेशा लोगों का आवागमन बना रहता है।

नौगढ़ में लटक रहे विद्युत पोल से आमजन को खतरा

नौगढ़ में लटक रहा विद्युत पोल।

नौगढ़। कस्बा बाजार में बिजली का खंभा कई महीनों से लटक रहा है, जिससे हाई वोल्टेज करेंट फैलने की आशंका से समीपवर्ती घरों में रहने वाले लोग बहुत काफी भयभीत हैं। जानकारी के बाद भी बिजली विभाग खंभा को सीधा कराने की कोई भी पहल नहीं कर रहा है। बताते हैं कि नौगढ़ बाजार व पुरानी बाजार (चन्द्रकान्ता किला रोड) में बिजली आपूर्ति किए जाने के लिए 250 केवी का ट्रान्सफार्मर बीच बाजार में लगाया गया है, जिसमें विद्युत उपकेंद्र नौगढ़ से आने वाली हाई वोल्टेज बिजली का खंभा कई महीनों से टेढ़ा हो जाने से तार लटक कर समीपवर्ती घरों की दीवार से सट रहा है। तेज हवा के दौरान हाई वोल्टेज करेंट घरों में फैलने की पूरी संभावना होने से निवास करने वाले लोग बहुत काफी भयभीत हैं। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि बिजली विभाग की व्याप्त मनमानी से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है। बिजली का खंभा सीधा करवाने के लिए जे ई बिजली विभाग को निर्देशित किया जाएगा।

चहनियां में तीन महीने से ठप है जल निगम की सप्लाई

चहनियां। कस्बा में बलुआ मार्ग पर तीन महीने से पानी की सप्लाई ठप है। पानी के लिए लोग दर दर भटक रहे है। कस्बा के लोग जब भी जल निगम टंकी पर शिकायत करने जाते है तो बस आश्वासन मिलता है। चहनियां कस्बा में कभी सैदपुर मार्ग तो कभी सकलडीहा मार्ग पर या फिर पूरा कस्बा में पानी की सप्लाई हफ्तों गायब हो जाती है। इस समय बलुआ मार्ग पर विगत तीन माह से जलनिगम की सप्लाई ठप है। पानी के लिए लोगो को दर दर भटकना पड़ रहा है। इस मार्ग से कस्बा के लोग जब भी जलनिगम टंकी पर शिकायत लेकर जाते है तो वही रटा रटाया जवाब मिलता है। दो दिन में पानी की सप्लाई चालू हो जायेगी। विगत तीन महीने से यही सुनने को मिल रहा है। कस्बा के लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लोग पानी के लिए तीन महीने से जूझ रहे है। सब काम धंधा छोड़कर पहले पानी का जुगाड़ करना पड़ता है। यह कहते कहते तीन महीने बीत गया। फिर भी सप्लाई शुरू नहीं की गई। कस्बा के पूर्व प्रधान भज्जू सिंह चौहान, सुभाष मिश्रा, जयशंकर जायसवाल, मनोज गुप्ता, पप्पू यादव, संजय सोनकर आदि लोगों ने विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पानी की सप्लाई चालू करने की मांग की है।

पिकअप के धक्के से रेलवे फाटक में आई तकनीकी समस्या, लगा जाम

सकलडीहा। क्षेत्र के भोजापुर रेलवे क्रासिंग पर सोमवार की सुबह एक अज्ञात पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे फाटक में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके एक तरह का गेट बंद हो गया और दूसरी तरफ का गेट खुल रहा था। ट्रेन आने पर एक तरफ के राहगीर सूझबूझ का परिचय देते ट्रेन के जाने का इंतजार करते रहे। जिसके कारण चंदौली सकलडीहा मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग गयी थी। रेल कर्मियों की तत्परता से तकनीकी समस्या दूर होने पर दो घंटे बाद आवागमन सुचारू हो सका।

पंडित दीनदयालनगर-पटना रेल रूट पर भोजापुर रेलवे फाटक है। सोमवार को करीब 7 बजे चन्दौली की ओर से आ रहा अज्ञात पिकअप वाहन ने फाटक में टक्कर मार दिया। इससे फाटक में तकनीकी खराबी आ गई।और वह खुल ही नहीं पा रहा था। वही दूसरी ओर का फाटक खुला था। एक तरफ बंद और दूसरी तरफ खुला फाटक लोगों में कौतूहल बना रहा। इस दौरान कई ट्रेनें भी ट्रैक से गुजरी। हालांकि की सुरक्षा को लेकर रेलवे की ओर से लोगों को रोकने के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। गेट बंद होने से वाहनों का लंबा जाम लग गया। जिला मुख्यालय सहित अन्य जाने वाले लोग जाम में फंसे रहे। करीब 10 बजे के बाद फाटक मरम्मत होने के बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ। फाटक खराब हो जाने से छोटे चार पहिया वाहन चतुर्भुजपुर बाजार सहित ग्रामीण रास्तों से निकले। ऐसे में इन रास्तों पर भी जाम लग गया। इस बाबत स्टेशन मास्टर उपेन्द्र चौधरी ने बताया कि एक तरफ के डंडे में पिकअप से धक्का लगने के कारण गेट में तकनीकी समस्या हो गया था। जिसे ठीक कराने के बाद आवागमन सुचारू हुआ।

भोजापुर रेलवे क्रासिंग पर जाम में फंसे राहगीर और वाहन।

आरक्षण व संविधान पर लगातार हो रहा हमला

बोले जितेंद्र यादव

पुरवा गांव में सपा नेता दिलीप पासवान की अगुवाई में हुई पीडीए जन पंचायत

चंदौली। समाजवादी पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सेक्टर प्रभारी दिलीप पासवान की अगुवाई में सोमवार को क्षेत्र के पुरवा गांव में पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिलीप पासवान समेत कार्यक्रम में शामिल हुए सपा के नेताओं ने बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों के बीच बाबा साहब के विचारों को रखा। इस दौरान सपा नेता जितेंद्र यादव जीतू ने कहा कि संविधान हम सभी को समानता, शिक्षा व भागीदारी का अधिकार देता है।

बाबा साहब के दिए हुए संविधान में आरक्षण का प्रावधान है, ताकि दबे-कुचले लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। आज आरक्षण तक लगातार हमले हो रहे हैं। गरीबों, दलितों व पिछड़ों के आरक्षण पर डांका डाला जा रहा है। वही वजह है कि समाजवादी पार्टी लगातार जाति जनगणना के मुद्दे को संसद में उठाने का काम कर रही है, ताकि जातियों को उनकी संख्या के अनुरूप भागीदारी देकर उनका उत्थान किया जा सके। लेकिन आरक्षण व संविधान विरोधी भाजपा लगातार इसका विरोध कर रही है। ऐसी सरकार से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। दिलीप पासवान ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के जीवन व उनके विचारों को पढ़ने व समझने की जरूरत है। क्योंकि बाबा साहब को पढ़कर ही दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को उन्हें अपने अधिकारों की जानकारी होगी। इसलिए हमें शिक्षित और संगठित होने पर ध्यान देना होगा, तभी देश में नई राजनीति क्रांति लाकर पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों का भला हो सकेगा। इस अवसर पर चंद्रशेखर यादव, अयूब खान गुड्डू, औसाफ अहमद, मुन्ना बियार, चंद्रभान यादव, सिद्धांत जायसवाल, तस्लीम अंसारी, अरुण पासवान, इंद्रेश यादव, सुजीत कनौजिया, लल्लू बियार, अमित सिंह, आशुतोष यादव, राकेश यादव, सुभाष बिंद, अजय यादव, गणेश यादव आदि उपस्थित रहे।



पुरवा में आयोजित पीडीए जन पंचायत को संबोधित करते सपा नेता दिलीप पासवान।

कृषक गोष्ठी में इफको के प्रोडक्ट के बारे में दी जानकारी

शहाबगंज। ब्लाक सभागार में सोमवार को इफको द्वारा कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान इफको द्वारा उत्पादित प्रोडक्ट व उसके प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। वहीं किसानों कि समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान एआर कोआपरेटिव श्रीप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि डीएपी व यूरिया पर निर्भरता कम करने के लिए आज के परिवेश को देखते हुए नैनों यूरिया, नैनों डीएपी के साथ सागरिका का प्रयोग करना होगा। इसके प्रयोग से उत्पादन लागत में कमी आयेगी। वहीं मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी विद्यमान रहेगा। इससे उत्पादित फसल में उत्पादन व गुणवत्ता में वृद्धि होती है। एडीसीओ अरुन कुमार सिंह ने बताया कि शासन से ही जिले की समितियों के लिए मात्र 40 प्रतिशत उर्वरक मिलता है बाकी 60 प्रतिशत प्राइवेट दुकानों के माध्यम से वितरण किया जाना है। सभी किसानों को समिति से उर्वरक देने में इसी लिए समस्या आती है। इस अवसर एडीओ आईएसबी अजय कुमार, शिवश्याम पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, भोला यादव, सुदर्शन यादव,राम अवध सिंह,ग्राम प्रधान सजाउद्दीन, निरंजन चौरसिया,बद्री यादव सहित आदि किसान कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन इफको के एरिया मैनेजर अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

स्पोर्ट्स

मैनचेस्टर में फुलहम के फुटबॉलर ब्रैड लेनो पेनाल्ट बचाने के बाद साथियों के साथ जश्न मानते हुए।

चैम्पियंस ट्रॉफी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में पिछली गलतियों से सबक लेकर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें जीत दर्ज कर पिछली असफलताओं का हिसाब बराबर करना रहेगा। आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिकतर भारत पर हावी रही है। भारतीय टीम को इससे पहले 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना पहुंची है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिल सकता है।

तेज गेंदबाज पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं है। कमिंस के नहीं होने टीम की कप्तानी स्वीव स्मिथ के पास है हालांकि इसके बाद भी ऑस्ट्रेलिया को कम नहीं आंका जा सकता। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने साबित कर दिया है कि वह आईसीसी टूनार्मेंटों में खतरनाक हो जाती है। भारत को अंतिम बार आईसीसी टूनार्मेंट के नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। इसके बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2015 एकदिवसिय विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हार का समाना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार भारतीय टीम कोई कमी नहीं छोड़ना चाहेगी। इस बार भारतीय टीम 14 साल की विफलता को दूर करने उतरेगी। भारतीय टीम के पास इस बार अच्छा स्पिन आक्रमण है जिसका सामना कंगारुओं के लिए कठिन होगा। टूनार्मेंट से पहले टीम में वरुण चक्रवर्ती सहित पांच स्पिनरों को शामिल करने के भारतीय टीम के फैसले की काफी आलोचना हुई थी पर दुबई की धीमी पिचों पर अब यह प्रयोग सफल रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिनरों ने कुल 9 विकेट लिए थे हालांकि भारतीय टीम को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 5 विकेट लेने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा, ह्यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है। भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। भारतीय टीम के बल्लेबाजों विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की ये सबसे कठिन परीक्षा होगी, ऑस्ट्रेलियाई टीम टूनार्मेंट बढ़ने के साथ ही खतरनाक होती जाती है। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, यह अच्छा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूनार्मेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारतीय गेंदबाजों के ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ पर अंकुश लगाना होगा। इसके अलावा भारतीय बल्लेबाजों को जीत के लिए बड़ा स्कोर बनाना होगा।

दोपहर 2.30 बजे से होगा मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूनार्मेंट में रिकार्ड अच्छा, हमें गलतियों से बचना होगा : रोहित

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत , रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

ऑस्ट्रेलिया : स्टीव स्मिथ (कप्तान), लीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वारशुईस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

शास्त्री और कुंबले बोले, वरुण को लगातार अवसर दिये जाएं

दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंस करते हुए कहा है कि वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इसलिए उन्हें लगातार अवसर दिये जाने चाहिये। शास्त्री ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उसे अंतिम ग्यारह में जगह मिलनी चाहिये। वरुण ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में 42 रन देकर 5 विकेट लिए। शास्त्री ने कहा, हमें उससे काफी प्रभावित हूं। टीम प्रबंधन को पूरे अंक जाते हैं जिसने उसे उतारने का फैसला लिया। बीच के ओवरों में वह विकेट दिलाने वाला गेंदबाज है। यह सही समय है कि उसे मौके दिए जाएं। उसे टीम में शामिल किया तो उसने 5 विकेट ले लिए। उसके नौजूदा फॉर्म और हाव भाव को देखें, उसके आत्मविशवास और कौशल को देखो। टूनार्मेंट में अब न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका बचे हैं और उन्होने उसके खिलाफ ज्यादा खेला नहीं है, इसका भी लाभ उसे मिलेगा।

श्रेयस अय्यर के साथ मजाक करते दिखे विराट का वीडियो सामने आया

दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी के अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मजाकिया अंदाज में दिखे। विराट ने साथी खिलाड़ी श्रेयस अय्यर की भी हंसी उड़ायी। वह अय्यर की नकल करते हुए भी दिखे। ये तबकी बात है जब केन विलियमसन और विल यंग खेल रहे थे। विल यंग ने ओवर की अंतिम गेंद पर शॉट मारा था जिसे श्रेयस ने रोक लिया पर श्रेयस से जैसे ही गेंद रोकी वह हाथ से फिसल गई। श्रेयस जब गेंद को दोबारा पकड़ने के लिए घूमे तो उन्हें गेंद दिखी ही नहीं। इसपर कोहली ने श्रेयस को आवाज लगा दी। श्रेयस जब दोबारा अपनी फील्डिंग पोजीशन पर जा रहे थे तब कोहली उनके पास गए और उनके कमर पर हाथ रखकर हंसने लगे। थोड़ी देर बाद कोहली को भी श्रेयस की तरह घूमते हुए पाया गया। वह ऐसा कर श्रेयस के मजे ले रहे थे। ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमर वायरल हुआ है। विराट ने इस टूनार्मेंट में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी शानदार पारी से भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। भारतीय टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। यहां अब उसे ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करना है। भारतीय टीम ने ग्रुप ए में अब तक दो मैच खेले और दोनों जीते हैं। उसके 4 अंक हैं और नेट रन रेट +0.425 है।

ऑस्ट्रेलिया के शॉर्ट चोटिल होने के कारण बाहर हुए, कोनोली शामिल

दुबई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले के लिए चोटिल सलामी बल्लेबाज थ्यू शॉर्ट की जगह पर ऑलराउंडर कॉनर कोनोली को टीम में शामिल किया है। शॉर्ट अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगने के कारण टूनार्मेंट के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। कोनोली को अंतिम ग्यारह में जगह मिलती है या नहीं ये देखना होगा। शॉर्ट को फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलियाई मेडिकल स्टाफ का कहना है कि शॉर्ट सेमीफाइनल के समय तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाएंगे। ऐसे में रिजर्व खिलाड़ी कोनोली को टीम में शामिल किया गया है। इस ऑलराउंडर ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से अब तक 6 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें से तीन एकदिवसीय मैच हैं। इसके अलावा एक टेस्ट और 2 टी20 मैच भी इसमें शामिल हैं। एकदिवसीय में उन्होंने 3 मैच में 10 रन बनाए हैं। अब देखना होगा कि उन्हें भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में अवसर मिलता है या फिर नहीं। घरेलू क्रिकेट में कोनोली का प्रदर्शन अच्छा रहा है। फर्स्ट क्लास में कोनोली ने 5 मैच, लिस्ट ए में 9 मैच और टी20 में 27 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उन्होंने काफी रन बनाये हैं।

कांग्रेस पवक्ता ने रोहित को बताया मोटा, कप्तानी पर भी उठाये सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता, डॉक्टर शमा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर विवादित बया न दिया है। शमा ने रोहित को मोट बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता, शमा ने सोशल मीडिया पर लिखा, रोहित एक खिलाड़ी के तौर पर मोटा है। उसे वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम का अब तक का सबसे निराशाजनक कप्तान है। वहीं एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, गमुली, तेंदुलकर, द्रविड़, धोनी, कोहली, कपिल देव, शास्त्री जैसे पूर्व के लोगों की तुलना में उनमें ऐसा क्या विश्वस्तरीय है। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमी के इस बयान की भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने कड़ी आलोचना की है। इसके बाद शमा ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। वह केवल एक खिलाड़ी के तौर पर रोहित के अधिक वजन को लेकर बात कर रही थीं। वहीं भाजपा ने भी कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर नाराजगी जतायी है। भाजपा प्रवक्त शहजाद पूनावाला ने कहा कहा, जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हारे हों, वो रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उठा रहे हैं।

वरुण ने स्टुअर्ट बिन्नी का रिकॉर्ड तोड़ा

दुबई। भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वरुण भारतीय टीम की ओर से अपने दूसरे ही एकदिवसीय में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड स्टुअर्ट बिन्नी के नाम पर था। स्टुअर्ट ने साल 2014 में अपने तीसरे ही एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 6 रन देकर 4 विकेट लिए थे। वहीं अब वरुण एकदिवसीय करियर में सबसे कम मैचों के अंदर पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इससे पहले भारतीय टीम की ओर से रविन्द्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर पांच विकेट लिए थे।

रिचर्ड्स बोले,अपने जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण सर्वश्रेष्ठ हैं विराट

जमैका। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि अपने जुझारू जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण ही विराट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। है। वह अपने आलोचकों को हमेशा ही अपने खेल से जवाब देते हैं। इंटरनेशनल मास्टर लीग (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। एकदिवसीय विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था पर उसने टूनार्मेंट में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। वे सभी उसके जुनून और जज्बे से हुआ है। उन्होंने कहा, इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम खिलाड़ी मानता हूं।

लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित हुए ऋषभ

मैड्रिड। भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार दुर्घटना के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर खेल की दुनिया के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार 2025 के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्व के खेल मीडिया द्वारा मतदान के बाद किया गया। इस पुरस्कार की यह 25वीं वर्षगांठ है और यह समारोह 21 अप्रैल स्पेन की राजधानी मैड्रिड होगा। इसी दिन पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी। सचिन तेंदुलकर एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें लॉरियस अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है। उन्होंने लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट अवार्ड (2000-2020) जीता था।

न्यूजीलैंड को हराकर पदक तालिका में टॉप पर है भारत

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में आज भारत ने अपना अजेय अभियान जारी रखा है। भारतीय टीम ने आज खेले गए मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। न्यूजीलैंड की टीम को 250 रन का लक्ष्य चेज करने उतरी, परंतु केन विलियम्सन (81) के अलावा कोई भी बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना सका और इस प्रकार पूरी टीम 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने सर्वाधिक 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। इससे पहले भारतीय टीम ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने तीसरे लीग मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 249 रन बनाये। इस प्रकार न्यूजीलैंड को जीत के लिए 250 रनों का लक्ष्य मिला है।

केकेआर की कप्तानी करेंगे अजिंक्य रहाणे, 23.75 करोड़ में बिके वेंकटेश अय्यर उपकप्तान बनाए गए

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स ने केकेआर के 18वें सीजन के लिए अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाया है। मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए में बिके वेंकटेश अय्यर उप कप्तान बनाए गए हैं।

टीम ब्रेयस अय्यर की कप्तानी में 2024 के सीजन में चैंपियन बनी थी, उन्हें इस बार ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया। डिफेंडिंग चैंपियन डड्कप इस बार अपने होम ग्राउंड पर केकेआर के खिलाफ मैच से अभियान का आगाज करेगी। केकेआर के खिताब जीतने की वजह से ही इस बार का क्वालिफायर-2 और फाइनल भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में ही खेला जाएगा। वहीं अजिंक्य रहाणे केकेआर के 9वें कप्तान होंगे। उनसे पहले सौरव गांगुली, ब्रेंडन मैक्कुलम, गौतम गंभीर, जैक्स कैलिस, दिनेश कार्तिक, ऑएन मॉर्गन, श्रेयस अय्यर और नीतीश राणा भी टीम की कप्तानी कर चुके हैं। 8 पिछले कप्तानों में 2 ही प्लेयर टीम को ट्रॉफी जिता सके। गौतम गंभीर की कप्तानी में टीम ने 2012 और 2014 में खिताब जीता। वहीं श्रेयस अय्यर ने 2024 में टीम को चैंपियन बनवाया।

वहीं अजिंक्य रहाणे पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स से खेले थे। केकेआर 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया। मेगा ऑक्शन में डड्कप ने उन्हें बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपये में खरीदा। रहाणे 2022 में भी केकेआर का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने तब 7 मैचों में 103.90 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। उस सीजन वे एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके थे। रहाणे ने अब तक 185 आईपीएल मैचों में 30.14 की औसत से 4642 रन बनाए हैं। उनके नाम 2 सेंचुरी और 30 फिफ्टी शामिल हैं।

पिछला आईपीएल मैच श्रेयस की कप्तानी में जीता था

आईपीएल 2025 में एक बार फिर पंजाब किंग्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन को तैयार हैं शशांक

नई दिल्ली। आईपीस में पिछली बार अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाल पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज शशांक सिंह का लक्ष्य इस बार भी टीम की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना है। शशांक ने पिछले सत्र में अपनी मैच विजेता पारियों से का ध्यान खींचा था। शशांक पिछले साल दुनिया भर में गूगल पर 9वें सबसे अधिक खोजे जाने वाले एथलीट थे। तब उन्होंने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों में 61 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी थी। शशांक ने इस पर कहा, मुझे नहीं पता था कि गूगल दुनिया भर में खोजे जाने वाले लोगों की एक सूची जारी करता है।

मैक्सको में मैरिडा ओपन टेनिस में ट्रॉफी के साथ नजर आयीं अमेरिका की इगा नवारो।

रणजी ट्रॉफी विजेता विदर्भ को मिले 5 करोड़, चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल की इनामी राशि के है बराबर

मुम्बई। इस बार रणजी ट्रॉफी विजेता रही विदर्भ को पांच करोड़ की इनामी राशि मिली है जबकि पिछले सत्र में ये 2 करोड़ रुपये थी। ये चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम को मिलने वाली राशि के बराबर है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए राशि को बढ़ाया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इस बदलाव की जानकारी दी थी, जिसका लक्ष्य घरेलू क्रिकेट को और प्रोत्साहित करना है।

यह राशि घरेलू क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के करीबी लाने की बोर्ड की पहल का हिस्सा है। जहां चैंपियंस ट्रॉफी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेती हैं, वहीं रणजी ट्रॉफी भारत का शीर्ष स्तर का घरेलू टूनार्मेंट है। इससे पता चलता है कि भारत में क्रिकेट घरेलू स्तर पर अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान और महत्व हासिल कर रहा है। इस प्रकार चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचना और रणजी ट्रॉफी जीतना इनाम राशि के मामले में तकरीबन बराबर हो गया है। इसके पीछे बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को मजबूत करने का लक्ष्य है। है। इसी के तहत नई इनामी राशि के तहत रणजी ट्रॉफी विजेता का इनाम 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं उपविजेता को भी अब 3 करोड़ रुपये मिले हैं जबकि पहले वे 1 करोड़ रुपये थे। वहीं अन्य टूनार्मेंट्स में भी बढ़ोतरी हुई है, जैसे दलीप ट्रॉफी विजेता को अब 1 करोड़ रुपये जबकि पहले 40 लाख रुपये मिलते थे। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता को भी 30 लाख रुपये की जगह 1 करोड़ रुपये और सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी विजेता को 50 लाख रुपये मिल रहे हैं जबकि पहले 6 लाख रुपये मिलते थे। बीसीसीआई का यह कदम घरेलू क्रिकेटरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी के इस सत्र में कुल इनामी राशि 6.9 मिलियन डॉलर है। वे साल 2017 के संस्करण से 53 फीसदी अधिक है। इसमें विजेता को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.5 करोड़ रुपये) और उपविजेता को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.78 करोड़ रुपये) मिलेंगे। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली टीम को 560,000 डॉलर यानी करीब 4.89 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। वहीं रविवार को विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब जीत लिया है। विदर्भ और केरल के बीच फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी की लीड के आधार पर विदर्भ को चैंपियन घोषित किया गया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया। विदर्भ की टीम ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का टाइटल जीता है। इससे पहले टीम ने 2017-18 और 2018-19 में यह खिताब जीता था। उन्होंने 2017 में दिल्ली और 2018 में सौराष्ट्र को हराया था। वहीं टीम 2023-24 में उपविजेता रही थी। जिसमें मुंबई ने उन्हें फाइनल में मात दी थी। केरल क्रिकेट टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी।

विदर्भ तीसरी बार रणजी ट्रॉफी चैंपियन है

फाइनल मैच ड्रॉ रहा, केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत तय हुई

करुण बोले, टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने का कारण चयनकर्ता ही बता सकते हैं

नागपुर। घरेलू क्रिकेट में जमकर रन बनाने वाले करुण नायर की लगातार उपेक्षा हुई है। करुण ने पिछले कुछ समय में विदर्भ की ओर से नौवां शतक लगाया है। इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। करुण ने अपने करियर की शुरूआत में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तिहरा शतक भी लगा था। वहीं जब करुण से टीम में जगह नहीं मिलने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका जवाब वह नहीं दे सकते।

संक्षेप

महिला मुक्केबाज स्वीटी ने अपने पति कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

चंडीगढ़। महिला मुक्केबाज स्वीटी बूरा और उनके पति कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा के बीच तलाक की नौबत आ गयी है। स्वीटी ने दीपक के खिलाफ मारपीट और दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। इन दोनों की शादी साल 2022 में हुई थी पर पिछले कुछ समय से दोनो के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा। स्वीती 2024 हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी के रूप में उतरी थी पर वह हार गयी थी। हिसार पुलिस के अनुसार स्वीती की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और दीपक हुड्डा को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया था, हालांकि वह तक पेश नहीं हुए हैं। वहीं दीपक ने कहा, मुझे पुलिस ने 2-3 बार नोटिस दिया पर मैं अभी नहीं जा सका। मैने मेडिकल सर्टिफिकेट जमा कर दिया है और बाद में पुलिस के सामने पेश होने का अनुरोध किया है।स्वीती बूरा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उनसे एक लग्जरी कार की मांग की गई थी, जो पूरी भी की गई, लेकिन फिर भी उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दीपक उन्हें मारते-पीटते थे और लगातार पैसों की मांग करते थे। पुलिस ने इसे मामले की जांच शुरू कर दी है।

विराट ओर जम्पा का मुकाबला रोमांचक होगा : रायुडू

दुबई। पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा के बीच मुकाबला रोमांचक रहेगा। विराट ने चैम्पियंस ट्रॉफी में इस बार एक शतक लगाया है और वह अच्छी लय में हैं पर साल 2017 से लेकर अब तक जम्पा ने कोहली को एकदिवसीय में पांच बार आउट किया है ऐसे में दुबई की धीमी पिचो पर उनकी राह आसानी नहीं है। विराट साल 2024 की शुरूआत से लेकर अब तक पांच बार लेग स्पिनरों के शिकार बने हैं। वह 48.68 की स्ट्राइक-रेट से जम्पा के केवल 37 रन बना पाये हैं। रायुडू ने कहा, यह जाम्पा और विराट का मुकाबला होगा। विराट को हाल ही में लेग स्पिनरों के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा है पर इस टूनार्मेंट में उन्होंने जिस तरह का प्रदर्शन किया है इससे लगता है कि वह अच्छी लय में हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके लिए अच्छा रहेगा। विराट न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने 300 वें मैच में 11 रन पर आउट हो गए थे। रायुडू को लगता है कि किस्मत सिर्फ कोहली के साथ नहीं थी, क्योंकि वह 300 एकदिवसीय खेलने वाले सातवें भारतीय और कुल मिलाकर 22वें खिलाड़ी बने।

शहीद भगत सिंह पार्क सब्जी मण्डी के गेट पर गंदगी की भरमार है। देश के लिए कुर्बानी देने वाले अमर शहीद जिनको फूलों और इत्र की खुशबू से याद किया जाता है उनके स्थान को नगर पालिका ने गंदगी और बदबू के वातावरण से भर दिया है।

जौनपुर मंडल



संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संदेहास्पद

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई को भेजा

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सरायरुस्तम में सोमवार को अपराह्न एक युवक ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

सरायरुस्तम निवासी 28 वर्षीय अंकित सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह सोमवार को अपराह्न में किसी बात से कष्टित होकर अपने घर के कमरे में बने पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।

मृतक के बिलखते परिजन

मृतक युवक की फाइल फोटो

परिजनों के अनुसार जब वह काफी देर तक घर से बाहर नहीं निकला तो परिजन कमरे में झांककर देखे तो वह कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुका था जिसे देख परिजन स्तब्ध रह गए। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने शव को उतरवाकर अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि एक युवक अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इसके पिता सतहरिया के एक कंपनी में कार्यरत है। ये लोग प्रतापगढ़ जिले के मूल निवासी हैं। सरायरुस्तम में भी अपना घर बनवा कर रहते हैं। पुलिस आवश्य कार्यवाही में जुटी है।

मानक के विपरीत बने डीजे को पुलिस ने किया सीज

मुंगराबादशाहपुर। बारात निकाले जाने के दौरान डीजे के हाईटेंशन विद्युत तार छूने से निकली चिंगारी के बाद कोई बड़ा हादसा भले ही नहीं हुआ लेकिन मामले की सूचना मिलने पर एक्शन मोड पर आए थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र द्वारा रविवार को देर शाम मानक की धज्जियां उड़ाते हुए चल रहे डीजे को सीज कर दिया जिससे डीजे संचालकों में हड़कंप मच गया। शनिवार की रात लगभग दस बजे एक बारात रवाना हुई थी। बारात में शामिल डीजे ऊंचाई अधिक होने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार से टकरा गया। जिसके कारण नगर फीडर की विद्युत आपूर्ति लगभग तीन घंटे बाधित रही। हादसे में बड़ी घटना होने से बच गई थी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने रविवार की देर शाम मानक बने एक डीजे को वाहन समेत सीज कर दिया। पुलिस के कड़ा रुख अख्तियार करते ही डीजे संचालकों में हड़कंप मच गया। इस बाबत थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि अत्यधिक उंचाई वाले डीजे को सीज किया गया है ।

संक्षेप

बैठक में छाया रहा साफ सफाई का मुद्दा

खेतासराय। नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें साफ सफाई को लेकर मुद्दा छाया रहा। अधिकारियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस बार होली रमजान महीने के दूसरे शुक्रवार को पड़ रहा है। होली जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन काफी सक्रियता बरत रही है। एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया और क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने होली जुलूस के रूट की जानकारी ली। होली जुलूस के अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद पाण्डेय ने पूरी जानकारी दी। साफ सफाई के मुद्दे पर चेयरमैन वसीम अहमद ने साफ सफाई कराने और पानी व्यवस्था का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने परंपरागत तरीके से होली मनाने की अपील की। बैठक में संजय विश्वकर्मा, शांतिभूषण मिश्र, मो. असलम खान, कपूरचंद्र जायसवाल, सैय्यद ताहिर, नवाब अहमद, धर्मचंद गुप्ता, इलियास मोनू, शमीम अहमद, सलीम अहमद मौजूद रहे।

दीन दुखियों की निःस्वार्थ सेवा ही श्री सर्वेश्वरी समूह का मूल मंत्रः डॉ. रणजीत सिंह

सुइथाकला। श्री सर्वेश्वरी समूह की स्थानीय शाखा सम्भोधपुर का 33वां स्थापना दिवस रविवार को परिसर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अघोराग्ना परो मंत्रः नास्ति तत्वं गुरोः परम अघोर मंत्र का संकीर्तन किया गया। उक्त मंत्र का 24 घंटे अखंड पाठ करने के पश्चात हवन एवं प्रसाद वितरण किया गया। शाखा के कोषाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि दीन दुखियों की निस्वार्थ सेवा ही श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान का मूल मंत्र है। अघोरेश्वर महाप्रभु का पूरा जीवन लोक कल्याण एवं मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि अवधूत भगवान राम का यह मूल मंत्र ईश्वर और गुरु तत्व का साक्षात्कार करवाता है। उपाध्यक्ष एवं गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह 'शानू' ने कहा कि स्पूर्ण मानव जाति के उत्थान के लिए सर्वेश्वरी समूह 19 सूत्री कार्यक्रमों के तहत उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वेश्वरी समूह मानव में ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा, आस्था एवं समर्पण भाव सिखाता है। मौके पर शाखा मंत्री श्री कृष्ण पाल, गिरीश चंद्र सिंह, स्तोश सिंह, प्रो. अरविंद सिंह, प्रो. राकेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य डॉ. अजेय प्रताप सिंह, राजेश कुमार सिंह प्राचार्य डीपीएस, विनय त्रिपाठी, बिंद प्रताप सिंह, प्रेमनाथ सिंह 'चंदेल' वसुधा पति तिवारी, मुरली सिंह आदि मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के सिपाह पुलिस चौकी के पास ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। बताया गया है कि सिकरारा थाना क्षेत्र के हाशिमपुर ग्राम निवासी प्रदीप मिश्रा का 23 वर्षीय पुत्र सत्यम मिश्रा सोमवार सुबह अपायी बाइक से कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह चौकी से 100 मीटर आगे जा रहा था कि ट्रक की चपेट में आ गया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई।सत्यम मिश्रा इण्टर का पेपर देने के लिए गाजीपुर अपने परीक्षा केन्द्र पीआरपी इंटर कॉलेज भीखमपुर में उसका 12वीं का बोर्ड का सेंटर गया था। जिसकी आज बायोलॉजी की परीक्षा गिरस्त हो गई और वह अपने घर को लौट रहा था जैसे ही वह सिपाह रेलवे क्रॉसिंग से 100 मीटर आगे गया सामने आ रही ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक का पिछला चक्का उसके ऊपर चढ़ गया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सिपाह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

प्रमुख ने छात्रों को दिया पुरस्कार

बदलापुर। विकास खंड के देनुआं प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को अचानक पहुंचे भाजपा के खुटहन ब्लाक प्रमुख बृजेश ने शिक्षण कक्ष में छात्रों से सवाल जवाब किया। सही उत्तर मिलने पर छात्रों की पीठ थपथपाई और उन्हें आर्थिक सहयोग देकर उनका उत्साह वर्धन किया। दोपहर में विद्यालय पहुंचे प्रमुख ने शिक्षकों के द्वारा अलग अलग कक्षा कक्ष में छात्रों को सुव्यवस्थित बैठाकर पढ़ाई कराते देख प्रसन्नता जाहिर की।

वे सीधे पांचवीं कक्षा में पहुंच गए जहां छात्रों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि पढ़ाई के दम पर हम संसार में सबसे ऊंचे ओहदे तक आसानी से पहुंच सकते हैं। आगे कहा कि वर्तमान सरकार बेसिक शिक्षा में भवन से लेकर नौनिहालों का भविष्य संवारने में कोई कसरबाकी नहीं छोड़रही है। उन्होंने छात्रों से सवाल पूछा कि एक बटा दो और दशमलव पांच में क्या अंतर है जिसका जवाब सभी छात्रों ने एक सुर में दोनों बराबर है का दिया। उन्होंने हिंदी में परिमार्जन शब्द लिखने को दिया जिसे छात्रों ने शुद्ध रूप से लिख दिया। उन्होंने अंग्रेजी में नालेज की स्पेलिंग पूछी जिसे 80 प्रतिशत छात्रों ने सही लिखकर दिखा दिया। छात्रों के जवाब से खुश होकर प्रमुख ने उन्हें पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की। इस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, संतोष यादव, शिवम सिंह, पुष्पा यादव, सागर गुप्ता, राजबहादुर आदि मौजूद रहे।

अपहरण के मुकदमे में वांछित आरोपित धराया

खुटहन। थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव की युवती के अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम व उनके हमराहियों ने मिले सुराग पर पिछले वर्ष दर्ज मुकदमे में वांछित मुबारकपुर निवासी प्रदीप मौर्य को रविवार को पिलकिछा तिराहा के पास से धर दबोचा। आवश्यक लिखापढ़ी कर आरोपित का चालान कर दिया। युवती को पुलिस पहले ही बरामद कर चुकी है।

गुमशुदा किशोरी बरामद

चंदवक। चौकी पतरही पुलिस ने चंदवक चौराहे से दोपहर में गुमशुदा किशोरी को चौथे दिन बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। सुबास राम निवासी बलरामपुर ने बीते 28 फरवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री सोनम जो मां की डांट से क्षुब्ध होकर विद्यालय जाने के लिए घर से निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र दत्त ने मुखबिर की सूचना पर चंदवक चौराहे से किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

अपने ही बयान पर औंधे मुंह गिरे बिजली विभाग के जिम्मेदार

फॉलोअप

उप केन्द्र से तेल चोरी मामले में बयान कुछ और पुलिस की दी गई तहरीर

जनसंदेश टाइम्स

सुइथाकलां। विगत दो दिनों में गुड़बड़ी स्थित विद्युत उपकेंद्र में लगे 8 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से हुई तेल चोरी मामले में मीडिया कर्मियों के टेलीफोनिक पूछताछ के दौरान दिए गए बयान के बाद जब बारी लिखा पढ़ी की आई तो अपने ही बयान से विभागीय जिम्मेदार पलट गए और अज्ञात के खिलाफ तहरीर दे डाली जिसे लेकर लोग हतप्रभ रह गए।

रविवार को उक्त मामले के चर्चाओं में आने के बाद जब मीडिया कर्मियों ने विभाग से मामले की जानकारी ली तो जहां उस रात ड्यूटी पर तैनात एक एसएसओ समेत दो दिन पहले तक ड्यूटी पर तैनात दूसरे एसएसओ का जिक्र करते हुए उन्हें दोषी ठहराया गया और लगभग साढ़े तीन लाख रुपये के तेल चोरी का मामला बताया गया। वहीं जब उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लिखा पढ़ी की बारी आई तो पुलिस में दी गई तहरीर में एक अज्ञात का हवाला देते हुए महज एक हजार लीटर तेल चोरी का जिक्र किया गया जिसके संज्ञान में आते ही लोग हतप्रभ रह गए। गौरतलब हो कि उक्त उपकेंद्र पर लगे 8 एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से रविवार को तेल चोरी का मामला प्रकाश में आया। वह भी तब जब विगत शुक्रवार से उपभोक्ताओं के बीच उक्त ट्रांसफर से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। उधर विभाग उस समय हरकत में आया, जब नाराज उपभोक्ता अनूप जायसवाल द्वारा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के एक्स हैंडल पर ट्वीट कर शिकायत की। प्रथम दृष्टया जांच में पहुंचे अवर अभियंता राजकुमार सिंह की जांच में 3680 लीटर क्षमता वाले उक्त ट्रांसफर में तेल नापा गया तो एक लीटर भी तेल न बचने की बात सामने आई।

ट्रांसफार्मर के इर्द-गिर्द जमीन पर गिरे तेल के आधार पर तेल चोरी होने की आशंका जताई गई। आनन-फानन में मुख्य अभियंता राकेश कुमार समेत मातहत मौके पर पहुंचे और शीघ्र ही आपूर्ति बहाली को लेकर रविवार को तेल डालने और आपूर्ति को सुचारु करने का कार्य शुरू हुआ। फिलहाल पुलिस मामले में छानबीन में जुट गई है, दोषी कौन वह भविष्य के गर्भ में है। फिलहाल विभागीय जिम्मेदारों के दोहरे मापदंड को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चे हुए सम्मानित

सम्मान

बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

20 बच्चों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में हुआ आयोजित

जनसंदेश न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय सतहरिया में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2024 -25 के उत्कृष्ट प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व

प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस संबंध में प्रमोद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के द्वारा प्रदेश भर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इसी क्रम में बीते 19 अक्टूबर 2024 को परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा आयोजन के पूर्व भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर आधारित शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संकलित पुस्तक को पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया गया था जिसके आधार पर विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन कराया गया। परीक्षा का परिणाम गायत्री परिवार के केंद्रीय कार्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से जारी होने के बाद प्रतिभागियों को सम्मान समारोह के माध्यम से प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। विद्यालय स्तर पर परीक्षा में प्रथम स्थान संतोष द्वितीय स्थान साक्षी तृतीय स्थान रिया ने प्राप्त किया।

शेष 20 अन्य प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। प्रशंसा पत्र प्रतिभागियों में क्रमशः संजना, सुजीत, ऋषभ, सोनू, मीनाक्षी, माही, साहिल, बबीता, महिमा, हिमांशु, देव, अंशिका, आकांक्षा, अजीत, अनुराग, शिवानी, दिव्या गौतम, देवराज गौतम आदि रहे। यह परीक्षा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील संयोजक राजकुमार पटेल के संयोजकत्व में संपन्न हुई। विद्यालय स्तर पर सभी शिक्षकों नीतू तिवारी, धरमराज यादव, संदीप कुमार, रीता यादव ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार दुबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस ने 25 हजार के दो इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। नेवढ़िया थाने को पुलिस ने 25 हजार के दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नेवढ़िया ने बताया कि थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 363, 366/120बी भादवि व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण मुस्लिम मण्डल पुत्र कबीरूद्दीन उर्फ तमीरूद्दीन उर्फ बोगला मण्डल व मीना बीबी पत्नी मुस्लिम मण्डल निवासीगण काटाकोल जीपी मोहना थाना कुमारगंज जिला दक्षिणी दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था, इनके लिए गठित टीम द्वारा दोनों को मुखबिर की सूचना पर जलालपुर हाईवे चौराहे से 200 मीटर आगे जौनपुर की तरफ जाने वाली हाईवे पर गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

राष्ट्रीय आय आधारित फेलोशिप में दो मेधावी छात्रों का हुआ चयन

उपलब्धि

सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली के हैं मेधावी छात्र

जनसंदेश टाइम्स

खेतासराय। राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली के कक्षा 8 के दो मेधावी छात्र अफसरान और उज्जवल अस्थाना ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

क्षेत्र के सैद गोरारी निवासी छात्र अफसरान पुत्र इजहार ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इस प्रतिष्ठित फेलोशिप में स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता एवं शिक्षकों ने उनकी इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता भी अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि अफसरान हमेशा से ही पढ़ाई में रुचि रखते थे और दिन-रात परिश्रम कर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। कॉलेज प्रशासन ने भी अफसरान की इस सफलता को प्रेरणादायक बताया और अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता को भी बल मिलेगा। इस उपलब्धि पर अभिषेक मिश्रा, शिवानी मौर्या, डा. आजम, डॉ. सुरेश कुमार, मोहम्मद जीशान, मनीष यादव, मोहम्मद जमाल, ओबैदुल्लाह खान समेत आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अग्रिम उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ड्रोन के इस्तेमाल के लिए कौशल जरूरी : प्रो. वंदना

संबोधन

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ड्रोन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। फोर इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च गुरुग्राम, हरियाणा द्वारा संस्थान-उद्योग इंटरफेस के तहत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ड्रोन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सहयोग से संपन्न हुआ। उद्घाटन एवं अभिमुखीकरण सत्र में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज तकनीकी के इस युग में ड्रोन का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इसके बेहतर इस्तेमाल के लिए नए कौशल की आवश्यकता है।

इसमें रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रथम सत्र का प्रशिक्षण विजय तांबे द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने ड्रोन टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग, इसके अनुप्रयोगों तथा उद्योग जगत में इसके बढ़ते प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ड्रोन संचालन, निर्माण, मेंटेनेंस, एविएशन नियमों तथा औद्योगिक उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रायोगिक सत्रों में भी भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी आज विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण, लॉजिस्टिक्स और सिनेमेटोग्राफी में तेजी से अपनी जगह बना रही है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को इन संभावनाओं से अवगत कराते हुए करियर के नए आयाम खोलने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डिकर ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मानस पांडे, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. सौरभ पाल, डॉ. आलोक दास, श्याम त्रिपाठी एवं मुख्य छात्र सदस्य आदित्य पांडेय, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भूमि विवाद को लेकर मारपीट, महिला समेत दो घायल

जफराबाद। थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें महिला समेत दो घायल हो गए। थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के श्रीनाथ व उनके पड़ोसी रामचन्द्र से काफी दिनों से भूमि विवाद चला आ रहा है। आरोप है इसी भूमि विवाद को लेकर रविवार को रामचन्द्र अपने घर के तीन और सदस्यों के साथ श्रीनाथ को गाली-गलौज देते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया। बीच बचाव करने के लिए आई घर की महिला सुनीता को भी मारपीट दिया। हमले से श्रीनाथ व सुनीता देवी घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। घायल श्रीनाथ ने प्राथमिक उपचार के बाद रविवार की रात थाने पर पहुचकर नामजद तहरीर दिया। थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव ने बताया कि मामले में तहरीर मिलते ही अरविंद कुमार, रामचन्द्र, तारा देवी एवं मनीष के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा दो को हिरासत में लेकर उनका चालान भी कर दिया गया है।

छुट्टा गोवंश बाजार में कर रहे मार्च पास्ट, राहगीर भय के साए में

सुइथाकला। क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार में लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर छुट्टा गोवंशों ने इन दिनों मार्च पास्ट करते हुए लोगों को भय के साए में सफर तय करने को मजबूर कर दिया है, जबकि जिम्मेदारान चैन की बंसी बजा रहे हैं। निराश्रित गोवंशो को सहारा देने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप समूचे क्षेत्र में जहां गैरवाह गांव में स्थायी रूप से एक वृहद और अन्य चार सुइथाकला, सवायन, कम्मरपुर और उसरौली में अस्थाई गोशालाओं की व्यवस्था कर रखी गई हैं।

उक्त व्यवस्थाओं के बावजूद इन दिनों सराय मोहिउद्दीनपुर बाजार से गुजरने वाली लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर लगभग आधा दर्जन की संख्या में छुट्टे गोवंश इस कदर मार्च पास्ट करते नजर आ रहे हैं, जैसे

मानो बाजार समेत मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी इन सभी के जिम्मे हो। वे अपने निराले अंदाज में मार्च पास्ट करने के दौरान बाजारवासियों के साथ ही सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना का पर्याय बने हुए हैं। जबकि पूर्व में बतौर पशु चिकित्सा अधिकारी रहे डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल के कार्यकाल में विकास खण्ड को केवर उपलब्ध हो गया था, बताया जा रहा है कि उनके कार्यकाल में अभियान चलाकर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों को छुट्टा गोवंशों से मुक्त कराने का कार्य किया गया था लेकिन वर्तमान में लग रहा है जिम्मेदारान चैन की बंसी बजा रहे हैं। वहीं प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सूरज ने बोर्ड परीक्षा में व्यस्त होना बताया।

निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त होने तक जारी रहेगा हमारा संघर्ष

दोहराया संकल्प

निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने शक्ति भवन का किया घेराव

भदोही। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने बिजली के निजीकरण के पीछे भारी भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए शक्ति भवन का घेराव किया व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त कराने की कृपा करें। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज हजारों बिजली कर्मचारियों ने शक्ति भवन, मुख्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बिजली कर्मियों के विरोध प्रदर्शन के चलते निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कन्सल्टेंट नियुक्त करने की टेक्निकल बिड नहीं खोली जा सकी। शक्तिभवन पर हुए विरोध प्रदर्शन में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, पी.के.दीक्षित, सुहैल आबिद, राजेंद्र चिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय आदि ने सम्बोधित किया। साथ ही शक्तिभवन पर हुए विरोध प्रदर्शन में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के अध्यक्ष ई अजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष ई जी वी पटेल और बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर सम्मिलित हुए। विरोध सभा में विद्युत संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि टेक्निकल बिड खोले जाने की अगली तारीख दस मार्च निर्धारित की गयी है।

संघर्ष समिति ने ऐलान किया है कि जबतक निजीकरण की चल रही प्रक्रिया पूरी तरह निरस्त नहीं की जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में भदोही से संयोजक धीरेन्द्र प्रताप कौसल, अभिषेक प्रजापती, सत्य प्रकाश मौर्या, इंदल मौर्या, विनोद यादव, आनंद प्रकाश, सत्य प्रकाश यादव, ओमकार पटेल, विवेकानन्द आदि शामिल रहें।

औराई विकासखण्ड का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

भदोही। विकासखंड कार्यालय औराई का मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार अपने अधीनस्थों के साथ विकासखंड पर उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मौके पर गोवंशों की सुपुर्दगी, राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार व्यय करने, निर्माणाधीन खाद्यान्न गोदाम, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, आरआरसी सेंटर को समय अंतर्गत पूर्ण कराए जाने, जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत एक्सेल शीट पर विवरण भरे जाने, प्रधानमंत्री आवास के सर्वे की प्रगति बढ़ाने तथा निर्माणाधीन आवासों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने, सोशल सेक्टर के अंतर्गत लंबित आवेदनों का निस्तारण कराने तथा ग्रांट रजिस्टर के अनुसार उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग कराए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी औराई को निर्देशित किया।

मुसलमानों के लिए माहे रमजान इम्तिहान का महीनाः मौलाना आबिद हुसैन

हाफिज मौलाना आबिद हुसैन

भदोही। इस्लाम धर्म में रमज़ान एक बहुत ही पवित्र और विशेष महीना है। जिसमें पूरे माह रोज़ा यानी व्रत रखा जाता है और अंत में रमज़ान की समाप्ति के बाद ईद उल फितर के त्यौहार मनाया जाता है। रमज़ान का महीना कई महीनो में बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें न केवल पूरे माह रोज़ा रखकर इबादत की जाती है बल्कि पूरे माह दुसरों के प्रति नफरत, ईर्ष्या, भेदभाव द्वेष की भावना से दूर रहकर आपस में हर किसी के लिए प्रेम भाव, अमन शांति के साथ रहते हुए हर किसी गरीब बेसहारा और आर्थिक रूप से कमज़ोर व्यक्तियों की सहायता के लिए प्रोत्साहित करता है। इस महीने में वह तारीख आगे के जीवन काल में खुद के प्रति अनुशासित रहने के साथ ही समाज के लिए नम्र और निष्ठावान रहने के लिए प्रेरित करता है। ऐसे संपन्न और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण हो जिसमें हर व्यक्ति एक दूसरे का आदर और सम्मान करें। मोहल्ला गोरियाना निवासी हाफिज मौलाना आबिद हुसैन ने माहे रमज़ान की बरकत और अहमियत बयान करते हुए बताया कि अल्लाह की ओर से रमज़ान का महीना बंदों के लिए रहमत बनाकर भेजा गया है। इस माह में की जाने वालों इबादतों का सवाब 70 गुना बढ़ जाता है। कहा कि मुसलमानों के लिए यह इम्तिहान का महीना है, सब्र का महीना है और शुक्र का महीना है। इसमें जो पास हो गया तो समझो उसने अल्लाह की रज़ा हासिल कर ली। कहा कि 13 घंटे से अधिक समय तक भूख और प्यास की शिद्दत के बीच बंदगी करने वालों को अल्लाह खुद इनाम आता करेगा। उन्होंने कहा कि माहे रमज़ान हमारे लिए अल्लाह का वह बेहतर तोहफा है, जो साल भर में एक बार मिलता है, इसका भरपूर फायदा उठाने की जरूरत है। उन्होंने कसरत से नमाज़ पढ़ने, कुरान की तिलावत करने व गरीबों असहायों की मदद करने पर जोर दिया।

नगर भ्रमण कर शिव भक्तों ने घर-घर दिया आमंत्रण पत्र

गोपीगंज। बाबा बड़े शिव धाम मे आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा मे नगर वासियों से भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए घर घर पहुच कर आमंत्रण पत्र दिया गया। त्रिशूल व फूल माला से सजाए गए डीजे के साथ सोमवार को बाबा बड़े शिव धाम से निकले शिव भक्तों ने पूरे नगर का भ्रमण कर बाबा के आमंत्रण पत्र को घर-घर तक पहुंचाया। इस मौके पर डा. अजय शुक्ला, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, दीपक मोदनवाल, संतोष अग्रहरि, शिव अग्रहरी, घनश्याम जायसवाल, ओम जी जायसवाल, नीरज मिश्रा, अनिल अग्रहरि, बिहारी लाल केशरवानी, अभिषेक जायसवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, जोगिंदर गुप्ता आदि भक्त उपस्थित रहे।

नगर पालिका के प्रस्तावित जलकर और गृहकर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

भदोही। नगर पालिका परिषद के प्रस्तावित कर बढ़ोतरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सोमवार को तहसील भदोही पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेसजनों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी भदोही को सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन ने कहा कि नगर में शामिल किए गए 28 गांव में अभी तक कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है, जहां पर अधिकतर रास्ते कच्चे हैं, नाली सड़क इत्यादि का भी निर्माण नहीं हुआ है फिर भी गृह कर व जलकर लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कृषि भूमि व अहाता के अंदर खाली जमीन पर नया टैक्स लगाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, अभी तक ऐसी भूमि पर कभी भी टैक्स नहीं लगता था।

उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में बनाए गए सभी मकानों का सर्वे करा कर हाउस टैक्स रजिस्टर में दर्ज किया जाए परंतु इन मकानों को गृह कर व जलकर से छूट दिया जाए। इस अवसर पर हसनैन अंसारी, वसीम अंसारी, त्रिलोकी नाथ बिन्द, राजेश्वर दुबे, संजीव दुबे, मसूद आलम, मुशीर इकबाल, राजेश यादव, नाजिम अली, सूबुकतगीन अंसारी, शमशीरअहमद, सुरेश गौतम, अशोक मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, सरफराज अहमद, शक्ति मिश्रा, मनोज गौतम, सौरभ दुबे, नितिन सिंह, श्लोक मिश्रा, मुन्ना तिवारी, आजाद हुसैन, साजिद अली इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में निकाली गयी विशाल जन-जागरूकता रैली

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशाल जन-जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी, एनपीपीसीडी कार्यक्रम डा. राजीव कुमार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीसी पन्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली में कुंवर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्व स्तर पर हर साल 3 मार्च को बहरेपन और सुनवाई की हानि को रोकने और दुनिया भर में कान और सुनने की क्षमता की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयासों पर विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। नोडल अधिकारी एनपीपीसीडी कार्यक्रम द्वारा बताया गया कि बहरापन ऐसी समस्या है जो उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या न होकर बचपन में शुरू होने वाली परेशानी है। दुनिया भर में लगभग 466 मिलियन लोगों को सुनने मे दुर्बलता यानि बहरापन होता है, जिनमे से 34 मिलियन बच्चे है। दुनिया में लगभग 32 मिलियन बच्चों में सुनने की क्षमता में कमी है और प्रत्येक 1000 में से 1 बच्चा जन्मजात सुनने की दुर्बलता के साथ पैदा होता है। बचपन की सुनवाई हानि में से 60 प्रतिशत ऐसे कारणे से होती है जिन्हे टाला जा सकता है। उनके द्वारा बताया गया कि हमारे कान के सुनने की क्षमता 80 डेसिबल होती है। आज के मार्डन लाईफस्टाइल में लोग अपनी सुनने की क्षमता को ही खो बैठते है क्योंकि कुछ लोग ज्यादा शोर वाले स्थानों पर काम करते है जिससे उनकी सुनने की क्षमता प्रभावित होती है। लोगो में सुनाई न देने वाले प्रमुख कारणें में पर्दे में छेद या मेस्टोइड हड्डी का गलना है। कान की सबसे छोटी हड्डी स्टेपिज मे कपंन रुकना, कान में तरल पदार्थ भरना, वैक्स, सिर या कान पर चोट लगना है। तेज आवाज में म्युजिक सुनने से युवाओं में इस तरह की आशंका बढ़ जाती है। गलसुआ और खसरा आदि के संक्रमण के बाद भी कुछ लोगों में कम सुनने की समस्या होती है। कई बार दवाइयों के रिक्वशन से भी ऐसा हो जाता है। उक्त गोष्ठी में जयप्रकाश गुप्ता, अमित सिंह, धीरज यादव, विवेक मौर्या, कुलदीप श्रीवास्तव व कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

अज्ञात फोर व्हीलर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

मुंगरा बादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर मार्ग पर सोमवार को शाम करीब सात बजे अज्ञात फोर व्हीलर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। जौनपुर जिले के पवारा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव निवासी दुर्गा प्रसाद यादव पुत्र रमाशंकर यादव उम्र 31 वर्ष अपने बाइक से देर शाम करीब सात बजे घर वापस जा रहा था। जैसे ही इसकी बाइक जौनपुर मार्ग पर सारेखनपुर के पास पहुंची सामने से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात फोर व्हीलर से जोरदार भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सतहरिया चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने बताया कि फोर व्हीलर वाहन मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

रमजान व होली में बिजली, पानी और साफ-सफाई के संबंध में सौंपा ज्ञापन

जौनपुर। सोमवार को जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को शिवा जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के सचिव प्रबंधक एएम डेजी एवं समाजसेवी सैयद परवेज हसन के नेतृत्व में 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जनहित में निम्न मांग की गई कि धार्मिक स्थलों के मार्गों पर साफ सफाई एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मत समय से कर दी जाए।

पर्वो को देखते हुए प्रत्येक दिन सायःकाल 6 बजे से प्रातःकाल 6 बजे तक उचित वोल्टेज से निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कुकिंग गैस उपलब्धता एवं दूध खोवा पनीर दही देसी घी की शुद्धता को विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाय, सरकारी राशन की आपूर्ति एवं वितरण समय पर त्योहार को देखते हुए सुनिश्चित किया जाय। ज्ञापन में मांग की गयी कि धार्मिक स्थलों पर पुलिस के जवान विशेष तौर से सतर्कता बरते उन्हें आदेशित किया जाय। खराब हैंड पंप सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत के जर्जर तारों व खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत समय से कर दी जाए ताकि त्यौहारो में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। इस मौके पर संदीप यादव, नूर अली सलमानी, नासिर राजा गुड्डू, अहमद इत्यादि लोग मौजूद रहे।

एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

मड़ियाहूं। जूनियर हाई स्कूल स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के अहिरौली शीतलगंज में सोमवार को मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में एनएसएस का सप्त दिवसीय शिविर प्रारंभ हुआ।

इस शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों के अंदर संस्कार एवं देश के प्रति प्रेम की भावना पैदा करना सामाजिक सद्भाव स्थापित करना यही इस शिविर का मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम में डॉ. बृजेश चौबे, डॉक्टर सुशील मिश्रा, डॉक्टर अमिताभ कुमार, डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉक्टर पवन सहित सभी कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दया सिंघु, डॉक्टर देवेंद्र उपाध्याय, डॉक्टर मनोरम मिश्रा, डॉक्टर सुषमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, चार घायल

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा राईपुर फिफिओना में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें दीनानाथ मिश्रा, विशाल मिश्रा, रोहित पाठक और कपिल मिश्रा एक राय होकर हाथ में लाठी डंडा लेकर जय प्रकाश मिश्रा के घर में घुसकर गाली देते हुए जान से मारने की नियत से लाठी डंडा से मारने पीटने लगे जिसमें चार लोग घायल हो गये जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सर में गंभीर चोट होने के कारण संध्या देवी की हालत गंभीर होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रामपुर रेफर कर दिया गया और तीन लोगों का इलाज चल रहा है। जयप्रकाश मिश्र ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार सुरेरी थाने पर की थी कि लोग आए, दिन धमकी दे रहे हैं लेकिन पुलिस ने हाथ पर हाथ रखकर कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे आज इतना बड़ा हादसा हुआ पुलिस चाहती तो कुछ नहीं होता।

सरजू प्रसाद संस्था ने टीबी मरीजों को दिया पौष्टिक आहार

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी द्वारा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत पौष्टिक आहार किट गोद लिए टी.बी. मरीजों को वितरित किया गया साथ ही जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि जिला टी.बी. समन्वयक सलिल कुमार यादव ने कहा कि संस्था लंबे समय से निश्चय मित्र के रूप में पंजीकृत है। टी.बी. मरीजों को इलाज के दौरान किसी भी दिन दवाई का गैप नहीं होना चाहिए। ऐसा न हो कि आप दवा भूल गए, कल दवा भूल गए बीच में छोड़-छोड़ कर दवा खाएंगे तो यह रोग और गंभीर हो जाएगा दवा नहीं छोड़ना है। यदि दवा करने के दौरान किसी भी तरह की तकलीफ महसूस हो रही है या दवा रिएक्शन कर रही है तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलना पड़ेगा। इसका दो महीने पर पहली जांच होती है एक हम लोग फॉलोअप करके देखते हैं की दवा फायदा कर रही है कि नहीं और अगले दो साल तक जब तक इलाज खत्म नहीं हो जाता तो उसके बाद भी हम लोग जांच करते हैं और यह पता लगते हैं कि आप कंप्लीट ठीक हो गए कि नहीं। 6 महीने तक और फॉलोअप किया जाता है ताकि आने वाले समय में फिर से टी.बी. जैसी बीमारी न हो। आपको मेटा सुपरविजन में रहना है और पोषण को अच्छा रखना है क्योंकि अच्छे पोषण सामाग्री सेवन से टी.बी. मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति ने किया। उक्त अवसर पर प्रधान अध्यापक सुभाष सरोज, ठाकुर प्रसाद राय, सागर श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, डॉक्टर सुशील अग्रहरी, जय देवी पांडेय, सावित्री गौतम इत्यादि लोग उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक पूर्व अध्यक्ष चाइल्ड वेलफेयर कमेटी संजय उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

दो निरीक्षक व पांच उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में एसपी ने किया बदलाव

भदोही। जनपद में कानून व्यवस्था सुस्त दुरूस्त रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मावलिया ने दो निरीक्षक व पाँच उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने सोशल मीडिया सेल के प्रभारी प्रवीण राय को भूमि विवाद निवारण सेल का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक सेंतानु शेखर पंकज को पुलिस लाइन्स से प्रभारी सोशल मीडिया सेल की जिम्मेदारी दी हैं।उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी को पुलिस लाइन्स से चौकी प्रभारी चौरी की जिम्मेदारी दी हैं।उपनिरीक्षक सुरेश सिंह यादव को पुलिस लाइन्स से चौकी प्रभारी कटरा, थाना कोईरौना, उपनिरीक्षक श्यामजीत सिंह को प्रभारी सीसीटीएनएस से चौकी प्रभारी उगापुर, थाना औराई, उपनिरीक्षक सुजीत सेठ को चौकी प्रभारी उगापुर, थाना औराई से पुलिस लाइन्स, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार गुप्ता को पुलिस लाइन्स से प्रभारी एण्डटी थाना की जिम्मेदारी दी है।

बुजुर्ग महिला ने अपने बेटे पर धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का लगाया आरोप

गोपीगंज। बुजुर्ग जैबुल निशा पत्नी स्वर्गीय असीर निवासी नई बस्ती गोपीगंज महिला ने अपने पुत्र के ऊपर फर्जी ढंग से बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र दिया है। बुजुर्ग महिला ने बताया की मेरे पांच पुत्र है सभी की सहमति से हमने बराबर हिस्सा बांट दिया और एक हिस्सा अपने पास रखा, मेरे सभी लड़कों के हिस्से में 5 फिट चौड़ा और 68 फिट लंबा मकान आया। हमारे चार लड़के बाहर रहते है जो मजदूरी करते है। मेरा लड़का फिरोज जो यहा रहता था एक दिन मुझसे बोला की मुझे बैंक से लोन लेना है, तुम्हारे हिस्से की जो जमीन है वह मेरे नाम बैनामा कर दो मैं अनपढ़ बुजुर्ग महिला मुझसे जांहा कहा मैंने अंगूठा लगा दिया। जब बाकी लड़के मेरे घर बापस आए तो 5 फीट की जगह में रहने में उन्हें परेशानी हुई तो उन्होंने मकान को बेचना चाहा जब इंतखाब निकला तो देखा कि उसमें 7 हेक्टेयर की जगह 10 हेक्टेयर जमीन धोखाधड़ी करके बैनामा करा लिया है। जब मैंने कहा की जमीन वापस कर दो, पहले वापस करने की बात करता रहा, पर अब वापस नही कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। इसी बीच मेरे बाकी बेटों ने उक्त जमीन में से 16 फिट जमीन को बेच दिया। जमीन बिक्री में मिले पैसे में से जबरदस्ती दस लाख की मांग कर रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। डर से मैं दूसरे के घर में रहने को मजबूर हूं।

पांच वर्ष की मासूम ने रखा पहला रोजा, परिवार में खुशी का माहौल

बुशरा नवाज

गोपीगंज। रमजान का पाक मुकद्दस महीना शुरू हो चुका है और इस दौरान बच्चों में भी इबादत को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जी टी रोड निवासी आरिफ नवाज की पांच वर्षीय मासूम बेटी बुशरा नवाज ने सोमवार को अपना पहला रोजा रखकर सबको हैरत में डाल दिया। पांच वर्षीय बुशरा नवाज बचपन से ही अपने परिवार को रोजे रखते हुए देखा और इस बार उसने भी खुद रोजा रखने की इच्छा जताई। परिवार में पहले सोचा कि उम्र कम होने के कारण यह मुश्किल होगा, लेकिन उसकी जिद और हौसले को देखते हुए उसे रोजा रखने की इजाजत दी गई। जब कि इस्लाम कहता है कि सात साल से कम उम्र के बच्चों को रोज रखने की इजाजत नहीं। सुबह उसने पूरे उत्साह के साथ सेहरी की और फिर नीयत कर-के रोजा रख लिया। पूरे दिन उसने धैर्य और समर्पण के साथ रोजा निभाया और इफ्तार के समय परिवार के साथ मिलकर अपना पहला रोजा खोला। इस मौके पर परिवार के सदस्यों ने उसकी हिम्मत की सराहना की और उसे दुआएं दीं। बच्ची के माता-पिता का कहना है कि वे उसकी हिम्मत और धार्मिक आस्था से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि इतनी छोटी उम्र में उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। इस छोटी बच्ची के हौसले ने समाज में एक मिसाल कायम की है और सभी को यह संदेश दिया है कि इबादत और धार्मिक आस्था के लिए उम्र मायने नहीं रखती, बल्कि सच्चे दिल और समर्पण की जरूरत होती है।

आज सात घण्टे बन्द रहेगी विद्युत आपूर्ति

भदोही। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र 33/11 केवीए चौरी से निकलने वाले 11 केवीए फीडर मई पर विद्युत तार बदलने का कार्य किया जाएगा। प्रेस नोट के माध्यम से क्षेत्र के विद्युत एसडीओ विजय कुमार यादव ने बताया कि तार बदलने का कार्य होने की वजह से अमवा खुर्द, पचपटीया, मई मुलईपुर, मगापुर, जहूपुर आदि जगहों की विद्युत सप्लाई मंगलवार 4 मार्च को सुबह दस बजे से पाँच बजे तक बन्द रहेगी। एसडीओ विजय कुमार यादव ने उक्त क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सुबह दस बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य कर लें।

टास्क फोर्स की बैठक में एडीएम ने दिया निर्देश

भदोही। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व कुंवर वीरेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में जनपदीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम ने बाल बंधुवा श्रम में अब तक हुई प्रगति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। एडीएम ने कहा कहीं पर भी बाल श्रम से संबंधित कोई समस्या संज्ञान में आए तो उसे जनपद स्तरीय गठित टास्क फोर्स को अवगत कराते हुए अविलंब विधि कार्रवाई कराए। इसी क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी जे पी सिंह ने विस्तार पूर्वक बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के अंतर्गत की गई कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत किया। जिसमें यह बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 43 प्रतिष्ठानों से बाल किशोर श्रमिक चिन्हित किए गए, जिसमें 49 स्थानीय एवं 14 प्रवासी पाए गए। कुल 30 अभियोजन दायर किया गया, जिसमें 13 में निर्णय पारित हुआ है, तथा न्यायालय द्वारा दंड अधिरोपित की गई। अर्थ दंड की कुल धनराशि रुपया 95000 जमा कराया गया। इस अवसर पर शुक्ल कानीजिया डीपीओ भदोही, दीपक कुमार, पीसी उपाध्याय अध्यक्ष न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, हरिदत्त पांडेय प्रभारी मनोज कुमार जिला समन्वयक/सदस्य टास्क फोर्ट सदस्य भदोही मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान वाराणसी, इंदजीत तिवारी, हरिलाल पाल सदस्य जिला टास्क फोर्स कमेटी रामविलास बिंद आदि उपस्थित रहे।

डीघ ब्लॉक कार्यालय में राम कैलाश तिवारी ने ग्राम प्रधान पद की शपथ ली

ज्ञानपुर। डीघ ब्लॉक कार्यालय में सोमवार को बनकट उपरवार के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान राम कैलाश तिवारी को शपथ दिलाई गई। उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने बीडीओ बजेश नारायण त्रिपाठी के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ग्राम प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव मे दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें राम कैलाश तिवारी विजयी रहे। शपथ ग्रहण समारोह में एड एसटी विपिन त्रिपाठी, पीओ पंचायत प्रदीप कुमार सुमन समेत कई अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रधान को ग्राम विकास से जुड़ी जिम्मेदारियों की जानकारी दी और सरकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की अपील की। राम कैलाश तिवारी ने ग्रामवासियो का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की और कहा कि गांव की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

किसी को सूचना नहीं, पीस कमेटी की बैठक संपन्न

सुजानगंज। नवागत थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में सोमवार को थाना परिसर में बिना किसी को सूचना दिए शांति समिति की बैठक संपन्न कर ली गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हिन्दू, मुस्लिम त्योहारों को देखते हुए थाने पर पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक की सूचना न किसी धर्म गुरुओं को हुई और न ही क्षेत्रीय लोगों को दी गई। बैठक में कुछ विशेष थाने पर आने जाने वाले लोग ही रहे। मजे की बात तब सामने आई जब क्षेत्रीय पत्रकारों को भी सूचना नहीं दी गई। बैठक में सिर्फ खानापूर्ति करके बैठक समाप्त कर दी गई।

विवादित जमीन पर मकान के निर्माण को लेकर चाचा भतीजे में मारपीट

जफराबाद। क्षेत्र के रसूलही गंव में सोमवार को मकान के निर्माण को लेकर चाचा भतीजे मे जमकर बवाल हुआ। दोनो एक दूसरे से मारपीट पर आमादा हो गए। सूचना पाकर पहुची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। उक्त गांव निवासी हरिनाथ यादव के नौ भाइयों में पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कोर्ट में बंटवारे का मुकदमा भी चल रहा है। प्रदीप यादव पुत्र बसंतलाल यादव अपने रिहायशी पतरे के छपर को ठीक करवा रहा था। उसके चाचा हरिनाथ यादव उसे छप्पर बनवाने से रोकने लगे। इसी बात पर दोनो में झड़प हो गई। दोनों तरफ से लाठी डंडे निकल गए। विवाद बढ़ता देखकर किसी ने घटना की सूचना थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव को दे दिया जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदीप व हरिनाथ को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया की दोनों पक्षों को डांट फटकार कर शांत कराया गया तथा हिरासत में लिए गए हरिनाथ यादव एवं प्रदीप का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओ/लखनऊ / एनपी - 78/2011-13।

किराया जमा नही करने पर दुकान सील

वाराणसी। नगर निगम ने बकाया किराया जमा नही करने पर जहां शीतला मार्केट की दुकान को सील कर दी है,वही उसे अब नीलाम किए जाने की कार्रवाई करने में जुट भी गया है। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर गुरूवार को नगर निगम की टीम सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव के नेतृत्व में शीतला मार्केट में पहुंचा। जहां मो. नसीम के नाम आवंटित दुकान नम्बर 9 के दुकान का बकाया किराया कुल रु. 64268/- नही जमा किए जाने पर जहां दुकान सील कर दिया,वही नीलाम करने की कार्रवाई करेंगा। इसके पूर्व नगर निगम ने किरायेदार को दुकान का किराया जमा करने हेतु कई बार नोटिस जारी किए जाने किया था इसके बाद भी मो. नसीम ने किराया जमा नही किया। सहायक नगर आयुक्त ने बताया है कि दुकान नम्बर 9 की नीलामी करायी जायेगी तथा सम्बन्धित दुकानदार मो. नसीम से किराया वसूल किया जायेगा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे अपने भवन और दुकानों का किराया जमा कर दें अन्यथा उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

नीलामी की दी चेतावनी

नगर निगम ने पहले दी नोटिस फिर की कार्रवाई

18 बेड डेंगू वार्ड दीनदयाल में आरक्षित

वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में 18 बेड का डेंगू वार्ड रिजर्व कर दिया गया है। क्योंकि पिछले दिनों एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिससे संबंधित महकमा अलर्ट हो गया था। हालांकि दूसरी जांच में मरीज की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद लोगों ने राहत के सांस ली। अस्पताल में ब्लड की निःशुल्क जांच होती है।

ब्लड देने के 6 से 7 घंटे में हो रिपोर्ट मिल जा रही है। और डेंगू पॉजिटिव आने पर उस मरीज के लिए अलग से व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। जिसका निरीक्षण सोमवार अस्पताल के सीएमएस डॉ बृजेश कुमार ने किया। और सभी जरूरी उपकरण सहित दवाएं वार्ड में ही रखने का निर्देश दिया। साथ ही एक डॉक्टर सहित दो मेडिकल स्टाफ को रेगुलर ड्यूटी के लिए नामित कर दिया। हर बेड पर मच्छरदानी लगाने सहित साफ सफाई करने का निर्देश भी दिया। वार्ड में एक जगह टूटे हुए शीशे को तुरंत लगाने का भी निर्देश दिया। जिससे किसी भी मरीज की पॉजिटिव रिपोर्ट आते ही उसे अस्पताल में भर्ती किया जा सके।

चौपाल में उठा स्वास्थ्य व पेजयल का मुद्दा

पनपे प्रश्न

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा चेहरा में चौपाल में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

जनसंदेश न्यूज

पिंडरा। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा चेहरा में सोमवार को लोकजन सोशलिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल व स्वास्थ्य का मुद्दा जोरशोर से उठाया। चौपाल में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वीरेंद्र विश्वकर्मा ने जनसमस्याओं के बाबत ग्रामीणों से जानकारी ली और कहा कि गांव में अभी भी पेयजल, शिक्षा एवं चिकित्सा की सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। युवाओं के लिए खेल के मैदान की भी व्यवस्था न होने पर सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाज में समान शिक्षा प्रणाली पर विचार करना होगा। सरकारी व गैर सरकारी और जनप्रतिनिधियों को अपने बच्चों को प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने से ही समानता आएगी। किसी समाज के विकसित होने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा की अहम भूमिका होती है। संचालन जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान घनश्याम यादव, डा. कपिल यादव, श्याम धनीराम, रविशंकर प्रजापति, धर्मेंद्र पटेल, रमेश कनौजिया, सुखदेव राजभर व राजेश विश्वकर्मा, पिंटू यादव, सुशील यादव समेत अनेक ग्रामीण रहे।

होली को छोड़ अन्य दिन खुलेंगे जोनल ऑफिस

वाराणसी। सिर्फ होली के अवकाश के अलावा हर दिन नगर निगम के जहां सभी जोनल कार्यालय खोला जाएगा। वहीं पूरे दिन गृहकर जमा किया जाएगा। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने लक्ष्य के अनकूल टैक्स की वसूली नही किये जाने पर नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने शहर के सभी जोन टैक्स कलेक्शन कार्यालय को खोले जाने और लोगो के गृहकर जमा कराए जाने का निर्देश दिया है।

52 बिगहवा के जंगल के कूड़े में लगी आग

जनसंदेश न्यूज

रामनगर । रामनगर दुर्ग के कोटो पुर में स्थित सेना नायक आवास के पीछे दुर्ग के 52 बिगहवा नाम से प्रचलित जंगल की भूमि पर बड़ी मात्रा में फेंकी गई रबड़ और प्लास्टिक कचरे में आग लग गई जो देखते ही देखते विकराल हो गई। काले धुंआ का गुब्बार वाराणसी के अस्सी घाट तक लोगों ने देखी और सोशल मीडिया पर डालने के बाद जानकारी करने वाले थाने के साथ ही लोगों से पूछते दिखे।वैसे इस आग से कोई जन हानि या नुकसान नहीं हुआ। बताते हैं कि 36, वीं वाहिनी पीएसी के सेना नायक के आवासीय परिसर के पीछे दुर्ग की कई एकड़ में फैला बबूल का जंगल है।इसे 52 बिगहवा के नाम से भी जाना जाता है।इसी में लोग चप्पल बनाने वाले रबर और अन्य प्लास्टिक का कचरा पिछले काफी दिनों से फेंका गया था।इसी में किसी ने आग लगा दी जो धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। काली धुंआ का गुब्बार कई किलोमीटर दूर तक देखा गया।

विश्व श्रवण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

पिंडरा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव पर विश्व श्रवण दिवस के अवसर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेर मोहम्मद ने कान को सुरक्षित रखने के लिए जागरुक करते हुए बताया कि कान में बदबू होना या खून आना गंभीर रोग के लक्षण हो सकते हैं तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कारण वही डा. ममता ने कहा कि मवाद को साफ और नरम कपड़े से साफ करें प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ आर.के.यादव ने बताया कान में पानी न जाने दे और किसी प्रकार का तरल पदार्थ ना डालें स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दिवाकर वर्मा ने कहा कि बच्चा कक्षा में ध्यान दे तो हो सकता है वह कम सुनता हो इस अवसर पर डाक्टर पूनम सिंह, डॉ. आशीष द्विवेदी, मनीष मिश्रा, मनोज शर्मा, राजकुमार, कमला सिंह, शशिकला,सीमा सरोज, अभिनव यादव, विशाल आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीणों की लड़ाई में हर संभव मदद करेगी कांग्रेस

दिया आश्वासन

उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में चहारदीवारी का विरोध करने वाले ग्रामीणों पर लाठीचार्ज व रपट दुर्भाग्यपूर्ण

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के उत्तरी ककरमत्ता क्षेत्र में रविवार को बरेका प्रशासन की ओर से चहारदीवारी बंद किए जाने का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किए जाने व आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर 40 से 50 अज्ञात ग्रामीणों पर केस दर्ज करना पूरी तरह गलत है। आम लोगों के साथ यह व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। पीड़ित लोगों से सोमवार को मिलने पहुंचे कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी लड़ाई में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार से मिलने के पश्चात जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की नाकामी के कारण वार्ड नंबर 38 ककरमत्ता उत्तरी के निवासियों पर ट्रिपल इंजन की सरकार का कहर और तांडव मचा हुआ है। बरेका प्रशासन की तानाशाही तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व नाकामी के कारण ककरमत्ता उत्तरी का रास्ता बंद कर दिया गया है तथा आरपीएफ द्वारा ककरमत्ता उत्तरी के निवासियों पर क्षेत्र में घुसकर लाठीचार्ज करना, महिलाओं के साथ बदतमीजी करना, नौजवानों को पकड़ कर ले जाने के खिलाफ, सत्ताधारी दल का कोई भी प्रतिनिधि बरेका प्रशासन के उच्च अधिकारियों के इस अमानवीय कार्यों के खिलाफ खड़ा नहीं हो रहा है।

इस प्रकरण में कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद करने को तैयार है। तीन वर्ष पूर्व में कांग्रेस के आंदोलन के कारण बरेका प्रशासन पीछे हटा था, जबकि इस बार कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पिछले दिनों गेट बंद न होने का आश्वासन नागरिकों को दिया था। वह भी इस मुद्दे पर चुप हैं। इस पूरे प्रकरण में स्थानीय बीजेपी जनप्रतिनिधियों की नाकामी साफ जाहिर होती है। उत्तरी ककरमत्ता के निवासियों के अंदर डर व भय का माहौल व्याप्त है। कांग्रेस पार्टी पीड़ितों संग खड़ी है। इस प्रकरण पर नजर बनाए रखने व पीड़ितों संग हर संभव लड़ाई लड़ने के लिए महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे द्वारा महानगर उपाध्यक्ष वकील अंसारी को कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि नियुक्त गया है,जो लगातार पीड़ित के संपर्क में रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ओम प्रकाश ओझा, वकील अंसारी, सतनाम सिंह, अनुराग यादव, अरोहित दुबे, आशीष गुप्ता, अनिता आर्य, मो उज्जैर, कृष्णा गौड़, आशीष पटेल, किशन यादव आदि शामिल रहे।

छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, डूबने से मौत की पुष्टि

मिर्जामुराद। अमिनी गांव में मुकेश प्रजापति के 15 वर्षीय पुत्र शनि की मौत के मामले में सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया।मिर्जामुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छात्र के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया है रिपोर्ट में छात्र का मौत कुएं में डूबने से हुई है।वही दूसरे तरफ परिजनों का आरोप है कि मौत के पीछे छात्र के साथ पढ़ने वाले तीनों दोस्तो के का ही हाथ है अगर पुलिस सही से जांच-पड़ताल करे तो सच्चाई सामने आ जायेगी।चौकी प्रभारी करचना रोहित दूबे ने बताया कि जिन किशोरों पर मृतक शनि के परिजनों आरोप लगा रहे है उन सभी का हाईस्कूल का पेपर चल रहा है।मंगलवार के बाद पूछताछ के लिए उनको बुलाया गया है।पूछताछ पुलिस द्वारा किया जाएगा।

छात्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने की मांग

डिमांड

शिवसेना कार्यकर्ताओ ने सीएम के नाम संबोधित मांग पत्र कमिश्नर को सौंपा

वाराणसी। शिवसेना पार्टी (एकनाथ शिंदे) गुट के काशी प्रांत के संगठन मंत्री गौरव शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को शिव सैनिकों ने कचहरी से कमिश्नर कार्यालय तक पहुंच कर कमिश्नर कौशल राज शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में केंद्रीय कारागार के समीप निर्माणाधीन तिराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने तथा तिराहे का नाम 'महाराज तिराहा' करने की मांग की। साथ ही प्रदेश के शिवसेना प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्रा ने छत्रपति महाराज की तस्वीर प्रतीक चिह्न एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा को सौंपा। इस पर उन्होंने शिवसेना कार्यकर्ताओं को तिराहे पर प्रतिमा लगाने का आश्वासन भी दिया। पत्रक सौंपने के बाद कार्यालय के बाहर प्रदेश प्रवक्ता डा. ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिवसेना कार्यकर्ता ऐतिहासिक शहर को उसके पुराने गौरव को वापस लाने का बीड़ा उठाया है। पत्रक सौंपने वालों में शिवसेना कार्यकर्ता समेत काशी प्रांत के संगठन मंत्री गौरव शुक्ला, मंडल प्रभारी अजय चौबे, जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह उर्फ अज्जू, महानगर अध्यक्ष धनंजय तिवारी उर्फ मुन्ना सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

काशी में कथा श्रवण कराएंगे बांके बिहारी मंदिर के पुजारी

आस्था

16 से 22 मार्च तक श्रृंगेरी मठ में होगा आयोजन

वाराणसी। वृन्दावन के बांकेबिहारी मन्दिर के शयन भोग सेवा अधिकारी पूज्य बृजेश गोस्वामी काशी में 16 मार्च से श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करायेंगे। मारवाड़ी युवा मंच गंगा वाराणसी द्वारा आयोजित होने वाली सप्ताहव्यापी भागवत कथा का आयोजन महमूरगंज स्थित श्रृंगेरी पीठ मठ में 16 मार्च से 22 मार्च तक किया जाएगा। सोमवार को श्रृंगेरी मठ में आयोजन समिति की बैठक में आयोजकों ने तैयारियों के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की और दायित्व का निर्धारण किया। कथा के मुख्य यजमान आनन्द स्वरूप अग्रवाल ने बताया कि कथा का शुभारंभ 16 मार्च को भागवत महात्म्य से होगा। दूसरे दिन पाण्डव चरित्र, कुन्ती चरित्र के अलावा शुकदेव आगमन की कथा श्रवण कराई जाएगी। तीसरे दिन सती चरित्र, ध्रुव चरित्र के साथ शिव विवाह की कथा होगी। चौथे दिन प्रभु श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव का उत्सव मनाया जाएगा। पांचवें दिन गिरिराज पूजन में छप्पन भोग की झाँकी सजायी जाएगी। छठें दिन महारास के साथ उद्धव चरित्र एवं रुक्मिणी विवाह का उत्सव होगा। सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम होगा।

संकल्प पाठ संग सोमवारीय रुद्राभिषेक

वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा संकल्पित प्रत्येक सोमवार को रुद्राभिषेक आराधना का अटूट क्रम निरंतर जारी है। सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में आचार्यों और शास्त्रियों ने शास्त्रोक्त विधि से पूजन-अर्चन सपन्न कराया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास का प्रतिनिधित्व करते हुए ट्रिप्टी फ्लैवटर श्री शम्भू शरण ने धाम में स्थित श्री अविमुर्क्तश्वर महादेव का रुद्राभिषेक न्यास द्वारा संकल्पित विशिष्ट उद्देश्य के संकल्प पाठ सहित किया। इस दौरान रुद्र मंत्रोच्चार से धाम गूंजायमान हो गया। कतार में लगे श्रद्धालु रहर हर महादेवर का जोरदार उद्घोष करते हुए श्री अविमुक्तेश्वर महादेव का दर्शन लाभ लेते रहे।

पर्याप्त टेंट नहीं लगाने से नागा साधु नाराज

वाराणसी। प्रयाप्त टेंट नही लगाए जाने पर नागा साधुओं की नाराजगी को देखते हुए सोमवार को नगर निगम के अधिकारी हनुमान घाट स्थित जूना अखाड़े पहुंचे। जहां स्थिति को देखा और कमियों को परख कर समस्या का निस्तारण किया। इसको लेकर अपर नगर आयुक्त सरिता यादव नगर निगम की टीम के संग हनुमान घाट स्थित जूना अखाड़े पहुंची। जहां नागा साधुओं से बार्ता की और प्रयाप्त टेंट लगाए जाने की मांग पर तत्काल टेंट लगाए जाने और व्यवस्था ठीक कराए जाने का निर्देश दिया।

मांगों के समर्थन में छह मार्च को डीआरएम आफिस पर धरना देंगे लोको पायलट

डीडीयू नगर। आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले मांगों के समर्थन में छह मार्च की दोपहर 12 बजे से लोको पायलट अपने परिवार के साथ डीआरएम ऑफिस पहुंचेंगे। एसोसिएशन के सचिव डीके मिश्र ने बताया कि प्रदर्शन को ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाई यूनियन, ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल का समर्थन मिलेगा।

स्वयं सहायता समूह करेगा सेंटर का संचालन

चंदौली। हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग उत्पादन इकाई का संचालन से अर्जित होने वाले लाभांश में अधिकृत स्वयं सहायता समूहों एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान केंद्र के माध्यम से 80 व 20 प्रतिशत के अनुपात हिस्सेदारी होगी। जिला उद्यान अधिकारी शीतल वर्मा ने बताया कि इसमें 20 फीसद स्वयं सहायता समूहों के महिला सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के साथ समय-समय पर स्थापित इकाई के मेंटेनेंस व अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। वहीं अधिकृत स्वयं सहायता समूह अर्जित होने वाला 80 प्रतिशत धनराशि इकाई के संचालन के लिए वर्किंग कैपिटल की व्यवस्था करेंगे। शेष धनराशि सदस्यों में मानदेय के रूप में वितरित की जाएगी।

शिक्षक की गिरफ्तारी को लेकर एसडीएम से मिले सपा जिलाध्यक्ष

लगाई गुहार

छात्रा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच मे जुटी

एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग करते सपाई।

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कॉलेज के एक शिक्षक पर छात्रा के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है। घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किये जाने पर लोगों में आक्रोश है। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर सपा नेता और राजभर समाज के साथ एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर शिक्षक के गिरफ्तारी और निलंबन की मांग उठाया। एसडीएम ने वैधानिक तरीके से उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। बीते दिनों सकलडीहा पीजी कॉलेज की एक छात्रा ने शिक्षक पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया गया था। छात्रों के काफी देर तक हो हल्ला मचाने के बाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी शिक्षक की गिरफ्तारी और निलंबन की कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों में आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर सपा नेताओं के साथ एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर शिक्षक को गिरफ्तारी और निलंबन की मांग उठाया। इसके साथ ही कोतवाली पुलिस पर छात्रा पर अनावश्यक दबाव न डालने की चेतावनी दिया। इस बावत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने वैधानिक कार्रवाई करने का भरोसा दिया। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष सुभाष यादव, छात्र नेता बाबूलाल यादव, केशव राजभर, सुबेदार राजभर, महेन्द्र राजभर, गोविंद सोनकर, डा.रामकेश, राय, श्रवण कुमार राजभर सहित अन्य रहे।

प्रशिक्षण में महिलाओं को दी पढ़ने-लिखने की बुनियादी जानकारी

नियमताबाद। वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के सहयोग से समर्पण संस्था द्वारा ग्राम पंचायत गुवास में 50 महिलाओं को जीवन कौशल अधिकार और साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें वंदरखा, गौरी, गुवास, सरने और जगदीशपुर उर्फ भटरिया की महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण में निर्णय लेने की क्षमता, संचार कौशल, आत्मविश्वास, अधिकारों की जानकारी, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे विषयों पर फोकस किया गया। महिलाओं को कानूनी अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें। प्रशिक्षण में महिलाओं को साक्षरता के महत्व के बारे में भी बताया गया। उन्हें पढ़ने, लिखने और गणना करने की बुनियादी शिक्षा दी गई, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें। शिक्षा ही सशक्तिकरण की कुंजी है, यह समझाते हुए उन्हें बैंकिंग, सरकारी योजनाओं, और अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त करने के लिए पढ़ाई का महत्व बताया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनर शाहजहाँ खान ने किया। समर्पण संस्था से रितेश कुमार सिंह, प्रदीप, रीता, सुनीता, संपिता, आरती और प्रेमलता ने सहयोग किया। यह प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे वे जीवन कौशल, अपने अधिकारों और साक्षरता के माध्यम से आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

हाईटेक मिनी सेंटर में तैयार होगी मौसमी सब्जियों की नर्सरी

व्यवस्था

सेंटर स्थापित करने को उद्यान विभाग तलाश रहा जमीन

किसानों की आय में वृद्धि व रोजगार की बनेगी संभावनाएं

चंदौली। जिले में मौसमी सब्जियों की नर्सरी तैयार करने के लिए इजराइली तकनीक पर आधारित हाईटेक मिनी सेंटर बनाया जाना है। करीब 162.41 लाख की लागत से हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग उत्पादन इकाई (मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल) स्थापित करने के लिए मुख्यालय पर जमीन चिह्नित की गई थी। लेकिन तकनीकी कारणों से अब हाईटेक मिनी सेंटर को अन्य जगह स्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके लिए फतेहाल चकिया और सकलडीहा तहसील में क्षेत्र में जमीन तलाशी गई है। हालांकि भूमि चयन को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। आकांक्षी जिले में किसानों की आय दोगुनी करने और रोजगार की संभावना के दृष्टिगत प्रदेश सरकार की ओर से शंकर शाकभाजी व बेहन उत्पादन के लिए इजराइली तकनीक पर आधारित हाईटेक नर्सरी व हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग उत्पादन इकाई की स्थापना कराया जा रहा है। इसके तहत उद्यान विभाग की ओर से मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल का निर्माण कराया जा रहा है। इस सेंटर का निर्माण मनरेगा योजना के धन से कराया जाएगा। इसमें 162.41 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 6.39 श्रमांश में और 156.02 लाख रुपये सामग्री में खर्च होंगे। सेंटर निर्माण के बाद उसमें मौसमी सब्जियों की नर्सरी तैयार की जाएगी। ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता की लौकी, नेनुआ, मिर्च, टमाटर, करैला आदि अन्य सब्जियां मुहैया करायी जाएगी। इससे रोजगार के सृजन होंगे। किसानों की आय दोगुनी होगी। साथ धान का कटोरा सब्जी के क्षेत्र में भी पहचान बनाएगा। मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल का निर्माण के लिए विकास भवन के पास जमीन चिह्नित की गई थी। लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते अब अन्य जगह पर जमीन की तलाश की जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर चकिया और सकलडीहा तहसील में क्षेत्र में जमीन तलाशी गई है।

हालांकि भूमि चयन को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। जमीन चयनित होते ही उद्यान विभाग की ओर से मिनी सेंटर आफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि हाईटेक वेजीटेबल सीडलिंग उत्पादन इकाई स्थापित कराने के लिए चकिया और सकलडीहा तहसील क्षेत्र में जमीन देखी गई है। इसके लिए उद्यान विभाग की ओर से प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही हाईटेक मिनी सेंटर का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।